पड़ोस (पड़ौस)	पु.	किसी प्रदेश, स्थान आदि से सटा हुआ अथवा उसके आसपास का स्थान।	কাষৰীয়া বা লগালগি হৈ থকা ঠাই	काषरीया वा लगालगि है थका ठाइ	neighbourhood, vicinity.
पड़ोसिन	स्त्री.	पड़ौस में रहनेवाली स्त्री।	চুবুৰীয়া তিৰোতা	चुबुरीया तिरोता	a female neighbour.
पड़ोसी (पड़ौसी)	पु.	पड़ौस में रहनेवाला।	চুবুৰীয়া লোক	चुबुरीया लोक	neighbour.
पढ़ना	स.क्रि.	1. लिखे हुए अक्षरों या शब्दों का क्रम से उच्चारण करना;	পঢ়;	पढ़;	to read;
		2. अंकित, मुद्रित या लिखित चिह्नों, वर्णों आदि को देखते हुए उनका अर्थ और आशय जानना तथा समझना;	পাঠোদ্ধাৰ কৰ;	पाठोद्धार कर;	to make out, to decipher, to talk;
		3. किसी विषय या शास्त्र के बारे में जानने के लिए उसका विधिवत् अध्ययन करना;	অধ্যায়ন কৰ;	अध्ययन कर;	to study;
		4. नया सबक सीखना।	(নতুন পাঠ) শিক	(नतुन पाठ) शिक	to learn (new thing).
पढ़वाना	स.क्रि.	किसी को पढ़ने या पढ़ाने में प्रवृत्त करना।	পঢ়া	पढ़ा	to cause (one) to be taught.
पढ़ाई	स्त्री.	1. पढ़ने की क्रिया या भाव;	পঢ়ন, পঢ়ৰ কাৰ্য্য;	पढ़न, पढ़ा कार्य्य;	study;
		2. पढ़ाने की क्रिया, भाव या पारिश्रमिक;	অধ্যাপনা, পঢ়োৱাৰ মাচুল;	अध्यापना, पढ़ोवार माचुल;	tuition fee;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. पढ़ाया जानेवाला विषय या सिखलाई जानेवाली कला।	শিক্ষা, শিক্ষণ	शिक्षा, शिक्षण	education, learning.
पढ़ाना	स.क्रि.	शिक्षा देना, कोई विषय या बात सिखाना।	শিকা	शिका	to teach, to instruct.
पणन	पु.	1. खरीदने, बेचने की क्रिया;	বেচা-কিনা;	बेचा-किना;	purchasing, buying;
		2. बाजी या शर्त लगाने की क्रिया या भाव।	পণ কৰা বা বাজী ৰখা কাৰ্য্য	पण करा वा वाजी रखा कार्य्य	betting.
पण्य	पु.	1. विक्रय वस्तु, सौदा;	পণ্য, বিক্ৰয়ৰ বস্তু;	पण्य विक्रयर वस्तु;	saleable thing, commodity;
		2. व्यापार, रोजगार;	বেপাৰ, কাৰবাৰ;	वेपार, कारबार;	trade, business;
		3. दुकान।	দোকান	दोकान	shop.
	वि.	क्रय-विक्रय के योग्य।	বেচা কিনাৰ যোগ্য	बेच किनार जोग्य	marketable.
पतंग	पु.	1. सूर्य;	সূৰ্য্য;	सूर्य्य;	the sun;
		2. चिड़िया, पक्षी।	চৰাই	चराइ	bird.
	स्त्री.	बांस की कमानियों के ढाँचे पर कागज मढ़कर बनाई हुई वस्तु जिसे तागे से बांधकर हवा में उड़ाते हैं।	চিলা	चिला	paper kite.
पतंगबाज	पु.	जिसे पतंग उड़ाने का शौक या व्यसन हो।	চিলা উৰুৱাত পাকৈত	चिला उरोवात पाकैत	kite-flier.
पतंगा	पु.	1. एक प्रकार का उड़ने वाला कीड़ा;	পতংগ, পখিলা;	पतंग, पखिला;	moth;
		2. चिनगारी।	ফিৰিঙতি	फिरिङति	a spark (of fire) a live coal.
पतझड़	पु.	1. शिशिर ऋतु जिसमें पेड़ों की पत्तियां झड़ जाती हैं;	শীতকাল;	शीतकाल;	autumn;
		2. उन्नति के उपरांत होनेवाला ह्रास।	অৱনতি	अवनति	fall

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पतन	पुं.	1. ऊपर से नीचे आने या गिरने का भाव, अधोगति;	পতন, অধোগতি;	पतन, अधोगति;	downfall, fall;
		2. स्तुत्य आचरण को छोड़कर हीन आचरण में प्रवृत होना;	স্খলন, পতন;	स्खलन, पतन;	falling from dignity, virtue;
		3. जाति, राष्ट्र आदि का ऐसी स्थिति में आना कि उसकी प्रभुता और महत्ता नष्टप्राय हो जाए।	অৱনতি, পতন	अवनति, पतन	decline.
पतला	वि.	1. कृश, संकरा, बारीक;	পাতলু, লঘু;	पातलु, लघु;	thin, fine, flimsy;
		2. जो गाढ़ा न हो, जिसमें जलीय अंश का आधिक्य हो।	পনীয়া	पनीया	liquid, diluted.
पतवार	स्त्री.	नाव में पीछे की ओर लगी हुई वह तिकोनी लकड़ी जिसके द्वारा नाव को इधर-उधर घुमाते हैं और मोड़ते हैं।	গুৰিৰ'ঠা	गुरिब'ठा	rudder, helm.
पता	पुं.	1. किसी वस्तु, स्थान या व्यक्ति का ऐसा परिचय जो उसे पाने, ढूंढने या उसके पास तक समाचार पहुंचाने में सहायक हो;	ঠিকনা, থকা ঠাই;	ठिकना, थका ठाइ;	whereabouts;
		2. पत्र आदि की पीठ पर लिखा जाने वाला पाने वाले का नाम आदि जिसके सहारे वह उसके पास पहुंच जाता है;	ঠিকনা;	ठिकना;	address;
		3. किसी अज्ञात व्यक्ति, विषय आदि के संबंध में ऐसी जानकारी जो अभी तक प्राप्त न हुई हो और जिसे प्राप्त करना अभीष्ट या आवश्यक हो।	খবৰ, বাতৰি	खबर, बातरि	information, knowledge.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पताका	स्त्री.	लकड़ी आदि के डंडे के सिरे पर पहनाया जानेवाला वह तिकोना या चौकोना कपड़ा जिस पर प्रायः किसी राजा, राष्ट्र या संघ आदि का बोधक चिन्ह बना रहता है।	পতাকা	पताका	flag, banner.
पता-ठिकाना	पुं.	दे. 'पता'।	ঠিকনা, খা-খবৰ	ठिकना, खा-खबर	see 'पता'.
पति	पुं.	1. किसी वस्तु का मालिक या स्वामी;	মালিক, গৰাকী;	मालिक, गराकी;	master;
		2. स्त्री की दृष्टि से वह पुरुष जिसके साथ उसका विधिवत् विवाह हुआ हो।	পতি, স্বামী	पति, स्वामी	husband.
पतित (स्त्री.पतिता)	वि.	1. ऊपर से नीचे आया या गिरा हुआ;	সৰি পৰা;	सरि परा;	dropped, descended;
		2. जाति, धर्म, आचार आदि से च्युत;	পতিত;	पतित;	fallen (in a moral sense);
		3. बहुत बड़ा अधम,नीच या पापी।	অধম, পাপী	अधम, पापी	wicked, sinner.
पतिव्रत	पुं.	पति के प्रति अनन्य निष्ठा या भक्ति।	পতিব্ৰত, পতিভক্তি	पतिव्रत, पतिभक्ति	fidelity to husband, chastity.
पतिव्रता	वि.	पति में अनन्य श्रद्धा, अनुराग रखनेवाली साध्वी स्त्री।	পতিব্ৰতা, সতী	पतिव्रता, सती	faithful wife, virtuous wife.
पतीला	पुं.	तांबे, पीतल, आदि का ऊंचें तथा खड़े किनारेवाला और गोल घेरेवाला एक प्रसिद्ध बरतन।	ঢৌ হাড়ী	ढौ, हाड़ी	copper or brass pot or pan with a wide mouth, cauldron.
पतीली	स्त्री.	छोटा पतीला।	সৰু ঢৌ	सरु टौ	cooking vessel, kettle.
पतुरिया	स्त्री.	वेश्या, कुलटा, दुश्चरित्रा।	বেশ্যা, দুশ্চৰিত্ৰা	वेश्या, दुश्चरित्रा	prostitute, harlot.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पतोहू	स्त्री.	पुत्रवधू।	বোৱাৰী	बोवारी	son's wife, daughter-in-law.
पत्तन	पु.	1. वायु अथवा जलपोतों के ठहरने का स्थान;	বন্দৰ;	बन्दर;	port;
		2. नगर, शहर।	নগৰ	नगर	town, city.
पत्तल	स्त्री.	1. पलाश, महुए आदि के पत्तों की सीकों से जोड़कर थाली के सदृश बनाया हुआ गोलाकार आधार;	পটুৱা, পাতৰ দোনা;	पटुवा, पातर दोना;	plate made of leaves;
		2. पत्तल में रखी हुई खाद्य सामग्री;	পটুৱত দিয়া খাদ্য;	पटुवत दिया खाद्य;	food served on such a plate;
		3. उतना भोजन जितना एक साधारण आदमी करता हो।	এজনে খাব পৰা জোখাৰে খাদ্য	एजने खाव परा जोखारे खाद्य	a meal sufficient for a person.
पत्ता	पु.	1. पेड़ों की शाखाओं में लगने वाले। चपटे पतले लचीले अवयव जिनके कारण छाया होती है;	পাত;	पात;	leaf;
		2. ताश।	তাচ পাত	ताच पात	playing cards.
पत्ती	स्त्री.	1. छोटा पत्ता;	সৰু পাত;	सरु पात;	small leaf,
		2. साझे का हिस्सा;	অংশ;	अंश;	share;
		3. लकड़ी, धातु आदि का छोटा पत्ता।	চটা, পাট	चटा, पाट	a leaf or thin plate (of metal).
पत्थर	पु.	1. धातु से भिन्न-कड़ा ठोस और भारी भूद्रव्य जो प्रायः खानों या पर्वतों को काटकर निकाला जाता है;	শিল;	शिल;	stone;
		2. पत्थर के समान कड़ा और भारी।	বৰ টান আৰু গধুৰ	बर टान आरु गधुर	hard and heavy
पत्नी	स्त्री.	पुरुष की दृष्टि से वह स्त्री जिसके साथ उसका विवाह हुआ हो, भार्या।	পত্নী, ভাৰ্য্যা	पत्नी, भार्य्या	wife.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पत्नीव्रत	पु.	विवाहिता स्त्री के अतिरिक्त अन्य किसी स्त्री से सम्बन्ध न रखने का व्रत।	পত্নীব্ৰত	पत्नीब्रत	vow to be loyal to one's wife, fidelity (to one's wife).
पत्र	पु.	1. वृक्ष का पत्ता;	গছৰ পাত;	गछर पात;	leaf (of a tree);
		2. चिट्ठी;	চিঠি;	चिठि;	letter ;
		3. किसी धातु की पट्टी या पत्तर;	পাট, চটা;	पाट, चटा;	any thin leaf or plate of metal;
		4. पुस्तक आदि का पृष्ठ, पन्ना;	পৃষ্ঠা, পিঠি;	पृष्ठा, पिठि;	page;
		5. कागज या धातु की पट्टी जिस पर किसी व्यवहार के विषय में कोई प्रामाणिक लेख लिखा हो या खुदवाया गया हो;	কাগজ;	कागज;	paper;
		6. समाचारपत्र या अखबार;	বাতৰি কাকত;	वातरि काकत;	newspaper;
		7. पंख।	পাখি, ডেউকা	पाखि, डेउका	the wing of a bird, pinion, feather.
पत्रकार	पु.	वह व्यक्ति जो समाचारपत्रों को नित्य नए समाचारों की सूचना देता, उन पर टीका-टिप्पणी करता अथवा उनको सम्पादित करता हो।	সাংবাদিক	सांवादिक	journalist.
पत्रकारिता	स्त्री.	1. पत्रकार होने की अवस्था या भाव;	সাংবাদিকতা;	सांवादिकता;	state of being a journalist;
		2. वह विद्या जिसमें पत्रकारों के कार्यों, कर्त्तव्यों आदि का विवेचन होता है।	সাংবাদিকতা (বিদ্যা)	सांवादिकता (विद्या)	journalism.
पत्र-पत्रिका	स्त्री.	दैनिक समाचार-पत्र एवं मासिक, पाक्षिक अथवा साप्ताहिक प्रकाशित होने वाले प्रकाशन।	আলোচনী	आलोचनी	periodicals (magazines etc.)
पत्र-पुष्प	पु.	1. सामान्य या तुच्छ उपहार;	ক্ষুদ্ৰ উপহাৰ, সামান্য মাননি;	क्षुद्र उपहार, सामान्य माननि;	token gift etc;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. सत्कार या पूजा की बहुत ही साधारण सामाग्री।	অভ্যৰ্থনা বা পূজাৰ অতি সামান্য আয়োজন	अभ्यर्थना वा पूजार अति सामान्य आयोजन	token of hospitality.
पत्रमित्र	पु.	दूरस्थ ऐसे व्यक्ति जिनकी मित्रता पत्रव्यवहार के कारण ही होती है, साक्षात्कार के कारण नहीं।	পত্ৰ-বন্ধ	पत्र-बन्धु	pen-friend.
पत्रवाहक	पुं.	पत्र ले जानेवाला।	পত্ৰবাহক	पत्रवाहक	bearer of letter, postman.
पत्रव्यवहार	पुं.	परस्पर एक दूसरे को पत्र लिखना अथवा आए हुए पत्रों के उत्तर देना।	চিঠিৰ যোগাযোগ, আদান-প্ৰদান	चिठिर जोगाजोग, आदान-प्रदान	correspondence.
पत्रा	पुं.	पंचांग, तिथि-पत्र।	পঞ্জিকা	पंजिका	almanac, ephemeris, calendar.
पत्राचार	पुं.	पत्रव्यवहार।	চিঠিৰ আদান-প্ৰদান	चिठिर आदान-प्रदान	correspondence.
पत्रिका	स्त्री.	1. प्रायः नियमित रूप से निकलने वाली ऐसी पुस्तिका जिसमें विभिन्न विषयों पर लेख, कहानियां आदि होती हैं,	আলোচনী, পত্ৰিকা;	आलोचनी, पत्रिका;	magazine, periodical, journal;
		2. चिट्ठी, खत;	চিঠি;	चिठि;	letter;
		3. कोई छोटा लेख।	সৰু দলীলপত্ৰ	सरु दलीलपत्र	document.
पत्री	स्त्री.	1. चिट्ठी, खत;	টোকা;	टोका;	note, letter;
		2. कोई छोटा लेख।	সৰু টোকা বা দলীল	सरु टोका वा दलील	document.
पथ	पुं.	1. मार्ग, रास्ता, राह;	পথ, ৰাস্তা;	पथ, रास्ता;	path, way, road;
		2. कार्य या व्यवहार की पद्धति।	পদ্ধতি	पद्धति	method.
पथ-प्रदर्शक	पुं.	राह दिखाने वाला, किसी कार्य या व्यवहार की पद्धति बताने वाला।	পথ-প্ৰদৰ্শক	पथ-प्रदर्शक	guide.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पथ-प्रदर्शन	पु.	पथ-प्रदर्शन का कार्य या भाव।	পথ-প্ৰদৰ্শন	पथ-प्रदर्शन	guidance.
पथभ्रष्ट	वि.	1. जो मार्ग भूल गया हो;	পৰুৱাই পোৱা;	परुवाइ पोवा;	one who has gone out of track;
		2. न्याय मार्ग अथवा आचरण से विमुख।	পথভ্ৰষ্ট	पथभ्रष्ट	fallen.
पथराना	अ.क्रि.	1. सूखकर पत्थर की तरह कड़ा हो जाना;	শুকাই কিৰকিৰীয়া টান হ;	शुकाइ किरकिरीया टान ह;	to become hard;
		2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतना-शून्य हो जाना, जड़ हो जाना।	শিল হৈ যা, জড় হৈ পৰ	शिल है जा, जड़ है पर	to harden into stone;
पथराव	पु.	1. किसी पर बार-बार पत्थर के टुकड़े फैंके जाने की क्रिया;	শিল বৰ্ষণ;	शिल बर्षण;	stoning, pelting stones;
		2. पत्थर की तरह स्तब्ध और चेतनाशून्य होने की दशा या भाव।	জঠৰতা, চেতনাহীনতা	जठरता, चेतनाहीनता	condition or state of being stony.
पथरी	स्त्री.	एक प्रकार का रोग जिसमें मूत्राशय में पत्थर के टुकड़ों के समान कोई चीज उत्पन्न हो जाती है जिसके फलस्वरूप पेशाब रुक रुक कर और कष्ट से होता है, कभी-कभी बन्द भी हो जाता है।	পাথৰী (ৰোগ)	पाथरी (रोग)	stone.
पथरीली	वि.	जिसमें पत्थर के टुकड़े मिले हों, पत्थर के टुकड़ों से युक्त।	শিলাময়	शिलामय	stony, rocky.
पथिक	पु.	बटोही, राही।	বাটৰুৱা, পথিক	बाटरुवा, पथिक	traveller, wayfarer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पथ्य	वि.	1. (आहार-व्यवहार) जो स्वास्थ्य, विशेषतः रोगी की स्वास्थ्य-रक्षा के विचार से आवश्यक या उचित हो;	পথ্য;	पथ्य;	light (meal, diet);
		2. लाभदायक, हितकर।	হিতকৰ, উপকাৰী	हितकर, उपकारी	proper, suitable.
	पु.	1. वह हल्का भोजन जो अस्वस्थ या रोगी व्यक्ति को दिया जाए;	লঘু আহাৰ;	लघु आहार;	wholesome food (for a patient);
		2. स्वास्थ्य के लिए हितकर खानपान और रहन-सहन।	পথ্য	पथ्य	diet conducive to health.
पथ्यापथ्य	पु.	रोग की अवस्था में हितकर और अहितकर।	পথ্যাপথ্য	पथापथ्य	wholesome and unwholesome.
पद	पु.	1. कदम, पांव, पैर;	ভৰি, পদ;	भरि, पद;	foot, footstep, step;
		2. चलते समय दो पैरों के बीच में होने वाली दूरी;	খোজ (দূৰত্ব);	खोज (दूरत्व);	pace, stride;
		3. जगह, स्थान;	ঠাই, স্থান;	ठइ, स्थान;	place;
		4. छंद, श्लोक आदि का चतुर्थांश;	ছন্দ বা শ্লোকৰ পাদ বা চতুৰ্থাংশ;	छन्द बा श्लोकर पाद बा चतुर्थांश;	a quarter or line of stanza, verse;
		5. वाक्य का अंश या खंड;	বাক্যাংশ;	वाक्यांश;	part, portion or division (as of a sentence);
		6. वह स्थान जिस पर रहकर कोई विशिष्ट कार्य करता हो, ओहदा, उपाधि।	পদ, পদবী	पद, पदबी	designation, status, rank, post.
पदक	पु.	सोने, चांदी या किसी और धातु का बना हुआ वह गोल या चौकोर टुकड़ा जो किसी व्यक्ति अथवा समाज को विशिष्ट योग्यतापूर्ण कार्य करने पर उसका सम्मान करने के लिए दिया जाता है, तमगा।	পদক, মেডেল	पदक, मेडेल	medal.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पदचिह्न	पुं.	चलने से जमीन पर पड़नेवाली छाप।	পদচিহ্ন	पदचिहन	foot-print, foot-mark.
पदच्युत	वि.	जो अपने पद या दर्जे से हटा दिया गया हो, जिसका पद छीन लिया गया हो।	পদচ্যুত, বৰ্খাস্ত	पदच्युत, बर्खास्त	dismissed, discharged from office.
पद-त्याग	पुं.	अपना पद या ओहदा छोड़ देना।	পদত্যাগ	पदत्याग	renunciation, abandonment of an office.
पद-दलित	वि.	1. पैरों से कुचला या रौंदा हुआ; 2. जिसे समाज ने दबाकर बहुत हीन अवस्था में रखा हो और उन्नति का अवसर न दिया हो।	পদ দলিত; পদ দলিত	पद दलित; पद दलित	trodden under foot; down-trodden.
पदनाम	पुं.	किसी पदाधिकारी के पद का सूचक नाम।	পদবি	पदवि	designation.
पदयोजना	स्त्री.	पदों या शब्दों को जोड़ना, चुन-चुन कर रखना।	পদ বিন্যাস	पद बिन्यास	arrangement of words.
पदविन्यास	पुं.	पदों या शब्दों के वाक्य में ठीक प्रकार से बैठाने या रखने की क्रिया या भाव।	পদ বিন্যাস	पद बिन्यास	disposition of words.
पदवी	स्त्री.	राज्य, संस्था आदि की ओर से किसी को दी जाने वाली आदर या योग्यता-सूचक उपाधि, खिताब।	উপাধি, খিতাপ	उपाधि, खिताप	title.
पदाधिकार	पुं.	किसी पद पर काम करने वाले को प्राप्त होनेवाला अधिकार।	পদাধিকাৰ	पदाधिकार	the power which the person has while working in a certain capacity.
पदाधिकारी	पुं.	वह जो किसी पद पर नियुक्त हो।	পদাধিকাৰী	पदाधिकारी	officer.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पदार्थ	पु.	1. चीज, वस्तु; 2. पद या शब्द का अर्थ।	পদাৰ্থ, বস্তু; শব্দাৰ্থ	पदार्थ, वस्तु; शब्दार्थ	thing or object; meaning of a word.
पदार्पण	पु.	प्रवेश, आगमन।	পদাৰ্পণ	पदार्पण	arrival, stepping-in.
पदावधि	स्त्री.	किसी पद पर किसी व्यक्ति के काम करते रहने की अवधि।	চাকৰিৰ কাল	चाकरिर काल	tenure, term of office.
पदावनति	स्त्री.	ऊंचे पद से हटाकर नीचे पद पर कर दिया जाना।	পদস্খলন, পদাৱনতি	पदस्थलन, पदावनति	reversion.
पदावली	स्त्री.	1. पदों या शब्दों की परम्परा, प्रयुक्त शब्द समूह; 2. गाये जानेवाले गीतों, भजनों आदि का संग्रह।	পদাৱলী ভজনাৱলী	पदावली; भजनावली	series of verses or words; collection of devotional songs.
पदेन	क्रि.वि.	पद पर रहने के नाते से, पद पर आरूढ होने के अधिकार से।	পদেন	पदेन	ex-officio.
पदोन्नति	स्त्री.	पद की वृद्धि, तरक्की।	পদোন্নতি	पदोन्नति	promotion, rise in rank or status.
पद्धति	स्त्री.	1. पथ, मार्ग, रास्ता; 2. रीति, प्रणाली, तरीका।	পথ; পদ্ধতি, প্ৰণালী	पथ; पद्धति, प्रणाली	path, road, course; method, system.
पद्म	पु.	1. कमल; 2. एक संख्या।	পদুম; এটা সংখ্যা	पदुम; एटा संख्या	lotus; a particular high number.
पद्मासन	पु.	एक प्रकार का योगासन जिसमें पालथी मारकर तनकर बैठते हैं।	পদ্মাসন	पद्मासन	particular posture in religious meditation.
पद्य	पुं.	गुण, मात्रा आदि के नियमों के अनुसार होनेवाली साहित्यिक रचना, छंदोबद्ध रचना।	পদ্য	पद्य	verse, poetry, a literary composition.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पधारना	अ.क्रि.	1. पदार्पण करना;	পদাৰ্পণ কৰ;	पदार्पण कर;	to arrive, to sit, to sit down, to take a seat;
		2. गमन करना, चला जाना।	গুচি যা, যাত্ৰা কৰ	गुचि जा, जात्रा कर	(to go) set out.
पनघट	पु.	वह घाट जहां से लोग पानी भरते हैं।	পানী খোৱা ঘাট	पानी खोवा घाट	a place for drawing water, village well etc.
पनचक्की	स्त्री.	पानी के बहाव के जोर से चलनेवाली आटा आदि पीसने की चक्की।	আটা আদি গুৰি কৰা কল	आटा आदि गुरि करा कल	water-mill, flour-mill.
पनडुब्बी	स्त्री.	पानी के अन्दर-अन्दर चलने वाला एक प्रकार का जहाज।	শিহু জাহাজ চাবমেৰিম	शिहु जाहाज चावमेरिम	submarine.
पनपना	अ.क्रि.	1. फलना-फूलना, हराभरा होना;	নদন বদন হ;	नदन बदन ह;	to flourish;
		2. फिर से स्वस्थ होना;	সুস্থ হ;	सुस्थ ह;	to recover;
		3. अच्छी स्थिति में आने लगना।	সমৃদ্ধ হোৱা	समृद्ध होवा	to prosper.
पनबिजली	स्त्री.	पानी के प्रवाह से तैयार की जानेवाली बिजली।	জলবিদ্যুত্	जलविद्युत्	hydro-electricity.
पनवाड़ी	पु.	तमोली, पान लगाकर बेचनेवाला।	পাণৰ দোকানী	पाणर दोकानी	betel vendor.
पना	पुं.	भुने हुए आम, इमली आदि का बनाया जानेवाला एक प्रकार का खट्टा-मीठा शरबत।	এক প্ৰকাৰৰ চৰবত্	एक प्रकारर चरबत्	a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc.
पनाह	स्त्री.	1. शत्रु आदि से बचाव, शरण;	আশ্ৰয়, শৰণ;	आश्रय, शरण;	refuge;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. बचाव या रक्षा की जगह, शरण लेने की जगह।	আশ্ৰয়ৰ স্থল	आश्रयर स्थल	shelter.
पनिहारिन	स्त्री.	घरों में पानी भरने का काम करनेवाली।	পানী যোগনিয়াৰ (স্ত্ৰী)	पानी जेगनियार (स्त्री)	woman carrying waterpots on her head as a means of livelihood.
पनीर	पु.	फटे या फाड़े हुए दूध का गाढ़ा अंश जो उसका पानी निकालने पर बचा रहता है, पानी निकालने के बाद दही का गाढ़ा भाग।	পনীৰ, থমা দৈ	पनीर, थमा दै	cheese.
पन्ना	पु.	1. हरे रंग का एक प्रसिद्ध बहुमूल्य रत्न;	পান্না;	पान्ना;	emerald;
		2. पुस्तक आदि का पृष्ठ;	পৃষ্ঠা;	पृष्ठा;	leaf of a book;
		3. आम आदि का पना।	চৰবত্ বিশেষ	चरबत् बिशेष	a typical beverage prepared from baked mango with the addition of tamarind and cumin seed etc.
पन्नी	स्त्री.	1. रांगे, पीतल आदि का पत्तर जिसे शोभा आदि के लिए अन्य वस्तुओं पर चिपकाते हैं;	ৰাং, পিতল আদিৰ পাট বা চটা;	रां पितल आदिर पाट बा चटा;	plated multicoloured paper or thin layer used in decorating different things;
		2. एक तरह का रंगीन कागज।	এবিধ ৰঙীণ কাগজ	एबिध रङीण कागज	a kind of coloured paper.
पपड़ी	स्त्री	1. किसी वस्तु की सूखकर ऐंठी हुई ऊपरी परत;	শোটোৰা পৰা চাল;	शोटोरा परा चाल;	thin crust;
		2. घाव का खुरंड;	ঘাৰ চকলা;	घार चकला;	scale, dry incrustation formed over a healing wound;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. वृक्ष की सूखकर चिटकी हुई छाल।	গছৰ শুকান বাকলি	गछर शुकान बाकलि	bark.
पपीता	पुं.	एक प्रसिद्ध पौधा जिसके फल मीठे और लंबोतरे होते हैं।	অমিতা	अमिता	papaya.
पपीहा	पुं.	हलके काले रंग का एक प्रसिद्ध पक्षी जो बसंत और पावस में मीठे बोल बोला करता है।	পাপিয়া	पापिया	a species of cuckoo
पयाल	पुं.	धान, कोदों आदि के ऐसे डंठल जिनमें से दाने झाड़ लिए गए हों।	নৰা, খেৰ	नरा, खेर	straw, long grass (used for thatching).
पयोधर	पुं.	1. बादल; 2. स्तन।	মেঘ; পিয়াহ, ওহাৰ	मेघ; पियाह, ओहार	cloud; woman's breast or an udder.
परंतु	अव्य.	इतना होने पर भी, लेकिन।	কিন্তু, যি কি নহওক	किन्तु, जि कि नहओक	but, however.
परंतुक	पुं.	किसी दस्तावेज में दी गई कोई शर्त, किसी कथन को सीमित करनेवाला वाक्य।	চৰ্ত	चर्त्त	proviso.
परंपरा	स्त्री.	1. सिलसिला, अविच्छिन्न क्रम; 2. वह कार्य जो बहुत दिनों से एक ही रूप में होता चला आ रहा हो और इसीलिए सर्वमान्य हो, प्रथा।	পৰম্পৰা; প্ৰথা	परम्परा; प्रथा	tradition; custom.
परंपरागत	वि.	(कार्य, नीति या रिवाज) जो पूर्वजों की देखा-देखी किया जाए, परंपरा से प्राप्त।	পৰম্পৰাগত	परम्परागत	traditional.
परंपरावादी	वि.	परंपरा का अनुयायी एवं समर्थक।	গোড়া, পৰম্পৰাবাদী	गोड़ा, परम्पराबादी	traditionalist.
परकार	पुं.	वृत्त की परिधि बनाने का एक उपकरण।	কাটা-কম্পাছ	काटा-कम्पाछ	compass.

[illegible]	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
[illegible]	वि.	दूसरे का, पराया।	পৰৰ, লোকৰ	परर लोकर	belonging to another or a stranger.
[illegible]	स्त्री.	वह नायिका जो परपुरुष से प्रेम करती है तथा अपने पति की अवहेलना करती है, (साहित्य में) तीन प्रकार की नायिकाओं में से एक।	পৰকীয়া	परकीया	a woman carrying on a love affair out of wedlock, an adulteress, (in traditional Indian poetics) one of the three types of heroines.
[illegible]	पुं.	गढ़ आदि की रक्षा के लिए चारों ओर उठाई गई दीवार।	গড়	गड़	percinct, boundary.
[illegible]	स्त्री.	1. गुण, दोष के निर्णय की दृष्टि से किसी वस्तु की परीक्षा;	পৰীক্ষা;	परीक्षा;	test, examination;
		2. गुण, दोष, भलाई, बुराई आदि पहचानने की शक्ति।	বিচাৰ শক্তি	विचार शक्ति	distinguishing faculty.
[illegible]	[illegible] क्रि.	गुण-दोष के निर्धारण के लिए किसी व्यक्ति या वस्तु को भली-भाँति देखना।	পৰীক্ষা কৰা	परीक्षा कर	to test, to examine.
[illegible]	वि.	नियुक्ति को नियमित करने से पूर्व का वह समय या उससे संबंधित व्यक्ति जिसमें उसकी योग्यता, उपयुक्तता आदि का मूल्यांकन किया जाता है।	পৰীক্ষাধীন	परीक्षाधीन	on probation.
[illegible]	पुं.	किसी जिले का वह भूभाग जिसके अन्तर्गत बहुत से ग्राम हों।	মহকুমা	महकुमा	sub-division.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परचून	पुं.	आटा, दाल, चावल आदि फुटकर।	গোলমাল	गोलमाल	provisions, grocery.
परचूनिया	वि.	परचून संबंधी।	গোলমাল সম্বন্ধীয়	गोलमाल सम्बन्धीय	pertaining to grocery.
	पुं.	परचून का काम करनेवाला।	গোলমালৰ দোকানী	गोलमालर दोकानी	one who sells flour, meal, pulse, grocer.
परछदी (परछती)	स्त्री.	1. कमरे आदि में सामान रखने के लिए छत के नीचे छाई हुई छोटी पाटन या टांड, मियानी;	চাং;	चां;	a small sized plank fixed in a wall of a room for storing things over;
		2. फूंस आदि की छाजन।	চাল	चाल	a small thatch over mudwalls.
परछाईं	स्त्री.	प्रकाश के सामने आने से पीछे की ओर अथवा पीछे की ओर प्रकाश होने पर आगे की ओर बननेवाली किसी वस्तु की छायामय आकृति, जल-दर्पण आदि में पड़नेवाली किसी की छायाकृति।	ছাঁ, প্ৰতিচ্ছবি	छाँ, प्रतिच्छबि	shadow, reflection.
परजीवी	वि.	जिसका जीवित रहना दूसरों पर अवलंबित हो, दूसरों पर आश्रित हो।	পৰমুখাপেক্ষী	परमुखापेक्षी	parasitic.
	पुं.	वे वनस्पतियां या कीड़े-मकौड़े जो दूसरे वृक्षों या जीव-जंतुओं के शरीर पर रहकर उनका रस या खून चूस कर जीते तथा पलते हैं।	ৰঘুমলা	रघुमला	parasite.
परतंत्र	वि.	अधीन, परवश।	পৰাধীন	पराधीन	dependent, slave

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परतंत्रता	स्त्री.	परतंत्र होने की अवस्था या भाव।	অধীনতা, পৰাধীনতা	अधीनता, पराधीनता	dependence, subjection.
परत	स्त्री.	तह।	তৰপ	तरप	layer, fold.
परती	स्त्री.	वह जमीन जो जोती बोई न जाती हो।	ছনতলী	छनतली	fallow land, uncultivated waste land.
परदा (पर्दा)	पुं.	1. कपड़ा या इसी तरह की कोई और चीज जो आड़ या बचाव करने के लिए बीच में फैलाकर टांगी या लटकायी जाए;	পৰ্দ্দা;	पर्दा;	curtain;
		2. अभिनय, खेल-तमाशों में वह कपड़ा जो दर्शकों के सामने लटका रहता है और जिस पर कुछ दृश्य अंकित होते हैं या प्रतिबिम्बित होते हैं;	আঁৰ কাপোৰ;	और कापोर;	screen;
		3. भेद, रहस्य;	ভেদ, ৰহস্য;	भेद, रहस्य;	secret, mystery;
		4. एक प्रथा जिसके अनुसार भले घर की स्त्रियां आड़ में घूंघट करके रहती हैं तथा पर-पुरुषों और बड़ों के सामने नहीं होती हैं।	পৰ্দ্দা প্ৰথা;	पर्दा प्रथा;	veil.
परदादा (परदादी)	पुं. (स्त्री.)	पिता का दादा, प्रपितामह।	প্ৰপিতামহ, আজোককা	प्रपितामह, आजोकका	paternal great grand father.
परदा-नशीन	वि.	जो बड़ों तथा पर-पुरुषों से परदा करती हो।	আবুৰত থকা	आबुरत थका	(a woman)who keeps herself concealed behind a veil, veiled.
परदेश (परदेस)	पुं.	अपने देश से भिन्न दूसरा देश।	বিদেশ	बिदेश	foreign country

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परदेशी (परदेसी)	वि.	वह व्यक्ति जो अपना देश छोड़कर किसी दूसरे देश में आया या रहता हो।	विदेशी	विदेशी	foreigner, stranger.
परनाना (परनानी)	पुं. (स्त्री)	नाना का पिता।	আজোৰুকা (মাৰ ফালৰ)	आजोरुका (मार फालर)	maternal great grand father.
परनाला (स्त्री. परनाली)	पुं.	वह बड़ी नाली जिससे होकर गंदा पानी बहता है।	ডাঙৰ নলা	डाङर नला	drain pipe.
परपोता (स्त्री. परपोती)	पुं.	पोते का पुत्र, प्रपौत्र।	প্ৰপৌত্ৰ, পৰিনাতি	प्रपौत्र, परिनाति	a great grandson.
पर-ब्रह्म	पुं.	निर्गुण या निरुपाधि ब्रह्मा, परमेश्वर।	পৰমব্ৰহ্ম	परमब्रह्म	the Supreme Spirit or Brahma, God.
परम	वि.	1. उच्च, उत्कृष्ट; 2. मुख्य, प्रधान; 3. अत्यधिक, हद दर्जे तक।	উত্কৃষ্ট, পৰম; মুখ্য, প্ৰধান; অত্যধিক	उत्कृष्ट, परम; मुख्य, प्रधान; अत्यधिक	highest, best, most; chief, principal; extreme (limit).
परम-तत्व	पुं.	1. दर्शन शास्त्र और विज्ञान के अनुसार वह मूल तत्व जो सृष्टि की समस्त वस्तुओं का सृष्टिकर्ता माना गया है, पदार्थ;	পৰমতত্ত্ব, মূলতত্ত্ব;	परमतत्त्व, मूलतत्त्व;	the essential element;
		2. ब्रह्म।	ব্ৰহ্ম	ब्रह्म	God, Brahma.
परम-पद	पुं.	मोक्ष, मुक्ति।	পৰমপদ, মোক্ষ	परमपद, मोक्ष	the highest state or position, liberation, salvation.
परम-हंस	पुं.	1. परमात्मा, परमेश्वर; 2. संन्यासियों का एक भेद जिन्हें दंड शिखा सूत्र आदि धारण करना आवश्यक नहीं होता।	পৰমেশ্বৰ; পৰমহংস	परमेश्वर; परमहंस	God; an ascetic of the highest order.
परमाणु	पुं.	किसी तत्व का वह सबसे छोटा टुकड़ा जिसके और टुकड़े न हो सकते हों।	পৰমাণু	परमाणु	atom.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परमात्मा	पु.	ईश्वर, परब्रह्म।	পৰমাত্মা, পৰমেশ্বৰ	परमात्मा, परमेश्वर	God.
परमार्थ	पु.	1. परोपकार; 2. मोक्ष।	পৰোপকাৰ; পৰমাৰ্থ, মোক্ষ	परोपकार; परमार्थ, मोक्ष	the highest good; the best end, salvation.
परमार्थी	वि.	1. दूसरों की भलाई करनेवाला, परोपकारी; 2. मुमुक्षु, मोक्ष चाहनेवाला; 3. परमार्थ संबंधी।	পৰোপকাৰী; মুমুক্ষু; পৰমাৰ্থিক	परोपकारी; मुमुक्षु; परमार्थिक	virtuous person; pursuing the highest purpose; pertaining to the highest truth.
परमेश्वर	पु.	परमात्मा।	পৰমেশ্বৰ	परमेश्वर	God.
परराष्ट्र	पु.	अपने राष्ट्र को छोड़कर अन्य राष्ट्र।	পৰৰাষ্ট্ৰ	परराष्ट्र	another country.
परला	वि.	1. उधर का या उस ओर का; 2. बहुत ही बढ़ा-चढ़ा।	সিফালৰ, বিপৰীত; অতি উত্কৃষ্ট	सिफालर, बिपरीत; अति उत्कृष्ट	of the other side or end, next in order; of the first order.
पर-लोक	पु.	इस लोक से भिन्न दूसरा लोक।	পৰলোক	परलोक	the other world.
परवरिश	स्त्री.	पालन-पोषण।	তোলন, পোহপাল	तोलन, पोहपाल	bringing up, fostering.
परवर्ती	वि.	काल-क्रम या घटना-क्रम की दृष्टि से बाद में या पीछे होनेवाला।	পৰৱৰ্ত্তী	परवर्त्ती	later, subsequent.
परवल	पु.	एक प्रसिद्ध लता और उसका फल जिसकी तरकारी बनती है।	পটল	पटल	a kind of vegetable.
परवश	वि.	1. जो दूसरे के वश में हो, परतंत्र; 2. जो दूसरे पर निर्भर करता हो।	পৰাধীন; পৰমুখাপেক্ষী	पराधीन; परमुखापेक्षी	under another's control, dependent; depending on the will of another.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परवशता	स्त्री.	परवश होने की स्थिति तथा भाव।	অধীনতা, পৰমুখাপেক্ষিতা	अधीनता, परमुखापेक्षिता	dependence on another, subjection
परवाना	पु.	1. लिखित आज्ञा, अनुमति-पत्र;	পৰোৱানা;	परोवाना;	warrant, [illegible]
		2. पतंगा, विशेषतः वह जो दीपक की लौ के चारों तरफ मंडराता हो और उसी में जल मरता हो;	চগা;	चगा;	moth;
		3. वह व्यक्ति जो किसी पर अत्यन्त मुग्ध हो और उसके लिए अपने को बलिदान कर दे।	প্ৰেমিক	प्रेमिक	(poet) a lover.
परवाह	स्त्री.	1. चिंता, फिक्र;	চিন্তা, আশঙ্কা;	चिन्ता, आशंका;	anxiety, [illegible]
		2. कोई काम (विशेषतः अनुपयुक्त या अनुचित काम) करते समय मन में होनेवाला यह विचार कि इस काम से बड़ों के मान को ठेस तो नहीं लगेगी।	সতৰ্কতা	सतर्कता	care, heed.
परसर्ग	पु.	आधुनिक भाषा-विज्ञान में, ने, को, के, से, में आदि संज्ञा-विभक्तियाँ जिनके संबंध में कहा जाता है कि ये प्रकृति के साथ सटाकर नहीं बल्कि प्रकृति से हटाकर लिखी जानी चाहिए।	পৰসৰ্গ বা অনুসৰ্গ	परसर्ग वा अनुसर्ग	a postposition (i.e. ने, को, [illegible])
परसाल	अव्य.	1. गतवर्ष, पिछले साल;	আহু বেলি;	आहु बेलि;	last year;
		2. आगामी वर्ष, अगले साल।	আহা বছৰ	अहा बछर	coming year; next year.
परसों	अव्य.	1. बीते हुए दिन से ठीक पहलेवाला दिन;	পৰহি (যোৱা);	परहि (जोवा);	day before yesterday;
		2. अगले दिन से एक दिन आगे।	পৰহিলৈ	परहिलै	day after tomorrow.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परस्पर	क्रि. वि.	एक दूसरे के साथ, आपस में।	পৰস্পৰ	परस्पर	mutual, reciprocal.
परहेज	पुं.	1. निषिद्ध वस्तुओं से बचना, कुपथ्य से बचना; 2. संयमपूर्वक रहना।	মুখ বছা কাৰ্য্য বা ভাৱ; সংযমী হৈ থকা ভাৱ বা অৱস্থা	मुख बछा कार्य्य बा भाव; संजमी है थका भाव बा अवस्था	abstinence, avoidance; control of the passions.
परांठा (परौंठा) (परौंठ)	पुं.	घी लगाकर तवे पर सेंकी जानेवाली एक प्रकार की चपाती।	পৰঠা	परठा	pan cake like preparation with wheat flour.
पराकाष्ठा	स्त्री.	चरम सीमा, हद।	পৰাকাষ্ঠা, চৰম সীমা	पराकाष्ठा, चरम सीमा	climax.
पराक्रम	पुं.	सामर्थ्य, बल, विक्रम, शौर्य।	পৰাক্ৰম	पराक्रम	ability, bravery, valiance, gallantry.
पराक्रमी	वि.	पराक्रमवाला, शूर, पुरुषार्थी।	পৰাক্ৰমী, বীৰ	पराक्रमी, वीर	brave, valiant.
पराग	पुं.	फूल के लम्बे केसरों पर जमा रहनेवाली धूल।	পৰাগ	पराग	the pollen of a flower.
पराङ्मुख	वि.	1. जो पीछे की ओर मुंह फेरे हुए हो; 2. उदासीन।	পৰাঙ্মুখ, বিমুখ; উদাসীন	परांमुख, बिमुख; उदासीन	having the face turned away; shunning.
पराजय	स्त्री.	हार, विजय का उलटा।	পৰাজয়, হাৰ	पराजय, हार	defeat.
पराजित	वि.	हाराया या हारा हुआ	পৰাজিত	पराजित	defeated.
परात	स्त्री.	थाली के आकार का ऊँचे किनारोंवाला बड़ा बरतन।	বৰকাঁহী	बरकाँही	large shallow circular vessel of metal.
पराधीन	वि.	जो दूसरे के अधीन हो।	পৰাধীন	पराधीन	dependent on another.
पराधीनता	स्त्री.	पराधीन होने की अवस्था या भाव।	পৰাধীনতা	पराधीनता	dependence on another,subjection.
पराभव	पुं.	1. हार, पराजय; 2. तिरस्कार, अनादर।	পৰাজয়; অসন্মান	पराजय; असन्मान	defeat; contempt; disregard, disrespect.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पराभूत	वि.	1. पराजित, परास्त;	পৰাজিত;	पराजित;	defeated, overcome;
		2. तिरस्कृत।	তিৰস্কৃত	तिरष्कृत	treated with contempt, degraded, dishonoured.
परामर्श	पु.	1. किसी विषय में दूसरे से ली जानेवाली सलाह;	পৰামৰ্শ;	परामर्श;	advice;
		2. विवेचन, विचार;	আলোচনা, বিবেচনা;	आलोचना, बिवेचना;	consultation;
		3. पकड़ना, खींचना, स्पर्श करना।	ধৰা, টনা, স্পৰ্শ কৰা	धरा, टना, स्पर्श करा	seizing, pulling, touching.
परामर्श-दाता	पु.	दूसरों को सलाह देनेवाला।	পৰামৰ্শদাতা	परामर्शदाता	adviser, counsel.
परायण	वि.	1. किसी काम या बात में अच्छी तरह लगा हुआ, निरत;	পৰায়ণ, নিৰত;	परायण, निरत;	absorbed in;
		2. किसी के प्रति पूर्ण निष्ठा या भक्ति रखनेवाला।	নিষ্ঠাৱান	निष्ठावान	devoted.
पराया	वि.	1. दूसरे का, अपने से भिन्न;	পৰৰ;	परर;	pertaining to another;
		2. आत्मीय या स्वजन से भिन्न।	পৰ	पर	not one's own.
परावर्तन	पु.	1. प्रत्यावर्तन, लौटकर पीछे आना;	প্ৰত্যাৱৰ্তন, ওভতনি;	प्रत्यावर्त्तन, ओभतनि;	turning back and round;
		2. उलटने पर फिर ज्यों का त्यों हो जाना।	আগৰ অৱস্থা প্ৰাপ্তি	आगर अवस्था प्राप्ति	to come into the same position after turning (as it was before).
पराभ	पु.	1. उतना क्षेत्र जहां तक किसी क्रिया का प्रभाव या फल होता है;	দূৰত্ব, সীমা;	दूरत्व, सीमा;	distance;
		2. उतना क्षेत्र जितने में कोई चीज पाई जाती है;	বিশেষ অঞ্চল;	बिशेष अंचल;	region;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. उतना अवकाश या दूरी जितनी कोई चलाई या फेंकी जानेवाली चीज पार करती हो।	দলি মাৰি ঢুকি পোৱা দূৰত্ব	दलि मारि ढुकि पोवा दूरत्व	the range or distance of anything thrown.
परास्त	वि.	हारा या हराया हुआ, पराजित।	পৰাস্ত	परास्त	defeated.
परिंदा	पु.	पक्षी, चिड़िया।	চৰাই	चराइ	bird.
परिकर	पु.	1. घर या परिवार के लोग; 2. आस-पास या संग-साथ रहनेवाले लोग; 3. एक प्रकार का अर्थालंकार जहां किसी विशेष्य से पहले किसी विशिष्ट अभिप्राय में विशेषण लगाए जाते हैं।	পৰিয়াল; সংগী, সহযোগী, লগৰীয়া; এবিধ অৰ্থালঙ্কাৰ	परियाल; संगी, सहजोगी, लगरीया; एबिध अर्थालंकार	family members; colleague; (in rhet) a parlic figure in which many significant epithets or adjectives are employed one after the other to give force to a statement.
परिकलन	पु.	गणित में वह गणना जो कुछ जटिल होती है तथा जिसमें कुछ विशिष्ट तथा निश्चित क्रियाओं की सहायता लेनी पड़ती है।	পৰিকলন	परिकलन	calculation.
परिकल्पना	स्त्री.	1. जिस बात की बहुत कुछ संभावना हो उसे पहले ही मान लेना या उसके नाम रूप आदि की कल्पना कर लेना; 2. केवल तर्क के लिए कोई बात मान लेना; 3. कुछ विशिष्ट आधारों पर कोई बात ठीक या सही मान लेना;	পৰিকল্পনা, ধাৰণা; তৰ্কৰ খাতিৰত মানি লোৱা নিৰ্ধাৰণ;	परिकल्पना, धारणा; तर्कर खातिरत मानि लोवा; निर्द्धारण;	to assume; reckoning, calculation; deciding, determining;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. गणितं में कोई विशिष्ट मान या राशि निकलने से पहले उसके लिए कोई निश्चित मान, राशि या चिह्न अवधारित करना।	(গণিতত) অনুমিত মান বা ৰাশি	(गणितत) अनुमित मान बा राशि	presumption.
परिक्रमा	स्त्री.	1. किसी तीर्थ, देवता या मंदिर के चारों ओर श्रद्धा, भक्ति से चक्कर लगाने की क्रिया;	প্ৰদক্ষিণ;	प्रदक्षिण;	the going round a person or an idol to the right as an indication of reverence;
		2. इस प्रकार से लगाया हुआ फेरा, प्रदक्षिणा;	প্ৰদক্ষিণ;	प्रदक्षिण;	walking round or about, circuit, circum - ambulation;
		3. उक्त प्रकार से चक्कर लगाने के लिए नियत मार्ग।	প্ৰদক্ষিণৰ পথ বা কক্ষ	प्रदक्षिणर पथ बा कक्ष	a covered way round temple.
परिगणना	स्त्री.	अच्छी तरह गिनना।	ভালদৰে কৰা গণনা	भालदरे करा गणना	calculation.
परिगणित	वि.	1. जिसकी परिगणना की गई हो;	পৰিগণিত;	परिगणित;	calculated;
		2. जिसका उल्लेख या परिगणन किसी अनुसूची में हुआ हो, अनुसूचित।	অনুসূচীত	अनुसूचीत	scheduled.
परिग्रह	पु.	1. स्वीकार करना, ग्रहण करना;	গ্ৰহণ;	ग्रहण;	taking, accepting, receiving;
		2. धन आदि का संग्रह;	(ধন আদিৰ) সংগ্ৰহ;	(धन आदिर) संग्रह;	possession, property;
		3. पत्नी, भार्या;	পত্নী, ভাৰ্য্যা;	पत्नी, भार्ज्या;	wife;
		4. परिवार के लोग;	পৰিয়াল;	परियाल;	house-hold, family;
		5. सेना का पिछला भाग।	সৈন্যৰ পিচৰ ভাগ	सैन्यर पिचर भाग	the rear or reserve of an army.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परिचय	पुं.	1. जान-पहचान; 2. किसी व्यक्ति के नाम-धाम या गुणकर्म आदि से संबंध रखनेवाली सब या कुछ बातें जो किसी को बताई जाएं;	পৰিচয়, চিনাজনা; পৰিচয়, চিনাকি;	परिचय, चिनाजना; परिचय, चिनाकि;	acquaintance; introduction;
		3. किसी विषय का थोड़ा बहुत ज्ञान।	পৰিচয়	परिचय	familiarity.
परिचय-पत्र	पुं.	किसी अधिकारी या व्यक्ति का दिया हुआ वह पत्र जिसे कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को अपना परिचय देने के लिए दिखाता है।	পৰিচয় পত্ৰ	परिचय पत्र	a letter of introduction.
परिचर	पुं.	भृत्य, सेवक।	লগুৱা, সেৱক	लगुवा, सेवक	attendant, servant
परिचर्या	स्त्री.	सेवा, खिदमत, रोगी की सुश्रूषा।	পৰিচৰ্য্যা, শুশ্ৰূষা	परिचर्ज्या, शुश्रूषा	attendance, attending on a patient.
परिचायक	पुं.	परिचय करानेवाला, बतानेवाला।	পৰিচায়ক	परिचायक	one who or that which introduces.
परिचारक	पुं.	1. सेवक; 2. रोगी की सेवा करनेवाला, तीमारदार।	সেৱক; শুশ্ৰূষাকাৰী	सेवक; शुश्रूषाकारी	attendant; male nurse.
परिचारिका	स्त्री.	सेविका, टहल करनेवाली।	সেৱিকা, নাৰ্ছ	सेविका, नार्छ	a female attendant, nurse.
परिचालन	पुं.	1. चलाना;	পৰিচালনা;	परिचालना;	steering (navigation);
		2. उचित रूप से किसी कार्य का निर्वाह करना।	পৰিচালনা	परिचालना	operation.
परिचित	वि.	जाना-पहचाना।	পৰিচিত	परिचित	acquainted, familiar.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परिच्छेद	पु.	ग्रन्थों आदि का ऐसा विभाग जिसमें किसी विषय या उसके अंग का स्वतंत्र रूप से प्रतिपादन या विवेचन किया गया हो, अध्याय, प्रकरण।	পৰিচ্ছেদ, অধ্যায়	परिच्छेद, अध्याय	a section or chapter of a book.
परिजन	पु.	1. परिवार के सदस्य;	পৰিজন, পৰিয়ালৰ মানুহ;	परिजन, परियालर मानुह;	family, household, members;
		2. अनुगामी और अनुचरवर्ग।	অনুগামী	अनुगामी	attendants, followers.
परिणत	वि.	1. जिसमें किसी प्रकार का परिवर्तन, रूपान्तर या विकार हुआ हो;	পৰিবৰ্ত্তিত, ৰূপান্তৰিত;	परिबर्त्तित, रूपान्तरित;	changed or transformed into;
		2. जिसकी पूरी वृद्धि हो चुकी हो, परिपक्व, पुष्ट।	পৰিপক্ক, পৈণত;	परिपक्क, पैणत	developed, ripened mature.
परिणति	स्त्री.	1. परिणत होने की अवस्था या भाव;	পৰিৱৰ্ত্তন;	परिवर्त्तन;	change;
		2. रूपान्तर को प्राप्त होना;	ৰূপান্তৰ, পৰিৱৰ্ত্তন;	रूपान्तर, परिवर्त्तन;	transformation, culmination;
		3. पूर्णवृद्धि, परिपाक;	পূৰ্ণতা, পৰিক্কতা;	पूर्णता, परिपक्कता;	ripeness, maturity;
		4. परिणाम।	ফল, পৰিণতি	फल, परिणति	result.
परिणय	पु.	विवाह।	পৰিণয়, বিয়া	परिणय, बिया	marriage.
परिणाम	पु.	नतीजा, निष्कर्ष।	পৰিণাম, ফল	परिणाम, फल	result, consequence, effect.
परिणीत (स्त्री. परिणीता)	वि.	जिसका परिणय हो चुका हो, विवाहित।	পৰিণীত, বিবাহিত	परिणीत, बिबाहित	married.
परिताप	पु.	1. अत्यधिक ताप;	অত্যন্ত উত্তাপ;	अत्यन्त उत्ताप;	extreme or scorching heat;
		2. घोर व्यथा, संताप;	সন্তাপ;	सन्ताप;	pain, agony;
		3. पछतावा, पश्चाताप।	অনুতাপ	अनुताप	repentance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परितोष	पु.	1. निश्चिन्तता युक्त सुख जो कामना या साध पूरी होने पर होता है, पूर्ण तृप्ति;	পৰিতৃপ্তি;	परितृप्ति;	complete satisfaction;
		2. प्रसन्नता, खुशी।	আনন্দ, পৰিতৃপ্তি	आनन्द, परितृप्ति	delight.
परित्यक्त (स्त्री. परित्यक्ता)	वि.	जिसे पूर्ण रूप से छोड़ दिया गया हो।	পৰিত্যক্ত	परित्यक्त	left, quitted.
परित्याग	पु.	पूरी तरह त्याग देना, एकदम छोड़ देना।	পৰিত্যাগ	परित्याग	abandoning, deserting.
परित्राण	पु.	कष्ट, विपत्ति, आदि से की जानेवाली पूर्ण रक्षा।	পৰিত্ৰাণ, ৰক্ষা	परित्राण, रक्षा	protection.
परिधान	पु.	पोशाक, पहनावा, पहनने के वस्त्र।	পৰিধান, সাজপাৰ	परिधान, साजपार	dress, clothes, garment.
परिधि	स्त्री.	1. वृत्त बनानेवाली रेखा;	পৰিধি;	परिधि;	circumference;
		2. किसी वस्तु की रक्षा के लिए बनाया हुआ घेरा, बड़ी चारदीवारी;	ঘেৰ, চাৰিবেৰ;	घेर, चारिबेर;	boundary;
		3. वह गोलाकार मार्ग जिस पर कोई चीज चलती या चक्कर लगाती हो।	গোলাকাৰ পথ	गोलाकार पथ	perimeter.
परिनिष्ठित	वि.	1. पूर्णतया निपुण;	সুনিপুণ;	सुनिपण;	completely skilled in;
		2. (कार्य) जो संपन्न किया जा चुका हो, निपटाया हुआ;	সুসম্পন্ন;	सुसम्पन्न;	completed work;
		3. एक सर्वमान्य आदर्श (जैसे भाषा)।	মান্য (ভাষা)	मान्य (भाषा)	standard (language).
परिपक्व	वि.	1. अच्छी तरह पका हुआ;	পৰিপক্ক;	परिपक्क;	ripe;
		2. जिसका पूरा विकास हो चुका हो;	পুৰঠ, পৈণত;	पुरठ, पैणत;	developed, matured;
		3.कुशल, दक्ष, निपुण।	নিপুণ, পটু	निपुण, पटु	skilled.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परिपक्वता	स्त्री.	परिपक्व होने की अवस्था या भाव।	পৰিপক্বতা	परिपक्वता	ripeness, maturity, full development.
परिपत्र	पु.	वह आधिकारिक पत्र जो सभी संबद्ध अधिकारियों, सदस्यों, आदि को सूचनार्थ भेजा जाता है, गश्ती चिट्ठी।	পৰিপত্ৰ	परिपत्र	circular.
परिपथ	पु.	1. विद्युत-धारा का मार्ग;	তড়িত্ কুন্ডলী;	तड़ित् कुण्डली;	electric circuit;
		2. अनेक नगरों, देशों, स्थलों आदि में बारी-बारी से होते हुए जाने के लिए पहले से नियत किया हुआ मार्ग।	নিৰ্দ্দিষ্ট পৰিভ্ৰমণপথ	निर्दिष्ट परिभ्रमणपथ	circuit.
परिपाक	पु.	1. अच्छी तरह से पकना या पकाया जाना;	পৰিপাক;	परिपाक;	being completely cooked;
		2. पूर्ण विकास या प्रौढ़ता को प्राप्त होना;	পূৰ্ণ বিকাশ;	पूर्ण बिकाश;	ripening, maturity;
		3. परिणाम, फल।	ফল, পৰিণাম	फल, परिणाम	result, consequence.
परिपाटी	स्त्री.	1. जाति, समाज आदि में कोई काम करने का विशिष्ट या बंधा हुआ ढंग अथवा शैली, प्रथा, रीति;	প্ৰথা, ৰীতি, দস্তুৰ;	प्रथा, रीति, दस्तुर;	convention, custom;
		2. चला आता हुआ क्रम, सिलसिला।	ক্ৰম, পৰম্পৰা	क्रम, परम्परा	succession, arrangement.
परिपूर्ण	वि.	1. जो सब प्रकार से पूर्ण हो;	পৰিপূৰ্ণ;	परिपूर्ण;	perfect, complete;
		2. जो पूरा हो चुका हो अथवा किया जा चुका हो।	সম্পূৰ্ণ	सम्पूर्ण	full.
परिप्रेक्ष्य	पु.	1. दृष्टिकोण, पृष्ठभूमि;	দৃষ্টিকোণ, পটভূমি;	दृष्टिकोण, पटभूमि;	view-point, background;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. चित्रकला में दृश्यों, पदार्थों, व्यक्तियों का ऐसा अंकन या चित्रण जिसमें उनका पारस्परिक अन्तर ठीक उसी रूप में दिखाई देता हो जिस रूप में वह साधारणतः आंखों से देखने पर दिखाई देता है।	পটভূমি	पटभूमि	perspective.
परिभाषा	स्त्री.	1. किसी का ऐसा नपा तुला परिचय जिससे उसके स्वरूप, गुण, वैशिष्ट्य आदि का यथार्थ ज्ञान हो जाए, लक्षण;	সূত্ৰ;	सूत्र;	definition;
		2. कला या विद्या के क्षेत्र में विशिष्ट अर्थ में प्रयुक्त होनेवाला शब्द या संज्ञा;	পাৰিভাষিক বা বিশেষ অৰ্থযুক্ত শব্দ;	पारिभाषिक वा विशेष अर्थजुक्त शब्द;	a word or noun used in a particular sense;
		3. अपने उपयोग के लिए शास्त्रकारों द्वारा रची हुई विशिष्ट संज्ञा।	পৰিভাষা	परिभाषा	technical term.
परिभ्रमण	पुं.	1. चारों ओर घूमना;	পৰিভ্ৰমণ;	परिभ्रमण;	going about, moving to and fro;
		2. विज्ञान में किसी एक वस्तु का किसी दूसरी वस्तु को केन्द्र मानकर उसके चारों ओर घूमना या चक्कर लगाना।	পৰিভ্ৰমণ	परिभ्रमण	rotation, revolution.
परिमल	पुं.	1. कुमकुम, चंदन आदि के मर्दन से उत्पन्न सुगंधि;	সুগন্ধি;	सुगन्धि;	fragrance;
		2. सुगंध, सुवास।	সুগন্ধ, সুবাস	सुगन्ध, सुवास	aroma.
परिमाण	पुं.	1. माप;	পৰিমাণ, জোখ;	परिमाण, जोख;	measure;
		2. तौल;	জোখ, ওজন;	जोख, ओजन;	weight;
		3. मात्रा;	মাত্ৰা;	मात्रा;	quantity;
		4. च[illegible] [illegible]ेर का विस्तार, घेरा।	ঘেৰ, পৰিধি	घेर, परिधि	circumference.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परिमाप	पुं.	1. मापने या नापने की क्रिया या भाव;	মাপন;	मापन;	act of measuring;
		2. लंबाई-चौड़ाई आदि का नाप या लेखा;	দীঘ-পুতল আদিৰ জোখ;	दीघ-पुतल आदिर जोख;	dimension;
		3. वह उपकरण जिससे कोई चीज मापी या नापी जाए;	স্কেল, জোখ;	स्केल, जोख;	scale;
		4. ज्यामिति में किसी आकृति, क्षेत्र या तल को चारों ओर से घेरनेवाली बाहरी रेखा अथवा ऐसी रेखा की लंबाई या विस्तार।	পৰিধি	परिधि	perimeter.
परिमार्जन	पुं.	1. त्रुटियां या दोष दूर करना, सुधारना;	শুধৰণি;	शुधरणि;	improvement;
		2. साफ करना, स्वच्छ करना।	পৰিমাৰ্জ্জন	परिमार्ज्जन	cleansing.
परिमार्जित	वि.	जिसका परिमार्जन किया गया हो या हुआ हो।	পৰিমাৰ্জ্জিত, চাফা কৰা	परिमार्ज्जित, चाफा करा	improved, cleaned.
परिमित	वि.	1. सीमित;	সীমিত;	सीमित;	limited;
		2. मापा हुआ, तौला हुआ;	জোখা;	जोखा;	measured, weighed;
		3. जो परिमाण में आवश्यकता से न अधिक हो न कम।	পৰিমিত	परिमित	moderate.
परियोजना	स्त्री.	किए जानेवाले कार्य के संबंध में नियमित और व्यवस्थित रूप से स्थिर किया हुआ विचार और स्वरूप।	পৰিকল্পনা, আঁচনি	परिकल्पना, आँचनि	scheme.
परिरक्षण	पुं.	हर तरह से रक्षा करना।	ৰক্ষণাবেক্ষণ	रक्षणाबेक्षण	guarded in every respect.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परिवर्तन	पु.	1. अदल-बदल, विनिमय; 2. किसी की आकृति, रूप, गुण, स्थिति आदि में होनेवाला फेरफार।	সালসলনি, বিনিময়; পৰিৱৰ্ত্তন	सालसलनि, विनिमय; परिवर्त्तन	exchange; change.
परिवर्तनशील	वि.	परिवर्तन जिसका स्वभाव हो।	পৰিৱৰ্ত্তনশীল	परिवर्त्तनशील	changeable.
परिवर्तित	वि.	1. जिसका विनिमय किया गया हो; 2. जिसमें हेरफेर हुआ हो या किया गया हो, रूप या आकार में बदला हुआ।	সালসলনি, হোৱা; সলনি হোৱা	सालसलनि होवा; सलनि होवा	exchanged; changed, undergone variation.
परिवर्धन	पु.	1. आकार-प्रकार, विषय-वस्तु आदि में की जानेवाली वृद्धि; 2. इस प्रकार बढ़ाया हुआ अंश।	পৰিবৰ্দ্ধন; পৰিবৰ্দ্ধিত অংশ	परिवर्द्धन; परिवर्द्धित अंश	enlargement; enlarged portio
परिवर्धित	वि.	बढ़ा या बढ़ाया हुआ, जिसका परिवर्धन किया गया हो या हुआ हो।	পৰিবৰ্দ্ধিত	परिवर्द्धित	enlarged.
परिवहन	पु.	माल, यात्रियों आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने का कार्य जो आजकल रेलों, मोटरों, जहाजों आदि द्वारा किया जाता है।	পৰিৱহন	परिवहन	transport.
परिवाद	पुं.	निंदा, शिकायत।	নিন্দা, গৰিহণা	निन्दा, गरिहणा	complaint, censure.
परिवार	पु.	1. कुटुंब, आश्रितजन; 2. किसी विशिष्ट गुण, संबंध आदि के विचार से चीजों का बननेवाला वर्ग; 3. अनुचर।	পৰিয়াল; শ্ৰেণী বা বৰ্গ; অনুচৰ	परियाल; श्रेणी बा बर्ग; अनुचर	family; class; attendant or follower.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परिवार-नियोजन	पुं.	बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित करने के उद्देश्य से दाम्पत्य-जीवन के संबंध में की जानेवाली वह योजना जिससे लोग आवश्यकता अथवा औचित्य से अधिक संतान उत्पन्न न करें।	পৰিয়াল পৰিকল্পনা	परियाल परिकल्पना	family planning.
परिवेश	पुं.	1. वातावरण;	পৰিবেশ	परिवेश;	environment;
		2. तेजस्वी पुरुषों, देवताओं आदि के चित्रों में उनके मुखमंडल के चारों ओर दिखलाया जानेवाला प्रकाशमान घेरा;	প্ৰভামন্ডল;	प्रभमण्डल;	halo (of lustre etc.);
		3. बदली के समय सूर्य या चन्द्रमा के चारों ओर दिखाई देनेवाला घेरा।	(চন্দ্ৰ বা সূৰ্যাৰ) মন্ডল	(चन्द्र वा सूर्यर) मण्डल	the disc of the sun and the moon.
परिव्राजक	पुं.	1. वह संन्यासी जो परिव्रज्या का व्रत ग्रहण करके सदा इधर-उधर भ्रमण करता रहे;	পৰিব্ৰাজক;	परिब्राजक;	wandering religious mendicant.
		2. संन्यासी।	সন্ন্যাসী	सन्न्यासी	ascetic.
परिशिष्ट	पुं.	पुस्तकों आदि के अंत में दिया गया वह पूरक भाग जिसमें वे बातें दी जाती हैं जो मूल में आने से रह गई हों अथवा मूल में दी गई बातों का स्पष्टीकरण दिया गया हो।	পৰিশিষ্ট	परिशिष्ट	appendix.
परिशीलन	पुं.	मनन-पूर्वक किया जानेवाला गंभीर अध्ययन।	গভীৰ অধ্যয়ন	गभीर अध्ययन	study, critical study.
परिश्रम	पुं.	मानसिक या शारीरिक श्रम, मेहनत।	পৰিশ্ৰম	परिश्रम	labour, hard work

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परिश्रमी	वि.	पूरी शक्ति लगाकर काम करनेवाला, मेहनती।	পৰিশ্ৰমী	परिश्रमी	laborious, painstaking, hardworking, diligent.
परिषद्	स्त्री.	सभा।	পৰিষদ, সভা	परिषद, सभा	council, association.
परिष्कार	पुं.	1. अच्छी तरह ठीक और साफ करने की क्रिया या भाव, गंदगी, मिलावट, मैल आदि निकालकर किसी चीज को स्वच्छ बनाना;	শোধন, সংশোধন;	शोधन, संशोधन;	refining;
		2. त्रुटियां, दोष आदि दूर करके सुंदर सुरुचिपूर्ण और स्वच्छ बनाना;	শোধন;	शोधन;	embellishment;
		3. शोभा, सजावट।	শোভা, সাজ-সজ্জা	शोभा, साज-सज्जा	decoration.
परिष्कृत	वि.	1. जिसका परिष्कार किया गया हो;	পৰিষ্কৃত;	परिष्कृत;	purified;
		2. संवारा या सजाया हुआ, अलंकृत;	অলঙ্কৃত;	अलंकृत;	adorned, decorated;
		3. सुधारा हुआ।	সংশোধিত	संशोधित	improved.
परिसंवाद	पुं.	दो या अधिक व्यक्तियों में किसी बात, विषय आदि के संबंध में होनेवाला विचारपूर्ण वाद-विवाद।	আলোচনা	आलोचना	discussion, symposium.
परिसमापन	पुं.	1. समाप्त करना;	সমাপন;	समापन;	the act of finishing completely;
		2. किसी चलते हुए काम का विधिवत् समाप्त होना;	সমাপ্তি;	समाप्ति;	termination;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी ऋण-ग्रस्त संस्था का कारबार बन्द करते समय किसी सरकारी अधिकारी या किसी आदाता द्वारा उसकी परिसंपद् का लेनदारों में किसी विशिष्ट अनुपात से बांटा जाना।	দেউলীয়া সংস্থাৰ প্ৰাপ্য অংশৰ বিতৰণ	देउलीया संस्थार प्राप्य अंशर वितरण	liquidation.
परिसर	पु.	नगर, पर्वत आदि के आस-पास की भूमि।	কাষৰীয়া ঠাই	काषरीया ठाइ	environs.
परिसीमन	पु.	किसी क्षेत्र, विषय आदि की सीमाएं निर्धारित करना।	সীমা নিৰ্দ্ধাৰণ, পৰিসীমন	सीमा निर्द्धारण, परिसीमन	delimitation.
परिसीमा	स्त्री.	अंतिम या चरम सीमा, हद।	শেষ সীমা	शेष सीमा	extreme limit.
परिस्थिति	स्त्री.	आसपास चारों ओर की स्थिति, हालत।	পৰিস্থিতি, অৱস্থা	परिस्थिति, अवस्था	circumstance.
परिहार	पु.	1. त्रुटियों, दोषों विकारों आदि का किया जानेवाला अंत या निराकरण;	দোষ-ত্ৰুটী আদিৰ নিৰাকৰণ;	दोष-त्रुटी आदिर निराकरण;	rectifying (a flaw, crror etc.);
		2. छोड़ने, त्यागने या दूर करने की क्रिया या भाव।	পৰিহাৰ	परिहार	abstaining, refraining.
परिहार्य	वि.	परिहार करने योग्य, त्यागने या निवारण करने योग्य।	পৰিহাৰ্য্য	परिहार्य्य	to be avoided, that can be abstained, refrained.
परिहास	पु.	हंसी, मजाक।	পৰিহাস, উপহাস	परिहास, उपहास	joke, fun.
परी	स्त्री.	1. वह कल्पित स्त्री जो परों की सहायता से आकाश में उड़ती है;	পৰী, অপেশ্বৰী;	परी, अपेश्वरी;	fairy,
		2. अति रूपवती स्त्री।	সুন্দৰী (নাৰী)	सुन्दरी (नारी)	beautiful woman.
परीक्षक	पु.	1. परीक्षा करने या लेनेवाला; 2. जांचने, परखनेवाला।	পৰীক্ষক; নিৰীক্ষক	परीक्षक; निरीक्षक	examiner; one who tests, investigates, investigator.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परीक्षण	पु.	1. परीक्षा करने या लेने की क्रिया;	পৰীক্ষণ, পৰীক্ষা (কাৰ্য্য);	परीक्षण, परीक्षा (कार्य्य);	the act or process of examination, examining;
		2. जांच, परख।	পৰীক্ষা, বাছনি	परीक्षा, बाछनि	testing.
परीक्षा	स्त्री.	1. किसी के गुण, दोष, योग्यता, शक्ति आदि की सच्ची जानकारी के लिए उसे अच्छी तरह देखना भालना;	পৰীক্ষা;	परीक्षा;	trial by ordeal of various kinds;
		2. प्रमाण आदि के द्वारा किसी वस्तु के तत्व का निश्चय करना;	পৰীক্ষা;	परीक्षा;	test;
		3. किसी वस्तु का ऐसा प्रयो जो उसके बारे में कोई विशेष बात निश्चित करने के लिए किया जाए;	প্ৰয়োগ;	प्रयोग;	experiment;
		4. विद्यार्थियों या उम्मीदवारों की योग्यता की वह विशेष प्रकार की जांच जिसमें उनसे मौखिक या लिखित रूप में प्रश्न पूछे जाते हैं।	পৰীক্ষা	परीक्षा	examination, test.
परीक्षार्थी	पु.	परीक्षा देनेवाला।	পৰীক্ষাৰ্থী	परीक्षार्थी	examinee.
परुष	वि.	जो गुण, प्रकृति, स्वभाव, आदि की दृष्टि से कड़ा, रुक्ष तथा मृदुताहीन हो, कठोर और ककर्श।	কঠুৱা, ৰুক্ষ, কৰ্কশ	कठुवा, रुक्षउ कर्कश	hard, rough, coarse.
परे	क्रि.वि.	1. दूर, और आगे, सीमा से बाहर;	বাহিৰত, বাহিৰৰ, দূৰৈত;	बाहिरत, बाहिरर, दूरैत;	at a distance, beyond;
		2. तुलना आदि के विचार से ऊँची स्थिति में या बढ़कर।	বঢ়া, উন্নত, ওপৰ	बढ़ा, उन्नत, ओपर	beyond.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
परेशान	वि.	1. उद्विग्न, विकल, व्याकुल; 2. दूसरों द्वारा तंग किया या सताया हुआ।	উদ্বিগ্ন, ব্যাকুল; বিৰক্ত, হাইৰাণ	उद्विग्न, व्याकुल; बिरक्त, हाइराण	worried; troubled, harassed.
परेशानी	स्त्री.	1. परेशान होने की अवस्था या भाव; 2. वह बात या विषय जिससे कोई परेशान हो, काम में होनेवाला कष्ट या झंझट।	উদ্বিগ্নতা, ব্যাকুলতা; আমনি	उद्विग्नता, व्याकुलता; आमनि	state of worry; trouble.
परोक्ष	वि.	1. जो आंखों के सामने न हो; 2. अनुपस्थित, गैरहाजिर; 3. जो उचित और स्पष्ट रूप से न होकर किसी प्रकार के घुमाव-फिराव या हेरफेर से हो।	পৰোক্ষ; অনুপস্থিত; পৰোক্ষ	परोक्ष; अनुपस्थित; परोक्ष	out of or beyond the range of sight; absent; indirect.
	पु.	1. आंखों के सामने न होने की स्थिति या भाव, अनुपस्थिति; 2. व्याकरण में पूर्ण भूतकाल।	অনুপস্থিতি; (ব্যাকৰণত) পূৰ্ণ ভূতকাল	अनुपस्थिति; (व्याकरणत) पूर्ण भूतकाल	absence; (in gram). perfect past tense.
परोक्षी	पु.	किसी अन्य व्यक्ति के स्थान पर कार्य करने के लिए किसी व्यक्ति को दिया गया अधिकार, अन्य व्यक्ति के लिए कार्य करने के हेतु प्राधिकृत व्यक्ति।	অন্যৰ হৈ কাম কৰোঁতা	अन्यर है काम करोंता	proxy.
परोपकार	पु.	दूसरों के हित का काम, दूसरे की भलाई।	পৰোপকাৰ	परोपकार	benevolence.
परोपकारी	वि.	दूसरे की भलाई करनेवाला।	পৰোপকাৰী	परोपकारी	benevolent.
परोपजीवी	वि.	दूसरों के भरोसे जीवन निर्वाह करनेवाला।	পৰোপজীৱী, পৰমুখাপেক্ষী	परोपजीवी, परमुखापेक्षी	parasitic.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पु.	ऐसे कीड़े-मकौड़े या वनस्पतियां जो दूसरे जीव-जन्तुओं या वृक्षों के अंगों पर रहकर जीवन-निर्वाह करते हैं।	ৰঘুমলা	रघुमला	parasite.
परोसना (परसना)	स. क्रि.	खानेवाले की थाली में या पत्तल में खाद्य पदार्थ रखना।	(ভাত) বাঢ়	(भात) बाढ़	to serve food.
पर्चा (परचा)	पु.	1. कागज का टुकड़ा;	কাগজৰ টুকুৰা;	कागजर टुकुरा;	slip of paper;
		2. कागज के टुकड़े पर लिखी हुई छोटी चिट्ठी या सूचना;	সৰু টোকা;	सरु टोका;	chit;
		3. विद्यार्थियों की परीक्षा में आनेवाला प्रश्नपत्र;	প্ৰশ্নকাকত;	प्रश्नकाकत;	paper, question paper;
		4. अखबार।	বাতৰি কাকত	बातरि काकत	newspaper.
पर्ची (परची)	स्त्री.	छोटा परचा।	কাগজৰ সৰু টুকুৰা	कागजर सरु टुकुरा	slip of paper.
पर्णकुटी	स्त्री.	वह झोंपड़ी जिसकी छाजन पत्तों की बनी हो।	পঁজা, পৰ্ণকুটীৰ	पँजा, पर्णकुटीर	hut made of leaves.
पर्णशय्या	स्त्री.	पत्तों का बिछावन या बिस्तर।	পৰ্ণশয্যা	पर्णशज्या	bed or couch of leaves.
पर्णशाला	स्त्री.	पर्णकुटी।	পঁজাঘৰ	पँजाघर	hut made of leaves.
पर्यन्त	अव्य.	तक।	-লৈ, পৰ্য্যন্ত	-लै, पर्ज्यन्त	till, upto, as far as.
पर्यटक	वि.पु.	दूसरे देशों में घूमने-फिरने वाला, पर्यटन करनेवाला।	পৰ্য্যটিক	पर्ज्यटक	tourist.
पर्यटन	पु.	अनेक महत्वपूर्ण स्थल देखने तथा मन-बहलाव के लिए अधिक विस्तृत भूभाग में किया जानेवाला भ्रमण।	পৰ্য্যটন	पर्ज्यटन	touring, travelling over.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पर्यवसान	पु.	1. अंत, समाप्ति; 2. अर्थ, आशय आदि के संबंध में होनेवाला ठीक ज्ञान या निश्चय।	শেষ, সমাপ্তি; সমাধান, মীমাংসা	शेष, समाप्ति; समाधान, मीमांसा	end, termination; conclusion.
पर्यवेक्षक	पु.	वह अधिकारी जो किसी काम के ठीक तरह से होते रहने की देखरेख पर नियुक्त हो।	পৰ্য্যবেক্ষক	पर्य्यवेक्षक	supervisor.
पर्यवेक्षण	पु.	बराबर यह देखते रहना कि कोई काम ठीक तरह से चल रहा है कि नहीं।	পৰ্য্যবেক্ষণ	पर्य्यवेक्षण	supervision.
पर्याप्त	वि.	जितना आवश्यक हो उतना सब, यथेष्ट, काफी।	পৰ্য্যাপ্ত, যথেষ্ট	पर्य्याप्त, जथेष्ट	enough, sufficient.
पर्याय	पु.	समानार्थक शब्द।	সমানাৰ্থক শব্দ	समानार्थक शब्द	synonym, equivalent.
पर्यायवाची	वि.	समानार्थक।	সমানাৰ্থক	समानार्थक	synonymous.
पर्यालोचन	पु.	सम्यक् विवेचन।	পৰ্য্যালোচনা	पर्य्यालोचना	thorough review.
पर्यावरण	पु.	किसी व्यक्ति या विषय की परिस्थिति, वातावरण।	পৰিবেশ	परिवेश	circumstance, environment.
पर्यावर्तन	पु.	1. वापस आना, लौटना; 2. अदला-बदली, विनिमय।	প্ৰত্যাৱৰ্ত্তন, ওভতনি; বিনিময়	प्रत्यावर्त्तन, ओभतनि; बिनिमय	coming back, return; exchange.
पर्व	पु.	1. उत्सव, त्योहार; 2. जोड़, गांठ; 3. ग्रंथ का कोई विशिष्ट खंड या भाग।	পৰ্ব্ব, উত্সৱ; জোৰা, গাঁঠি; (গ্ৰন্থৰ) পৰ্ব্ব	पर्ब्ब, उत्सव; जोरा, गाँठि; (ग्रन्थर) पर्ब्ब	festival; knot; section.
पर्वत	पु.	पहाड़।	পৰ্ব্বত	पर्ब्बत	mountain.
पर्वत-माला	स्त्री.	पहाड़ों की श्रेणी।	পৰ্ব্বতমালা	पर्ब्बतमाला	chain of mountains.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पलंग	पु.	बड़ी और बढ़िया चारपाई	পালেং	पालें	bedstead.
पल	पु.	समय का एक लघु विभाग जो 24 सेकेंड के बराबर होता है।	পল	पल	measure of time equal to twenty-four seconds;
पलक	स्त्री.	आंख के ऊपर का वह पतला आवरण जिसके गिरने से आंख बंद होती है और उठने से खुलती है।	পলক	पलक	eye-lash.
पलटन	स्त्री.	1. सैनिकों का बड़ा दस्ता जिसका नायक लेफ्टीनैंट होता है;	প্লেটুন, সৈন্যৰ বাহিনী;	प्लेटुन, सैन्यर बाहिनी;	platoon;
		2. किसी प्रकार के प्राणियों का बहुत बड़ा झुंड।	দল, জাক	दल जाक	in large number.
पलटना	अ. क्रि.	1. एकदम बदल जाना;	সলনি হ, বদলি হ;	सलनि ह, बदलि ह;	to alter;
		2. उलटा या औंधा होना;	উবুৰি হ, লুটি খা;	उबुरि ह, लुटि खा;	to over-turn;
		3. घूमना या मुड़ना;	ঘূৰ, ওলট;	घूर, ओलट;	to turn, barter;
		4. वापस आना या लौटना;	ঘূৰি আহ;	घूरि आह;	to return;
		5. मुकरना।	অস্বীকাৰ কৰ	अस्वीकार कर	to deny, to refuse.
	स.क्रि.	1. पूर्णतया परिवर्तित कर देना, बदल देना;	সলা পৰিৱৰ্তন কৰ;	सला परिवर्त्तन कर;	to change, to alter;
		2. उलटा या औंधा करना;	লুটিয়া ওলোটাই দি;	लुटिया ओलोटाइ दि;	to turn over;
		3. एक वस्तु के स्थान पर दूसरी वस्तु ग्रहण करना, अदल-बदल करना।	বিনিময় কৰ	बिनिमय कर	to exchange, to barter.
पलटा	पु.	1. लोहे, पीतल या काठ की चपटी कलछी;	হেঁতা;	हेंता;	an iron pan or ladle with a long handle (used to turn cakes when cooking);
		2. पलटने का कार्य या भाव;	ওভতনি;	ओभतनि;	going or turning back;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. संगीत में वह स्थिति जिसमें बड़ी और लम्बी तानें लेते समय ऊंचे स्वरों से पलटकर नीचे स्वरों पर आते हैं।	সংগীতত তানৰ এক বিশেষ গতি	संगीतत तानर एक विशेष गति	(music) while taking long tan s the singer touches the lower.
पलटाना	स. क्रि.	1. पलटने में प्रवृत्त करना; 2. लौटाना, वापिस करना; 3. बदलना।	ওলোটাই পঠিয়া; ওলটাঃ বদলি কৰ, ৰূপান্তৰ কৰ	ओलोटाइ पठिया; ओलोटा; बदलि कर, रूपान्तर कर	to send back, to cause to turn; to return; to convert, to drive back.
पलटाव	पु.	पलटे जाने की क्रिया या भाव।	ওভতনি, ঘূৰণ	ओभतनि, घूरण	the state of turning back.
पलड़ा	पु.	तराजु के दोनों लटकते हुए भागों में से एक।	তৰ্জ্জুৰ দুখন পাল্লাৰ এখন	तर्ज्जुर दुखन पाल्लार एखन	pan of a balance.
पलथी	स्त्री.	दाहिने और बाएं पैरों के पंजों को क्रम से बायीं और दाहिनी जांघों के नीचे दबाकर बैठने का एक आसन।	লেপেটা কাঢ়ি বহা	लेपेटा काढ़ि बहा	cross-legged sitting posture.
पलना	अ.क्रि.	1. पाला-पोसा जाना; 2. विशिष्ट परिस्थितियों में रह कर बड़ा होना।	পালিত পোষিত হ; পালিত হ	पालित पोषित ह; पालित ह	to be brought up; to be nourished, to be reared.
पलस्तर	पु.	1. मजबूती तथा सुरक्षा के लिए बालू, सीमेंट आदि का दीवारों,छतों आदि पर किया जानेवाला मोटा लेप; 2. किसी चीज के ऊपर लगाया जानेवाला कोई मोटा लेप।	প্লাষ্টাৰ; ডাঠ লেও	प्लाष्टार; डाठ लेओ	plaster; plaster.
पलायन	पु.	भागने की क्रिया या भाव, भागना।	পলায়ন	पलायन	fleeing, escape.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पलायनवाद	पु.	वह वाद या सिद्धान्त जिसमें जीवन की वास्तविक्ता और कठिनाइयों से भागने की प्रवृत्ति को प्रश्रय दिया जाता है।	পলায়নবাদী	पलायनवादी	escapism.
पलायनवादी	वि.	पलायनवाद संबंधी।	পলায়নবাদী	पलायनवादी	pertaining to escapism.
	पु.	पलायनवाद के सिद्धान्त को माननेवाला या उसका अनुयायी।	পলায়নবাদী লোক	पलायनवादी लोक	escapist or the follower of escapism.
पलाश(पलास)	पु.	1. एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसमें गहरे लाल रंग के अर्ध-चंद्राकार फूल लगते हैं, इसके सूखे लचीले पत्तों से दोने, पत्तल आदि बनाई जाती हैं;	পলাশ;	पलाश;	kind of tree or its leaves;
		2. उक्त वृक्ष का फूल।	পলাশৰ ফুল	पलाशर फुल	its purple coloured flowers.
पलीता	पु.	1. चिराग की बत्ती;	শলিতা;	शलिता;	wick;
		2. बत्ती के आकार का बारूद लगा हुआ एक छोटा डोरा जो पटाखों आदि में लगा रहता है और जिसके जलाने पर पटाखा चलता है;	ফটকাৰ জুই লগাই দিয়া শলিতা, পলীতা;	फटकार जुइ लगाइ दिया शलिता, पलीता;	igniter;
		3. नारियल आदि की छाल या रेशों को कूटकर और बटकर बनाई हुई वह बत्ती जिससे बंदूक या तोप के रंजक में आग लगाई जाती है;	টোপ বা হিলৈ মাৰিবলৈ জুই লগাই দিয়া নাৰিকলৰ ৰচী;	टोप बा हिलै मारिबल्लै जुइ लगाइ दिया नारिकलर रची;	gun-cotton;
		4. बत्ती के आकार में लपेटा हुआ वह कागज जिस पर कोई मंत्र लिखा हो।	মন্ত্ৰ লিখি ৰখা কাগজৰ পুৰা	मन्त्र लिखि रखा कागजर पुरा	a paper spell with spell and prayers written on it

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पलेथन (परथन)	पुं.	वह सूखा आटा जिसे लोई पर लगाकर रोटी बेलते हैं।	বুটী বেলিবৰ সময়ত বেলনাত দিয়া শুকান আটা	रुटी बेलिबर समयत बेलनात दिया शुकान आटा	dry flour put under and over dough when it is rolled.
पलोटना	स.क्रि.	सेवाभाव से किसी के पैर दबाना।	ভৰি মালিচ কৰ	भरि मालिच कर	to tread gently.
पल्लव	पुं.	नया और कोमल पत्ता।	পল্লৱ, কুঁহি পাত	पल्लव, कुँहि पात	a new tender leaf.
पल्लवित	वि.	1. जो नए-नए पत्तों से युक्त हो अथवा जिसमें नए-नए पत्ते निकल रहे हों;	পল্লৱিত;	पल्लवित;	having or growing new leaves;
		2. हरा-भरा तथा लहलहाता हुआ, समृद्ध	সমৃদ্ধ	समृद्ध	thriving, prosperous.
पल्ला	पुं.	1. कपड़े का छोर, (दामन);	আঁচল;	आँचल;	length end of gar ment;
		2. स्त्रियों की चादर, साड़ी आदि का वह अंश जो उनके सिर पर रहता है तथा जिसे खींचकर वे घूंघट करती हैं;	শাৰী বা চাদৰৰ মূৰত লোৱা অংশ;	शारी बा चादरर मूरत लोवा अंश;	the end of a saree etc. used as a head-cover;
		3. अनाज आदि बांधने का कपड़ा या चादर;	শস্যৰ টোপোলা বন্ধা কাপোৰ;	शस्यर टोपोला बन्धा कापोर;	a piece of cloth or 'chadar' to hold corn etc.;
		4. तराजू, किवाड़ आदि के दो हिस्सों में से कोई एक।	তৰ্জ্জু বা দুৱাৰৰ দুপাটৰ এপাট	तर्ज्जु बा दुवारर दुपाटर एपाट	pan of a balance, door panel.
पल्लू	पुं.	1. आंचल, छोर;	আঁচল;	आँचल;	end of a (female) garment;
		2. स्त्रियों का घूंघट;	ওৰণি;	ओरणि;	used as a head cover and veil;
		3. चौड़ी गोट की पट्टी।	বহল পাৰি বা পটি	बहल पारि बा पटि	broad border (Gota).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पल्ले	क्रि. वि.	प्राप्ति, स्थिति आदि के विचार से अधिकारवश या स्वत्व में, पास में या हाथ में।	কবায়ত্ত, হস্তগত	करायत्त, हस्तगत	in hand.
पल्लेदार	पुं.	माल ढोनेवाला मजदूर।	মজদুৰ, কুলি	मजदुर, कुलि	porter, carrier of heavy burden.
पवन	पुं.	वायु, हवा।	বায়ু, পৱন	वायु, पवन	air, breeze, wind.
पवन-चक्की	स्त्री.	पवन के वेग से चलनेवाली चक्की।	বায়ুৰ দ্বাৰা চলা মিল	वायुर द्वारा चला मिल	a wind-mill.
पवित्र	वि.	1. (पदार्थ) जो धार्मिक उपचारों से इस प्रकार शुद्ध किया गया हो या अपने गुणों के कारण इतना शुद्ध माना जाता हो कि पूजा-पाठ, यज्ञ आदि के काम में लाया जा सके;	পৱিত্ৰ;	पवित्र;	sacred, sacrosanct;
		2. (व्यक्ति) निश्छल, धार्मिक तथा सद्वृत्तिवाला;	ধাৰ্ম্মিক;	धार्म्मिक;	holy;
		3. स्वच्छ, निर्मल;	সুচ্ছ, নিৰ্ম্মল;	स्वच्छ, निर्म्मल;	pure;
		4. दोष, पाप आदि से रहित।	নিৰ্দ্দোষ, নিষ্পাপ	निर्दोष, निष्पाप	sinless, free from sensual properties.
पवित्रता	स्त्री.	पवित्र होने की अवस्था या भाव।	পৱিত্ৰতা	पवित्रता	purity, cleanness.
पशमीना	पुं.	1. पशम;	পচম, মিহি উণ;	पचम, मिहि उण;	fine soft wool;
		2. बढ़िया, मुलायम ऊन का कपड़ा।	পচমী কাপোৰ	पचमी कापोर	cloth made of such wool.
पशु	पुं.	1. चार पैरों से चलनेवाला कोई दुमदार जंतु, जानवर;	পশু, জন্তু;	पशु, जन्तु;	animal, cattle, beast;
		2. मूर्ख, विवेकहीन मनुष्य।	মূৰ্খ	मूर्ख	a fool.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पशुचिकित्सा	स्त्री.	चिकित्सा-शास्त्र की वह शाखा जिसमें पशु-पक्षियों आदि क रोगों के निदान और चिकित्सा का विवेचन होता है।	পশু চিকিৎসাবিজ্ঞান	पशु चिकित्साविज्ञान	veterinary science
पशुता	स्त्री.	1. पशु होने की अवस्था या भाव;	পশুত্ব;	पशुत्व;	the state of being animal;
		2. पशुओं का सा व्यवहार या स्वभाव।	পশুৰ স্বভাৱ	पशुर स्वभाव	bestiality, (beastliness).
पशुधन	पु.	वे पालतू पशु जो किसी व्यक्ति या समाज आदि के आर्थिक उत्पादन, सुरक्षा आदि में योग देते हों।	পশুধন	पशुधन	livestock.
पशुपाल (पशुपालक)	पु.	पशुओं को पालनेवाला।	পশু পালক	पशु पालक	cattle-breeder.
पशुपालन	पु.	जीविका निर्वाह के लिए पशुओं को पालने की क्रिया या भाव।	পশু পালন	पशु पालन	cattle-breeding, animal husband
पश्चात्	अव्य.	पीछे, बाद में, उपरान्त।	পশ্চাত্, পিচত	पश्चात्, पिचत	after, after-ward behind.
पश्चात्ताप	पु.	किसी कार्य से अनौचित्य का भान होने पर मन में होनेवाला दुख, पछतावा।	অনুতাপ	अनुताप	regret, repentance
पश्चिम	पु.	वह दिशा जिसमें सूर्य अस्त होता है, पूर्व दिशा के सामने वाली दिशा।	পশ্চিম	पश्चिम	west.
पश्चिमी	वि.	1. पश्चिमी दिशा सम्बन्धी;	পাশ্চাত্য;	पाश्चात्य;	pertaining to west
		2. पश्चिम के देशों में होनेवाला या वहां से आनेवाला।	পশ্চিমীয়া	पश्चिमीया	western.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पसन्द	स्त्री.	1. मन को भला तथा रुचिकर प्रतीत होनेवाला कार्य, वस्तु या व्यक्ति;	পচন্দ;	पचन्द;	liking;
		2. वरण करने, चुनने या वरीयता देने की क्रिया, प्रवृत्ति या भाव।	বাছনি, পচন্দ	वाछनि, पचन्द	choice, preference.
पस	पु.	मवाद, घाव, फोड़े आदि से निकलनेवाला लसीला तरल श्वेत पदार्थ।	পুঁজ	पूँज	pus.
पसरना	अ. क्रि.	1. आगे की ओर बढ़ना, फैलना;	আগলৈ যা, বিস্তাৰিত হ;	आगलै जा, विस्तारित ह;	to be spread out, to stretch out;
		2. हाथ-पैर फैलाकर या अधिक जगह घेरते हुए बैठना या लेटना।	হাত ভৰি মেলি বহ	हात भरि मेलि बह	to stretch oneself.
पसली	स्त्री.	स्तनपायी जीवों की छाती के दोनों ओर की गोलाकार हड्डियों में से एक।	কামিহাড়	कामिहाड़	rib.
पसाना	स. क्रि.	1. पके हुए चावलों में से मांड निकालना;	মাৰ বা ফেন পেলা;	मार बा फेन पेला;	to remove the scum of boiling rice;
		2. किसी वस्तु में से जलीय अंश निकालना।	পানী কাঢ়	पानी काढ़	to pour off the water in which any edible (as rice) has been boiled.
पसारना	स. क्रि.	1. अधिक विस्तृत करना;	বহলা;	बहला;	to expand;
		2. फैलाना;	বিয়পা;	बियपा;	to spread;
		3. आगे बढ़ाना।	আগ বঢ়া	आग बढ़ा	to stretch out.
पसारा	पु.	फैलाव।	প্ৰস্তাৰ, বিস্তাৰ	प्रस्तार, बिस्तार	spread, extension.
पसीजना	अ. क्रि.	1. अधिक गरमी या ताप के प्रभाव से किसी घन या ठोस पदार्थ में से जलकण निकलना;	ঘাম, ঘাম ওলা;	घाम, घाम ओला;	to perspire, to ooze;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. दया आ जाना।	দয়া ওপজ	दया ओपज	to be compassionate.
पसीना	पु.	गरमी अथवा श्रम के कारण शरीर या उसके अंग में से निकलनेवाले जलकण।	ঘাম	घाम	perspiration, sweat.
पसोपेश	पु.	1. कोई काम करने के समय मन में होनेवाला भाव कि आगे बढ़ें या पीछे हटें, असमंजस, आगा-पीछा, सोचविचार;	ইতস্ততঃ ভাৱ;	इतस्ततः भाव:	being in a fix, hesitation;
		2. इस बात का विचार कि यह काम करने पर क्या लाभ अथवा क्या हानि होगी, ऊंच-नीच।	গুণাগঁথা	गुणगँथा	indecision.
पस्त	वि.	1. हारा हुआ;	পৰাজিত;	पराजित:	defeated;
		2. थका हुआ, शिथिल।	ভাগৰি পৰা	भागरि परा	weary.
पहचान (पहिचान)	स्त्री.	1. पहचानने की क्रिया या भाव;	চিনন, চিনাকি;	चिनन, चिनाकि:	the act of recognition;
		2. कोई ऐसा चिह्न या लक्षण जिससे पता चले कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है;	চিন;	चिन:	identification mark;
		3. कभी के देखे हुए या जाने हुए व्यक्ति या पदार्थ को दुबारा देखने पर उसे उसी रूप में जान लेने की क्रिया या भाव;	চিনাকি;	चिनाकि:	recognising or knowing again;
		4. परख, परखने की शक्ति;	চিনিৰ পৰা শক্তি;	चिनिर परा शक्ति:	test, power of distinguishing;
		5. परिचय।	চিনাকি, পৰিচয়	चिनाकि, परिचय	acquaintance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पहचानना	स. क्रि.	1. किसी वस्तु या व्यक्ति को देखते ही उसके चिह्नों, लक्षणों या रूपरंग के आधार पर यह जान लेना कि यह अमुक व्यक्ति या वस्तु है, यह समझना कि यह वही वस्तु या व्यक्ति है जिसे मैं पहले से जानता हूँ;	চিন;	चिन;	to recognise;
		2. गुण दोष जानना, किसी के गुणदोष से अच्छी तरह परिचित होना;	ভালদৰে জান, বুজ;	भालदरे जान, बुज;	to know, understand;
		3. एक वस्तु का दूसरी वस्तु या वस्तुओं से भेद करना, अंतर समझना या जानना, बिलगाना।	প্ৰভেদ, বুজ	प्रभेद, बुज	to distinguish, discern.
पहनना	स. क्रि.	शरीर या अंग पर (विशेषकर कपड़े, गहने आदि) धारण करना।	পিন্ধ	पिन्ध	to put on, to wear.
पहनाना (पहराना)	स. क्रि.	दूसरे को अपने हाथों से कपड़े, गहने आदि धारण कराना।	পিন্ধা	पिन्धा	to clothe.
पहनावा (पहरावा)	पु.	1. पहनने के कपड़े, पोशाक;	সাজ, পোছাক;	साज, पोछाक;	dress, garment;
		2. किसी जाति, देश आदि के लोगों द्वारा सामान्यतः पहने जानेवाले वस्त्र।	জাতীয় পোছাক	जातीय पोछाक	ways of dressing up.
पहर	पु.	तीन घंटे का समय।	প্ৰহৰ	प्रहर	measure of time equal to three hours.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पहरा	पुं.	1. नियम विरुद्ध कार्य न होने देने के लिए तथा किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के प्रति हानि न होने देने के लिए एक या अनेक व्यक्तियों का नियुक्त होना;	পহৰা;	पहरा;	guard;
		2. निगरानी, देखरेख;	পহৰা, লক্ষ্য;	पहरा, लक्ष्य;	watch;
		3. रक्षकदल;	ৰখীয়া, পৰীয়া;	रखीया, परीया;	group of guards;
		4. रक्षकदल का फेरा।	পহৰাৰ সময় বা পাল	पहरार समय बा पाल	beat time, period.
पहरेदार	पुं.	पहरा देने वाला, रक्षक।	ৰখীয়া, পৰীয়া	रखीया, परीया	watchman, sentry guard.
पहल	स्त्री.	1. किसी नए कार्य का पहली बार होने वाला आरम्भ;	আৰম্ভণি;	आरम्भणि;	beginning, commencement;
		2. किसी कार्य, बात आदि का किसी एक पक्ष की ओर से होने वाला आरम्भ जिसमें बाद के प्रभाव का उत्तरदायित्व उसी पक्ष पर माना जाता है, छेड़।	প্ৰথম পদক্ষেপ	प्रथम पदक्षेप	initiative.
पहलवान	पुं.	1. कुश्ती लड़ने वाला मजबूत और कसरती आदमी,	পালোৱান;	पालोवान;	wrestler;
		2. हृष्ट-पुष्ट और बलवान आदमी।	বলী লোক	घली लोक	strong man.
पहलवानी	स्त्री.	1. पहलवान होने की अवस्था या भाव;	পালোৱানী;	पालोवानी;	wrestling;
		2. कुश्ती लड़ने का काम या पेशा।	পালোৱানী কাৰ্য্য	पालोवानी कार्य्य	the job or profession of wrestling.
पहला (पहिला)	वि.	1. समय के विचार से जो और सब से आदि में हुआ हो।	প্ৰথম, পহিলা;	प्रथम, पहिला;	first;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी चीज विशेषत: किसी वर्गीकृत चीज के आरंभिक अंश या वर्ग से संबंध रखने वाला;	প্ৰাথমিক;	प्राथमिक;	primary;
		3. वर्तमान से पूर्व का।	আগৰ	आगर	former, prior.
पहलू	पुं.	1. किसी व्यक्ति या वस्तु का दायां या बायां अंग (पार्श्व, बगल);	কাষ, ফাল;	काष, फाल;	side;
		2. अच्छाई-बुराई, गुणदोष आदि की दृष्टि से किसी बात या विषय का कोई पक्ष।	দিশ, ফাল	दिश, फाल	aspect.
पहले	क्रि. वि.	1. आदि में, शुरु में;	প্ৰথমে, আৰম্ভণিতে;	प्रथमे, आरम्भणिते;	in the beginning;
		2. स्थिति या काल के अनुसार प्रथम, आगे या पूर्व;	আগে, আগতে;	आगे, आगते;	before, first, previously;
		3. पुराने जमाने में।	পুৰণি কালত	पुरणि कालत	in olden times.
पहले-पहल	क्रि. वि.	सबसे पहले, पहली बार।	পোন প্ৰথমে	पोन प्रथमे	first of all, for the first time.
पहलौंठा (स्त्री. पहलौंठी)	वि.	जो पहले जन्मा हो, प्रथम प्रसव।	প্ৰথম সন্তান	प्रथम सन्तान	first born.
पहाड़	पुं.	1. चट्टानों का वह प्राकृतिक पुंज जो जमीन की सतह से बहुत ऊंचा होता है;	পাহাৰ;	पाहार;	mountain;
		2. (ला०) किसी वस्तु का बहुत ऊंचा ढेर;	দ'ম, পাহাৰ;	द'म, पाहार;	a huge heap (of anything);
		3. (ला०) बहुत कठिन और दुष्कर कार्य।	বৰ টান বা দুষ্কৰ কাৰ্য্য	बर टान बा दुष्कर कार्य्य	difficult and hard task.
पहाड़ा	पुं.	किसी अंक की गुणन सूची, गुणनसारणी।	নেওঁতা	नेओंता	multiplication table.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पहाड़ी	वि.	1. पहाड़ सम्बन्धी;	পাহাৰ সম্বন্ধীয়;	पाहार सम्बन्धीय;	pertaining to the hill;
		2. जिसमें पहाड़ हों;	পাহাৰ থকা;	पाहार थका;	hilly;
		3. पहाड़ पर या उसके आसपास रहने वाला।	পাহাৰী	पाहारी	living on or near the mountain.
	स्त्री.	छोटा पहाड़।	টিলা	टिला	small hill.
पहिया	पु.	1. गाड़ी, कल आदि का वह गोलाकार अवयव जिससे धुरी पर घूमने से वह कल या गाड़ी चलती है;	চকা;	चका;	wheel;
		2. यंत्रों आदि में लगा हुआ उक्त आकार का गोल चक्कर जिसमें उस यंत्र की कोई क्रिया सम्पन्न होती है।	চকা, চকৰি	चका, चकरि	wheel.
पहुंच	स्त्री.	1. पहुंचने की क्रिया या भाव;	গৈ পোৱা;	गै पोवा;	the act of reaching;
		2. (शास्त्र आदि में) पैठ, प्रवेश, ज्ञान या परिचय; समझने की सामर्थ्य;	(শাস্ত্ৰ আদি) প্ৰবেশ, বুজাৰ সামৰ্থ্য;	(शास्त्र आदि) प्रबेश, बुजार सामर्थ्य;	access;
		3. पहुंच जाने की खबर या सूचना।	গৈ পোৱাৰ খবৰ	गै पोवार खबर	arrival, intimation of arrival.
पहुंचना	अ. क्रि.	1. एक स्थान से चलकर दूसरे स्थान को प्राप्त होना;	গৈ পা;	गै पा;	to reach, to arrive at;
		2. किसी स्थान या पद आदि को प्राप्त होना।	লাভ কৰ	लाभ कर	to attain, to achieve.
पहुंचा	पु.	कलाई के ऊपर और कुहनी के नीचे का भाग।	হাতৰ গাঁঠি	हातर गाँठि	wrist.
पहुंचाना	स. क्रि.	1. किसी चीज को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना;	পৌচা, পৌচাই পোৱাই দি;	पौचा, पौचाइ पोवाइ दि;	to carry, to convey, to transmit, to lead, to reach (another);

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी व्यक्ति के संग चलकर उसे नियत स्थान तक छोड़ने जाना।	পৌচাই থৈ আহ	पौचाइ थै आह	accompany to (a place).
पहुंची	स्त्री.	कलाई पर पहनने का एक प्रकार का गहना।	এবিধ হাতত পিন্ধা অলঙ্কাৰ	एबिध हातत पिन्धा अलंकार	wrist ornament.
पहेली	स्त्री.	1. किसी की बुद्धि या समझ की परिक्षा लेने के लिए एक प्रकार की प्रश्नात्मक उक्ति या कथन जिसमें किसी वस्तु का भ्रामक या टेढ़ा-मेढ़ा लक्षण देकर उसे अभिप्रेत वस्तु का नाम बताने को कहते हैं;	সাঁথৰ;	साँथर;	puzzle; quiz, riddle,
		2. दुर्ज्ञेय और विकट प्रश्न या बात।	জটিল প্ৰশ্ন	जटिल प्रश्न	anigma.
पांच	वि.	जो गिनती में चार से एक अधिक हो।	পাঁচ	पाँच	five,
	पु.	उक्त की सूचक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 5	5 সংখ্যা	5 संख्या	the number five.
पांचभौतिक	वि.	1. जिसका सम्बन्ध पंचभूतों से हो,	পঞ্চভৌতিক	पंचभौतिक	pertaining to five elements;
		2. पंचभूतों से मिलकर बना हुआ।	পঞ্চতত্ত্ব	पंचतत्त्व	composed of the five elements or containing five elements.
पांचवां	वि.	गिनती या क्रम में पांचवें स्थान पर पड़नेवाला।	পঞ্চম	पंचम	fifth.
पांजना	स. क्रि.	लोहे, पीतल आदि की वस्तुओं को टांका देकर जोड़ना, झालना।	ৰাং কৰ, জালাই কৰ	रां कर, जालाइ कर	to close or fill in (a hole) esp. in metal, to solder.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पांडित्य	पु.	ज्ञान, विद्वता।	পান্ডিত্য;	पाण्डित्य	scholarship, learning.
पांडु	वि.	हलके पीले रंग का।	পান্ডু ৰংৰ	पाण्डु रंर	yellowish.
	पु.	1. सफेद पीला रंग;	বগা চানেকীয়া হালধীয়া ৰং;	बगा चानेकीया हालधीया रं;	yellowish white, white pale, jaundiced;
		2. त्वचा के पीले पड़ने का एक रोग, पीलिया।	কুহুম সাৰ	कुहुम सार	jaundice.
पांडुरोग	पु.	एक प्रसिद्ध रोग जिसमें सारा शरीर पीला पड़ जाता है।	পান্ডু ৰোগ	पाण्डु रोग	yellow disease, jaundice.
पांडुलिपि	स्त्री.	पुस्तक की हस्तलिखित प्रति।	পান্ডুলিপি	पाण्डुलिपि	manuscript.
पांति (पांत)	स्त्री.	पंक्ति, कतार, पंगत।	শাৰী	शारी	line, row.
पांव	पु.	वह अंग जिसके बल प्राणी खड़े होते हैं और चलते हैं, पैर।	ভৰি, পাও	भरि पाओ	foot.
पांवड़ा	पु.	वह कपड़ा जो किसी आदरणीय व्यक्ति के मार्ग में पांव रखकर चलने के लिए बिछाया जाता है।	বুলনি কাপোৰ	बुलनि कापोर	cloth or carpet spread to walk on, red carpet.
पाई	स्त्री.	1. खड़ी या सीधी लकीर;	দাঁড়ি;	दाँढ़ि;	a small vertical line used in writing or printing in Devanagari characters, a full stop;
		2. तांबें का एक पैसे से भी छोटा पुराना सिक्का।	পাই (মুদ্ৰা)	पाइ (मुद्रा)	old copper coin smaller in value than the old paisa.
पाकर (पाकड़)	पुं.	बरगद की जाति का एक बड़ा पेड़।	পাকৰী, জৰিগছ	पाकरि, जरिगछ	the waved-leaved fig-tree.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पाकशास्त्र	पु.	वह शास्त्र जिसमें विभिन्न खाद्य पदार्थों या व्यंजन बनाने की कला, प्रक्रिया का विवेचन होता है।	বন্ধন প্ৰণালীৰ পুথি, পাকশাস্ত্ৰ	बन्धन प्रणालीर पुथि, पाकशास्त्र	cooking, cookery.
पाक्षिक	वि.	1. पक्ष सम्बन्धी;	পক্ষেকীয়া;	पषेकीया;	belonging to a fortnight;
		2. प्रत्येक पक्ष में होने वाला।	প্ৰতি পক্ষেকত ওলোৱা	प्रति पषेकत ओलोवा	fortnightly.
पाखंड	पु.	1. दिखावटी उपासना या भक्ति;	ভন্ডামি;	भण्डामि;	any one who falsely assumes the characteristics of an orthodox Hindu, Jain or Buddhist, false doctrine, heresy;
		2. पूजा-पाठ आदि का आडंबर, ढकोसला, ढोंग।	(পূজা-সেৱাৰ নামত কৰা) ভন্ডামি	(पूजा-सेवार नामत करा) भण्डामि	hypocrisy, simulation.
पाखंडी	वि.	1. बनावटी धार्मिकता, सदाचार आदि दिखाने वाला;	ভন্ড তপস্বী;	भण्ड तपस्वी;	one who adopts the external marks or characteristics of a tribe or sect but does not conform to the orthodox tenets of the Hindu faith nor respect the ordinances of the Vedas:
		2. दूसरों को ठगने या धोखा देने के लिए आडंबर या ढोंग करनेवाला।	আনক ঠগিবলৈ দেখুওৱা জাক-জমক বা ধূৰ্ত্তালি	आनक ठगिबलै देखुओवा जाक-जमक बा धूर्त्तालि	dissembling, hypocritical.
पाखाना	पु.	1. शौचालय, वह स्थान जहां मलत्याग किया जाए;	পায়খানা;	पायखाना;	latrine;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. शरीर का वह मल जो भोजन आदि पचने के उपरांत गुदा के रास्ते बाहर निकलता है।	শৌচ, গু	शौच, गु	faeces.
पाग	स्त्री.	पगड़ी।	পাগুৰি	पागुरि	a turban.
	पु.	वह खाद्य पदार्थ जो चाशनी या शीरे में पकाकर तैयार किया गया हो।	মুৰব্বা	मुरब्बा	anything which is boiled in sugar syrup,sugar-coated.
पागना	स. क्रि.	खाने की किसी वस्तु को चाशनी या शीरे में कुछ देर डुबाकर रखना ताकि शीरे या चाशनी का लेप उस वस्तु पर चढ़ जाए।	চেনিৰ ৰসত বুৰা	चेनिर रसत बुरा	to dip in or coat with syrup to form a cake or crystallized sugar.
पागल	वि.	जिसका दिमाग खराब हो गया हो, जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, विक्षिप्त, सनकी।	বলিয়া, পগলা	बलिया, पगला	mad, insane, lunatic.
पागलखाना	पु.	वह स्थान जहां पागल व्यक्तियों को रखकर उनकी चिकित्सा की जाती है।	পগলা, ফাটেক	पगला, फाटेक	lunatic asylum.
पागलपन	पु.	1. पागल होने की अवस्था या भाव, उन्माद, मूर्खता;	পাগলামি, বলিয়ালি;	पागलामि, बलियालि;	foolishness;
		2. वह आचरण, कार्य या बात जो पागल लोग साधारणतः करते हों।	পাগলামি	पागलामि	madness, lunacy, insanity.
पाचक	पुं.	पकाने वाला, पचाने वाला,	ৰান্ধনি	रान्धनि	cook,
	वि.	वह दवा जो खाई हुई चीज पचाती या पाचनशक्ति बढ़ाती हो।	পাচক (দৰব)	पाचक (दरब)	digestive, causing digestion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पाचन	पुं.	1. पकाने या पचाने की क्रिया;	ৰন্ধন;	रन्धन;	causing to cook or boil or digest;
		2. जठराग्नि द्वारा भोजन का पचाया जाना।	হজম	हजम	the act of digestion in the stomach.
पाचनशक्ति	स्त्री.	खाए हुए पदार्थ को पचाने की शक्ति या सामर्थ्य, हाजमा।	হজম শক্তি	हजम शक्ति	the digestive power.
पाजामा (पायजामा, पैजामा)	पुं.	एक तरह का सिला हुआ वस्त्र जो कमर से एड़ी तक का भाग ढकने के लिए पहना जाता है और जो ऊपरी भाग के नेफे में नाला डालकर पहना जाता है।	পায়জামা	पायजामा	pyjamas.
पाजी	वि.	दुष्ट, बदमाश, लुच्चा।	দুষ্ট, ধূৰ্ত	दुष्ट, धूर्त्त	mean, wicked.
पाजीपन	पुं.	दुष्टता, बदमाशी।	দুষ্টালি, ধূৰ্তালি	दुष्टालि, धूर्त्तालि	meanness, wickedness.
पाजेब	स्त्री.	पैरों में पहनने का स्त्रियों का एक प्रसिद्ध गहना।	নূপুৰ	नुपूर	anklet.
पाट	पुं.	1. विस्तार, फैलाव, चौड़ाई;	বেধ, প্ৰস্থ, বিস্তাৰ;	बेध, प्रस्थ, बिस्तार;	width, breadth;
		2. चक्की के दोनों पल्लों में से हर एक;	যাঁতৰ ফাল বা পাট;	जाँतर फाल बा पाट;	grindstone (one circular panel only);
		3. किसी प्रकार का तख्ता, पटिया या शिला।	পাট, ছটা	पाट, छटा	slab, plank.
पाटना	स.	1. किसी गड्ढे या नीची भूमि को भर कर आसपास की जमीन के बराबर कर देना, भर देना;	মাটিৰে পুতি সমান কৰ;	माटिरे पुति समान कर;	to cover with earth, etc.;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कमरे के संबंध में उसकी चारों ओर की दीवारों के ऊपरी भाग के खुले अवकाश को बंद करने के लिए उस पर छत या पाटन बनाना;	চালি দি;	चालि दि;	to roof;
		3. ढकना;	ঢাক;	ढाक;	to cover ;
		4. किसी वस्तु की भरमार कर देना, ढेर लगा देना।	দ'ম কৰ	द'म कर	to stock, heap.
पाटा	पु.	1. बैठने का काठ का पीढ़ा;	পীৰা;	पीरा;	plank seat;
		2. वह आयताकार लकड़ी जिसकी सहायता से जोते हुए खेत की मिट्टी के ढेले तोड़कर उसे समतल करते हैं;	কাঠৰ মৈ;	काठर मै;	rectangular plank for levelling the ploughed fields;
		3. लकड़ी का वह छोटा टुकड़ा जिसकी सहायता से राज लोग दीवारों का पलस्तर समतल करते हैं;	চিমেণ্টৰ লেও সমান কৰা কাঠৰ চলি;	चिमेण्टर लेओ समान करा काठर चलि;	small plank used by the mason for levelling the plaster;
		4. दो दीवारों के बीच में ताला, पटिया आदि लगाकर बनाया हुआ आधार स्थान।	দুই কাষে তক্তা দি সজা দেৱালৰ আধাৰ বা বুনিয়াদ	दुइ काषे तक्ता दि सजा देवालर आधार बा बुनियाद	basement made with the help of planks on both sides of the walls.
पाटी	स्त्री.	1. खाट के ढांचे के दाहिने बाएं लगाई जानेवाली लकड़ियां;	খাটৰ দুয়োকাষে লগোৱা কাঠ;	खाटर दुयोकाषे लगोवा काठ;	side pieces of a bedstead;
		2. लकड़ी का वह लंबोतरा टुकड़ा जिस पर बच्चों को अक्षर लिखना सिखाया जाता है, तख्ती;	কাঠৰ ফলি;	काठर फलि;	a kind of wooden board on which children learn to write;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. मांग के दोनों ओर गोंद, जल तेल आदि की सहायता से कंघी द्वारा बैठाये हुए बाल जो देखने में पटरी की तरह बराबर मालूम हों, पट्टी, पटिया;	সেওঁতা;	सेओंता;	parting of the hair in the middle of the head;
		4. चटाई।	পাটী	पाटी	mat.
पाठ	पु.	1 पढ़ने की क्रिया या भाव;	পাঠ, পঠন;	पाठ, पठन;	reading;
		2. नियमपूर्वक अथवा श्रद्धाभक्ति से पुण्यफल प्राप्त करने के उद्देश्य से कोई धर्मग्रन्थ पढ़ने की क्रिया या भाव;	(শাস্ত্ৰৰ) পাঠ;	(शास्त्रर) पाठ;	religious text;
		3. किसी विषय का उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, सबक;	পাঠ;	पाठ;	lesson;
		4. पाठ्य-पुस्तक का वह अंश जो किसी एक विषय से सम्बन्धित हो;	পাঠ;	पाठ;	text;
		5. वाक्य, पद्य आदि का लिखित रूप।	মূল পাঠ	मूल पाठ	the original writing of oral learning.
पाठक	पु.	पढ़ने या पढ़ानेवाला।	পাঠক, পঢ়োঁতা	पाठक, पढ़ोंता	reader, teacher.
पाठभेद	पु.	वह भेद या अंतर जो एक ही ग्रंथ की दो प्रतियों के पाठ में कहीं-कहीं मिलता है।	পাঠান্তৰ	पाठान्तर	varying version in the different scripts of works ascribed to the same author.
पाठशाला	स्त्री.	वह स्थान जहां विद्यार्थियों को पढ़ना-लिखना सिखाया जाता है।	পাঠশালা	पाठशाला	school.
पाठांतर	पु.	एक ही पुस्तक की विभिन्न हस्तलिखित या संपादित प्रतियों में शब्दों अथवा उनके वर्णों के क्रम में होनेवाला भेद।	পাঠান্তৰ	पाठान्तर	a variation in the text of a book or manuscript.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पाठ्य	वि.	पढ़ने या पढ़ाने योग्य।	পাঠ্য	पाठ्य	readable, worth reading.
पाठ्यक्रम	पुं.	वे सब विषय तथा उनकी पुस्तकें जो किसी विशिष्ट परीक्षा में बैठनेवाले विद्यार्थियों के लिए निर्धारित हों।	পাঠ্যক্ৰম	पाठ्यक्रम	syllabus, course of study.
पाठ्यचर्या	स्त्री.	वह पुस्तिका जिसमें किसी विश्वविद्यालय अथवा स्कूल आदि की विभिन्न परीक्षाओं के लिए निर्धारित विषयों तथा तत्सम्बन्धी पाठ्यक्रमों का उल्लेख होता है।	পাঠ্যক্ৰম	पाठ्यक्रम	course of study, curriculum.
पाठ्यपुस्तक	पुं.	किसी संस्था या परीक्षा समिति की ओर से किसी कक्षा के विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए निर्धारित पुस्तक।	পাঠ্যপুথি	पाठ्यपुथि	text book.
पाठ्यविवरण	पुं.	पाठ्यक्रम का संक्षिप्त रूप।	পাঠ্যক্ৰম	पाठ्यक्रम	syllabus.
पाड़	पुं.	1. धोती, साड़ी आदि का किनारा; 2. मचान; 3. इमारत आदि बनाने के लिए खड़ा किया जानेवाला लकड़ियों का ढांचा;	(ধুতি বা শাৰীৰ) পাৰি; চাং; পকা ঘৰ সাজিবলৈ কাঠেৰে তৈয়াৰ কৰা সাজ;	(धुति बा शारीर) पारि; चां; पका घर साजिबलै काठेरे तैयार करा साज;	border of cloth (dhoti, sari, etc.); scaffold; builder's staging;
		4. वह तख्ता जिस पर अपराधी को फांसी देने के समय खड़ा करते हैं।	ফাঁচী কাঠ	फाँची काठ	scaffolding platform.
पाड़ा	पुं.	1. भैंस का बच्चा; 2. टोला, मुहल्ला (पारा)।	ম'হৰ দমৰা,পোৱালি; চুবুৰী, পাৰা	म'हर दमरा,पोवालि; चुबुरी, पारा	male buffalo-calf; a part or locality of a city or town.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पाणिग्रहण	पु.	विवाह।	বিয়া, পাণিগ্ৰহণ	बिया, पाणिग्रहण	marriage.
पातक	पु.	पाप, ऐसा पाप जिसका फल भोगने नरक में जाना पड़ता हो।	পাপ, পাতক	पाप, पातक	sin.
पातकी	पुं.	बहुत बड़ा पापी।	মহাপাপী	महापापी	a sinner.
पाताल	पु.	1. पृथ्वी के नीचे के सात लोकों में से सबसे नीचे का लोक;	পাতাল;	पाताल;	nether region of world;
		2. बहुत अधिक गहरा और नीचा स्थान।	অতি দ বা গভীৰ ঠাই	अति द बा गभीर ठाइ	the lower region.
पातिव्रत (पातिव्रत्य)	पु.	पतिव्रता होने की अवस्था, गुण और भाव, पति के प्रति होनेवाली पूर्ण निष्ठा की भावना।	সতীত্ব	सतीत्व	fidelity to a husband.
पात्र	पु.	1. वह आधान जिसमें कुछ खाया-पिया जा सके;	বাচন-বৰ্ত্তন, পাত্ৰ;	बाचन-बर्त्तन, पात्र;	utensil, container;
		2. कोई वस्तु पाने का अधिकारी व्यक्ति;	পাত্ৰ, ভাজন;	पात्र, भाजन;	eligible or worthy (person);
		3. उपन्यास, कहानी, काव्य, नाटक आदि में वे व्यक्ति जो कथावस्तु की घटनाओं के घटक होते हैं तथा जिनके क्रिया-कलाप में कथावस्तु की सृष्टि और उसका परिपाक होता है।	চৰিত্ৰ	चरित्र	character (in a play etc.).
पात्रता	स्त्री.	पात्र होने की अवस्था, गुण या भाव, योग्यता।	যোগ্যতা	जोग्यता	state of deserving, eligibility.
पाथना	स. क्रि.	गीली मिट्टी, गोबर आदि को हाथों से थपथपाते हुए अथवा सांचों में डालकर छोटे-छोटे पिंड बनाना।	মাটিৰ বা গোবৰৰ লাৰু কৰ, পিঠা কৰ	माटिर बा गोबरर लारु कर, पिठा कर	to make cow-dung into cakes for fuel.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पाथेय	पु.	वह भोज्य वस्तु जिसे पथिक राह में खाने के लिए अपने साथ ले जाता है, रास्ते का भोजन।	পাথেয়	पाथेय	provisions for a journey.
पाद	पु.	1. चरण, पैर, पांव; 2. किसी वस्तु का चौथाई भाग; 3. छंद, श्लोक आदि का चौथा भाग।	চৰণ, ভৰি; (কোনো বস্তুৰ) চতুৰ্থাংশ; (ছন্দ বা শ্লোকৰ) পাদ	चरण, भरि; (कोनो वस्तुर) चतुर्थांश; (छन्द वा श्लोकर) पाद	foot or leg; a quarter, a fourth part; a verse or line.
पाद-टिप्पणी	स्त्री.	किसी ग्रन्थ के पृष्ठ के निचले भाग में सूचना, निर्देश आदि के लिए दी गई टिप्पणी।	পাদটীকা	पादटीका	foot note.
पादरी	पु.	ईसाइयों का धर्मगुरु या पुरोहित।	পাদুৰী	पादुरी	padri, christian missionary.
पादुका	स्त्री.	1. खड़ाऊँ; 2. पैरों में पहनने का कोई उपकरण।	খৰম, পাদুকা; জোতা	खरम, पादुका; जोता	a wooden shoe (sandal); a shoe.
पान	पु.	1. तरल पदार्थ को पीने की क्रिया या भाव; 2. मद्य या शराब पीना; 3. पीने का कोई तरल पदार्थ ; 4. एक लता जिसके पत्ते सुपारी कत्था आदि के साथ मुख शुद्धि के लिए खाए जाते हैं ; 5. इस लता का पत्ता; 6. इस आकार की कोई रचना।	পান, পিয়ন; মদ্য পান; পানীয়; পাণ (লতা); পাণ; পাণৰ লেখিয়া কোনো বস্তু	पान, पियन; मद्य पान; पानीय; पाण (लता); पाण; पाणर लेखिया कोनो बस्तु	drinking; drinking spiritous liquors; a drink, beverage; betel-leaf; leaf of betel plant; any construction resembling a leaf.
पानगोष्ठी	स्त्री.	मद्यपान के लिए आयोजित गोष्ठी।	মদ্যপায়ী গোষ্ঠী	मद्यपायी गोष्ठी	cocktail party.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पानदान	पुं.	पान के पत्ते और उसका मसाला रखने का डिब्बा, पान के बीड़े रखने का डिब्बा।	পাণদান, বঁটা	पाणदान, बँटा	betel-leaf receptacle.
पाना	स.	1. कोई वस्तु प्राप्त करना, हासिल करना;	পা, লাভ কৰ;	पा लाभ कर;	to get, to acquire;
		2. फल या परिणाम के रूप में कुछ प्राप्त करना;	পা;	पा;	to obtain;
		3. ऐसी स्थिति में होना कि किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु अपने तक पहुंच या मिल जाए;	লাভ কৰ;	लाभ कर;	to receive;
		4. ज्ञान आदि की मानसिक उपलब्धि करना, जान लेना, समझ जाना;	লাভ কৰ;	लाभ कर;	to attain;
		5. अचानक पहुंचने पर किसी को किसी विशिष्ट स्थिति में देखना।	পা, দেখ	पा, देख	to pick up.
पानी	पुं.	1. वह निर्गन्ध, पारदर्शी और वर्णहीन तरल अथवा द्रव पदार्थ जो झील, नदियों आदि में भरा रहता है;	পানী;	पानी;	water;
		2. उक्त तत्व का कोई ऐसा रूप जो किसी दूसरे पदार्थ में से अपने आप या उबालने आदि पर निकला हो और उस पदार्थ के अंश से युक्त हो;	জোল;	जोल;	liquid substance;
		3. मान, प्रतिष्ठा, इज्जत;	মান, সন্মান;	मान, सन्मान;	honour, self-respect;
		4. आब, कांति , चमक;	কান্তি, উজ্জ্বলতা;	कान्ति, उज्ज्वलता;	lustre, sparkle, polish, brightness;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		5. तलवार आदि शस्त्रों की धार का वह काला हलका रंग जिससे उनकी अच्छाई जानी जाती है।	তৰোৱালৰ ধাৰ	तरोवालर धार	edge of the sword etc.
पानीदार	वि.	1. कांतिमान, आबदार; 2. स्वाभिमानी, मान-प्रतिष्ठा आदि पर आंच न आने देनेवाला।	চিকচিকীয়া, উজ্জ্বল; স্বাভিমানী	चिकचिकीया, उज्ज्वल; स्वाभिमानी	lustrous; respectable, honourable.
पानीदेवा	पु.	तर्पण करनेवाला, पुत्रादि।	তৰ্পণ কৰোঁতা	तर्पण करोंता	one whose duty is to offer libation of water to a deceased person.
पाप	पु.	1. धर्म और नीति के विरुद्ध किया जानेवाला ऐसा निंदनीय आचरण अथवा कृत्य जो बुरा माना जाता हो और जिसके फलस्वरूप मनुष्य को नरक भोगना पड़ता हो;	পাপ;	पाप;	sin, vice;
		2. अपराध, जुर्म, कसूर; 3. कोई ऐसा काम या बात जिससे मनुष्य को बहुत कष्ट उठाना पड़े।	দোষ, অপৰাধ; কুকৰ্ম্ম	दोष, अपराध; कुकर्म्म	guilt, crime; evil.
पाप-कर्म	पु.	ऐसा कर्म जिसे करने में पाप लगे, धर्मविरुद्ध कर्म।	পাপ কাম	पाप काम	sin, sinful deed.
पापड़	पु.	उड़द या मूंग आदि के आटे से तैयार की जाने वाली एक प्रकार की पतली मसालेदार चपाती जिसे तलकर या भून कर खाते हैं।	পাপৰ	पापर	salted thin crisp cake made of ground pulses.
	वि.	पापड़ की तरह पतला सूखा और भुरभुरा।	মচমচীয়া	मचमचीया	thin (like crisp cake made of ground pulses).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पापाचार	पुं.	पापपूर्ण आचरण।	পাপাচাৰ	पापाचार	following evil or sinful courses, sinful conduct.
पापात्मा	पुं.	जिसका मन सदा पापकर्मों की ओर रहता हो।	পাপী, পাপাত্মা	पापी, पापात्मा	sinner.
पापी	वि.	1. पाप करनेवाला; 2. निर्दय, क्रूर, निष्ठुर।	পাপী; নিৰ্দ্দয়, নিষ্ঠুৰ	पापी; निर्दय, निष्ठुर	sinner; wicked, cruel.
पाबंद	वि.	1. किसी प्रकार के बन्धन में पड़ा हुआ; 2. पूर्णरूप से किसी नियम, वचन, सिद्धान्त आदि का ठीक समय पर पालन करनेवाला; 3. जो उक्त के आधार पर कोई काम करने के लिए बाध्य या विवश हो।	বন্ধনত থকা; কোনো নিয়ম বা সিদ্ধান্ত ঠিকমতে পালোঁতা; বাধ্য;	बन्धनत थका; कोनो नियम बा सिद्धान्त ठिकमते पालोंता; बाध्य;	tied, fettered; bound, habitual to, accustomed to; restrained.
पाबंदी	स्त्री.	पाबंद होने की अवस्था, क्रिया या भाव।	বাধ্য বাধকতা, নিয়ন্ত্ৰণ, নিষেধ	बाध्य, बाधकता, नियन्त्रण, निषेध	restriction, control, ban.
पामर	वि.	1. नीच, दुष्ट, अधम, पापी; 2. मूर्ख।	পামৰ, অধম; মূৰ্খ	पामर, अधम; मूर्ख	low, wicked; fool, idiot.
पायँचा	पुं.	पायजामे का पैर।	পায়জামাৰ ভৰি	पायजामार भरि	leg of a pair of trousers or drawers
पायँता (पायँती)	पुं. स्त्री.	1. पलंग या चारपाई का वह भाग जिस पर पैर रहते हैं; 2. वह दिशा जिधर सोने वाले के पैर हों।	ভৰি পথান; (বিছনাৰ) ভৰি পথানৰ ফাল	भरि पथान; (बिछनार) भरि पथानर फल	the lower part of a bedstead; foot or bottom of a bed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पायदान (पावदान)	पुं.	1. गाड़ी में वह अंग या स्थान जिस पर पैर रखकर उसमें सवार होते हैं ;	পাওদান;	पाओदान;	foot-board;
		2. जटा, मूँज, तार आदि का वह चौकोर टुकड़ा जो कमरों के दरवाजे के पास पैर पोंछने के लिए रखा जाता है।	পা-পোছ (পাওপোছ)	पा-पोछ (पाओपोछ)	door-mat.
पायल	स्त्री.	पैर में पहनने का एक गहना।	নূপুৰ	नूपुर	anklet, ankle ornament.
पाया	पुं.	1. पलंग, कुरसी चौकी आदि का पैर;	পায়া, খুৰা;	पाया, खुरा;	leg of a piece of furniture;
		2. खंभा, स्तम्भ।	খুঁটা, স্তম্ভ	खुँटा, स्तम्भ	pillar.
पारंगत	वि.	जिसने किसी विद्या या शास्त्र का बहुत अधिक ज्ञान प्राप्त कर लिया हो।	পাৰ্গত, নিপুণ	पार्गत, निपुण	adept, expert.
पार	पुं.	1. नदी, समुद्र आदि का दूसरी ओर का किनारा;	(নদী আদিৰ) পাৰ;	(नदी आदिर) पार;	(opposite) bank, shore etc.;
		2. दूर तक फैली हुई वस्तु के दो किनारों में से कोई एक;	সীমা, শেষ;	सीमा, शेष;	end (of something);
		3. किसी तल या पृष्ठ के किसी बिन्दु के विचार से उसके विपरीत तल या पृष्ठ का कोई बिन्दु या स्थान।	সীমা, কাষ	सीमा, काष	limit, side.
पारगमन	पुं.	एक स्थान या स्थिति से दूसरे स्थान या स्थिति में जाने की क्रिया, भाव या स्थिति।	অতিক্ৰম	अतिक्रम	transmission, going across.
पारण	पुं.	1. किसी व्रत या उपवास के बाद का पहला भोजन,	পাৰণ;	पारण;	eating and drinking after a fast;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. आजकल किसी प्रस्तावित विधान अथवा विधेयक के सम्बन्ध में उसे विचार पूर्वक निश्चित और स्वीकृत करने की क्रिया या भाव।	পাছ, গ্ৰহণ	पाछ, ग्रहण	passing (of a bill etc.).
पारद	पु.	पारा।	পাৰা	पारा	mercury.
पारदर्शक	वि.	प्रकाश की किरणें जिसे पार करके दूसरी ओर जा सकती हों और इसीलिए जिसके इस पार से उस पार की वस्तुएं दिखाई देती हों।	স্বচ্ছ, ফটফটীয়া	स्वच्छ, फटफटीया	transparent.
पारदर्शी	वि.	1. दूरदर्शी; 2. पारदर्शक।	দূৰদৰ্শী; স্বচ্ছতা	दूरदर्शी; स्वच्छता	far-sighted; transparent, transparency.
पारपत्र	पु.	वह राजकीय अधिकारपत्र जो किसी राज्य की प्रजा को विदेश यात्रा के समय प्राप्त करना पड़ता है और जिसे दिखाकर उसमें उल्लिखित देशों में भ्रमण कर सकते हैं।	পাৰপত্ৰ	पारपत्र	passport.
पारमार्थिक	वि.	1. परमार्थ सम्बन्धी, परमार्थ का;	পাৰমাৰ্থিক;	पारमार्थिक;	relating to a high and spiritual object;
		2. परमार्थ का शुभ फल दिलानेवाला।	পাৰমাৰ্থিক	पारमार्थिक	spiritual, charitable.
पारलौकिक	वि.	परलोक सम्बन्धी, परलोक का।	পাৰলৌকিক	पारलौकिक	relating to the next world.
	पु.	अंत्येष्टि क्रिया।	অন্ত্যেষ্টি ক্ৰিয়া	अन्त्येष्टि क्रिया	funeral.
पारस	पु.	1. एक कल्पित पत्थर जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता है;	পৰশমণি;	परशमणि;	philosopher's stone, touch-stone;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. पारस के समान उत्तम और लाभदायक पदार्थ।	পৰশমণিৰ সদৃশ মূল্যৱান বস্তু	परशमणिर सदृश मूल्यवान वस्तु	excellent like paras.
पारस्परिक	वि.	आपस का, आपसी।	পাৰস্পৰিক	पारस्परिक	mutual.
पारा	पु.	एक प्रसिद्ध चमकीली, सफेद और भारी धातु।	পাৰা	पारा	mercury.
पारायण	पु.	1. नियमित रूप से किसी धार्मिक ग्रंथ का किया जानेवाला पाठ;	ধৰ্ম্মগ্ৰন্থৰ নিয়মিত পাঠ;	धर्म्मग्रन्थर नियमित पाठ;	the act of reading religious book;
		2. किसी ग्रंथ का आद्यंत पाठ।	কোনো গ্ৰন্থৰ আদ্যন্ত পাঠ	कोनो ग्रन्थर आद्यन्त पाठ	reading a book from beginning to end.
पारावार	पु.	1. समुद्र; 2. दोनों किनारे, ओर-छोर।	সমুদ্ৰ; দুয়োপাৰ, ইপাৰ-সিপাৰ	समुद्र; दुयोपार, इपार-सिपार	the sea, ocean; the two banks.
पारित	वि.	जिसका पारण हुआ हो, (प्रस्ताव या विधेयक) जो विधिपूर्वक किसी संस्था द्वारा स्वीकृत किया गया हो।	অনুমোদিত, গৃহীত	अनुमोदित, गृहीत	passed.
पारितोषिक	पु.	1. वह धन जो किसी को देकर परितुष्ट किया जाता है;	পাৰিতোষিক;	पारितोषिक;	reward (in terms of money);
		2. वह वस्तु या धन जो प्रतियोगिता आदि में विजयी होने पर अथवा विशेष योग्यता दिखाने पर उत्साह बढ़ाने के लिए दिया जाता है, पुरस्कार, इनाम।	পুৰস্কাৰ, বঁটা	पुरस्कार, बँटा	reward, prize.
पारिभाषिक	वि.	1. परिभाषा-सम्बन्धी;	পৰিভাষা সম্বন্ধীয়;	परिभाषा सम्बन्धीय;	pertaining to definition;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. (शब्द) जो किसी शास्त्र या विषय में अपना साधारण से भिन्न कोई अर्थ रखता हो।	পাৰিভাষিক	पारिभाषिक	technical.
पारिश्रमिक	पुं.	किए गए परिश्रम के बदले में मिलनेवाला धन, मजूरी, मेहनताना।	পাৰিশ্ৰমিক	पारिश्रमिक	remuneration.
पारी	स्त्री.	1. क्रमानुसार आने या मिलनेवाला अवसर, बारी;	পাল;	पाल;	turn, shift;
		2. गेंद-बल्ले के खेल में प्रत्येक दल को बल्लेबाजी करने के लिए मिलनेवाला अवसर।	ইনিংছ	इनिंछ	innings.
पार्थक्य	पुं.	1. पृथक् होने की अवस्था या भाव;	পাৰ্থক্য;	पार्थक्य;	the act of separation;
		2. भेद, अन्तर;	ভেদ, অন্তৰ;	भेद, अन्तर;	difference;
		3. जुदाई, बिलगाव।	বিয়োগ, বেলেগ	बियोग, बेलेग	separation.
पार्थिव	वि.	1. पृथ्वी सम्बन्धी;	পাৰ্থিৱ;	पार्थिव;	relating to earth;
		2. पृथ्वी में उत्पन्न;	পৃথিৱীত উত্পন্ন;	पृथिवीत उत्पन्न;	springing or derived from the earth;
		3. पृथ्वी से उत्पन्न वस्तुओं का बना हुआ;	পাৰ্থিৱ;	पार्थिव;	earthen, earthly;
		4. पृथ्वी पर शासन करने वाला;	ৰজা, শাসক;	रजा, शासक;	lord of the earth, king;
		5. राजकीय।	ৰাজকীয়	राजकीय	royal, princely.
पार्श्व	पुं.	1. छाती के दाएं बाएं का भाग, बगल;	কাষলতি;	काषलति;	armpit;
		2. अगल-बगल की जगह।	কাষ, ফাল (গাৰ)	काष, फाल (गार)	side, part of the body below the arm-pit.
पार्श्वगायक	पुं.	गान-विद्या में अपटु अभिनेता के बदले	পাৰ্শ্বগায়ক	पार्श्वगायक	playback singer,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
(पार्श्वगायिका स्त्री.)		नेपथ्य से गायन करनेवाला व्यक्ति।	পাৰ্শ্বগায়িকা	पार्श्वगायिका	back-stage singer.
पार्श्ववर्ती	वि.	1. किसी के पास या साथ रहनेवाला;	ওচৰতে থকা;	ओचरते थका;	standing by the side, an attendant;
		2. किसी के पार्श्व में आसपास या इधर-उधर होने या रहनेवाला।	পাৰ্শ্ববৰ্ত্তী	पार्श्ववर्त्ती	adjacent.
पार्षद	पु.	1. सभासद;	সভাসদ;	सभासद;	a member of an assembly;
		2. किसी देवता का अनुचर।	দেৱতাৰ অনুচৰ	देवतार अनुचर	retinue (of a god).
पार्सल (पारसल)	पु.	डाक या रेल द्वारा किसी के पास भेजी जानेवाली गठरी या पोटली।	পাৰ্চেল	पार्चेल	parcel.
पाल	पु.	1. फलों को गरमी पहुँचाकर पकाने के लिए पत्तों आदि से ढककर रखने की विधि;	জাগন, ফল জাগ দিয়া ব্যৱস্থা;	जागन, फल जाग दिया व्यवस्था;	the process of ripening fruits by keeping them between layers of straw, leaves etc.;
		2. ऐसा स्थान जहां फल आदि रखकर उक्त प्रकार से पकाए जाते हैं;	ফল জাগ দিয়া ঠাই;	फल जाग दिया ठाइ;	the place where the fruits are kept for ripening;
		3. नाव के मस्तूल के सहारे ताना जानेवाला वह कपड़ा जिसमें हवा के भरने से नाव चलती है;	পাল;	पाल;	sail;
		4. धूप आदि में बचाव के लिए टांगा जानेवाला कपड़ा आदि;	ত্ৰিপাল;	त्रिपाल;	cloth hanged to avoid sun, etc.;
		5. खेमा, तम्बू शामियाना;	তম্বু, ৰভা;	तम्बु, रभा;	tent;
		6. गाड़ी पालकी आदि को ऊपर से ढकने का कपड़ा।	চৈ	चै	cover.
पालक	वि.	पालन करनेवाला।	পালক	पालक	protector.

हिंदी शब्द	व्या॰ को॰	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पु.	1. एक प्रकार का प्रसिद्ध साग;	পালেংশাক;	पालेंशाक;	spinach;
		2. राजा;	ৰজা;	रजा;	king;
		3. घोड़े का साईस।	ঘোঁৰা চহিত	घोंड़ा चहित	horsekeeper.
पालकी	स्त्री.	एक तरह की सवारी जिसे आदमी कंधे पर ढोते हैं।	দোলা	दोला	palanquin.
पालतू	वि.	(पशु-पक्षियों के संबंध में) जो पकड़कर घर में रखा तथा पाला गया हो (जंगली से भिन्न)।	ঘৰচীয়া, পোহনীয়া	घरचीया, पोहनीया	domesticated, tame, pet.
पालथी	स्त्री.	बैठने का एक आसन जिसमें दाहिने और बाएं पैरों के पजें क्रम से बायीं और दायीं जांघ के नीचे दबे रहते हैं।	লেপেটা কাঢ়ি বহাৰ ধৰণ	लेपेटा काढ़ि बहार धरण	a cross-legged sitting posture.
पालन	पु.	1. भरण-पोषण, परवरिश;	ভৰণ পালন;	भरण पालन;	upbringing;
		2. आज्ञा, कर्त्तव्य आदि का निर्वाह करना;	পালন;	पालन;	maintaining, observing, keeping;
		3. रक्षा करना, रक्षण;	ৰক্ষণ;	रक्षण;	protecting;
		4. निभाना।	পালন	पालन	keeping (a vow etc.).
पालना	स. क्रि.	1. भरण-पोषण करना, परवरिश करना;	পাল, ভৰণ পোষণ কৰ;	पाल, भरण पोषण कर;	to bring up, to rear (n);
		2. आज्ञा आदि को निबाहना, उल्लंघन न करना;	পালন কৰ;	पालन कर;	to observe;
		3. पशुपक्षी आदि को आहार आदि देकर अपने यहां रखना।	পোহ	पोह	to tame, to domesticate, to pet.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पु.	एक तरह का छोटा झूला जिसमें बच्चों को झुलाया या सुलाया जाता है।	দোলনা	दोलना	cradle.crib.
पाला	पु.	1. हवा में मिले हुए भाप के सूक्ष्म कण जो अधिक ठंड पड़ने पर सफेद तह के रूप में जमीन पर जम जाते हैं, हिम, तुषार;	তুষাৰ, হিম;	तुषार, हिम;	frost;
		2. बहुत अधिक सर्दी ;	বৰ ঠান্ডা;	बर ठाण्डा;	very cold;
		3. किसी प्रकार के व्यवहार का अवसर;	অৱসৰ, সুবিধা;	अवसर, सुविधा;	opportunity (in dealing with);
		4. कबड्डी आदि खेलों में दो पक्षों को विभाजित करनेवाली सीमा जो प्रायः लकीर के रूप में होती है।	হাইগুদ খেলত দুয়ো দলৰ পথাৰৰ মাজসীমা	हाइगुद खेलत दुओ दलर पथारर माजसीमा	line of demarcation (in Kabaddi etc.).
पाव	पु.	1. किसी पदार्थ का चौथाई भाग या अंश;	পোৱা (ভাগ);	पोवा (भाग);	one-fourth;
		2. एके सेर का चौथा भाग, चार छटांक की एक तौल।	এপোৱা	एपोवा	one-fourth of a seer.
पावक	पु.	अग्नि, आग।	জুই	जुइ	fire.
पावती	स्त्री.	किसी वस्तु के पहुंचने की लिखित सूचना या प्राप्ति की स्वीकृति।	প্ৰাপ্তি ৰচিদ	प्राप्ति रचिद	receipt.
पावन	वि.	पवित्र, पवित्र करनेवाला।	পাৱন, পৱিত্ৰ	पावन, पवित्र	holy, sacred.
पावनता	स्त्री.	पावन होने की अवस्था या भाव।	পৱিত্ৰতা	पवित्रता	holiness.
पावना	पु.	वह रुपया या द्रव्य जो दूसरे से पाना हो।	পাওনা	पाओना	money due to be realised, dues.
पावस	पु.	वर्षाऋतु।	বৰ্ষা (ঋতু)	बर्षा (ऋतु)	rainy season.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पाश	पु.	1. वह चीज जिसमें किसी को फंसाया या बांधा जाए;	পাশ;	पाश;	tie, bond, chain, fetter;
		2. पशु-पक्षियों को फंसाकर पकड़नें का जाल, फंदा।	ফান্দ, জাল	फान्द, जाल	trap or net for catching birds and beasts.
पाशविक	वि.	पशुओं की तरह का।	পাশৱিক	पाशविक	brutal, beastlike.
पाशविकता	स्त्री.	पशुता, बर्बरता।	পাশৱিকতা	पाशविकता	brutality, barbarianism, barbarousness.
पाश्चात्य	वि.	1. पश्चिम का, पश्चिमी;	পাশ্চাত্য, পশ্চিমীয়া;	पाश्चात्य, पश्चिमीया;	belonging to west, western;
		2. पीछे का, पिछला।	পিচৰ	पिचर	hinder, posterior, later.
पाषाण	पु.	पत्थर, शिला।	শিল	शिल	stone.
पाषाण-हृदय	वि.	जिसका हृदय बड़ा कठोर हो।	নিষ্ঠুৰ	निष्ठुर	stone-hearted, hard-hearted.
पासंग	पु.	1. तराजू के दोनों खाली पलड़ों का सूक्ष्म अन्तर;	ফেৰ;	फेर;	counter-weight;
		2. दोनों पलड़ों को बराबर करने के लिए हलके पलड़े की ओर रखी जानेवाली वस्तु।	ফেৰ (ফেৰমৰা বস্তু)	फेर (फेरमरा बस्तु)	something placed on one pan of a scale to counter-balance the other.
पास	क्रि. वि.	1. समीप, नजदीक;	ওচৰ, সমীপ;	ओचर, समीप;	near, nearby;
		2. अधिकार में, कब्जे में	লগত, হাতত	लगत, हातत	at hand.
पासा (पांसा)	पु.	1. चौसर आदि के खेल में फैंका जानेवाला हाथी दांत आदि का टुकड़ा जिस पर एक से छः तक बिंदियां अंकित होती हैं;	পাশাখেলৰ গুটি;	पाशाखेलर गुटि;	dice;
		2. पासों से खेला जानेवाला खेल;	পাশা খেল;	पाशा खेल;	game in which dice is thrown.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. उक्त आकार का सोने या चांदी का टुकड़ा।	সোণ বা ৰূপৰ টুকুৰা	सोण बा रूपर टुकुरा	lump or cube of anything (as metal).
पाहुना	पु.	1. मेहमान, अतिथि; 2. जामाता।	অতিথি; জোঁৱাই	अतिथि; जोंवाइ	guest; son-in-law.
पिंजरा (पिंजड़ा)	पु.	धातु,बांस आदि की तीलियों का बना हुआ एक प्रकार का बक्सा जिसमें पशु-पक्षी आदि बंद करके रखे जाते हैं।	পিঞ্জৰা	पिंजरा	cage.
पिंड	पु.	1. किसी द्रव्य का ठोस गोला;	চপৰা, পিন্ডক;	चपरा, पिण्डक;	clod, lump;
		2. जौ के आटे, भात आदि का बनाया हुआ गोला जो श्राद्ध में पितरों के लिए समर्पित किया जाता है;	(মৃতকৰ) পিন্ড;	(मृतकर) पिन्ड;	ball of rice or flour offered to the pitras or deceased ancestors;
		3. शरीर, देह।	শৰীৰ,দেহ	शरीर, देह	the body.
पिंडज	पु.	प्राणी के गर्भ से उत्पन्न होनेवाला जीव, जरायुज।	গৰ্ভজাত প্ৰাণী	गर्भजात प्राणी	any creature born of or with a body, viviparous.
पिंडदान	पु.	कर्मकाण्ड के अनुसार पितरों को पिंड देने का कर्म जो श्राद्ध में किया जाता है।	পিন্ডদান	पिण्डदान	the offering of sraddha oblation on the evening of of new moon.
पिंडली	स्त्री.	टांग का पिछली ओर का मांसल भाग।	ভৰিৰ কলাফুল	भरित कलाफुल	calf of the leg.
पिघलना	अ. क्रि.	1. गर्मी पाकर किसी ठोस पदार्थ का तरल होना;	গল, তৰল হ;	गल, तरल ह;	to melt;
		2. दया से आर्द्र होना।	গল	गल	to show pity.
पिचकना	अ. क्रि.	उभरे या फूले हुए अंग का भीतर की ओर दबना, उभार कम होना।	কোঁচ খা	कोंच खा	to shrivel, to be squeezed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पिचकाना	स. क्रि.	उभरे या फूले हुए अंग को भीतर की ओर दबाना, पिचकने में प्रवृत्त करना।	টেপ, চেপ	टेप, चेप	to press together, to cause to sink or go down, to reduce a swelling.
पिचकारी	स्त्री.	नली के आकार का एक उपकरण जिसके मुंह पर एक या अनेक छेद होते हैं जिनके मार्ग से नली में भरा हुआ तरल पदार्थ दबाव से दूर तक फैंका जाता है।	ফিচকাৰী	फिचकारी	syringe.
पिचपिचाना	अ. क्रि.	किसी छेद में तरल पदार्थ का पिचपिच शब्द करते हुए रिसना या निकलना।	টোপটোপকৈ পৰ	टोपटोपकै पर	to sweat, moist or wet.
पिच्छल (पिच्छिल)	वि.	फिसलनेवाला, चिकना।	পিছল	पिछल	slippery, lubricious.
पिछड़ना	अ. क्रि.	प्रतियोगिता आदि में पीछे रह जाना।	পিচ পৰি থাক	पिच परि थाक	to lag, to lag behind.
पिछलगा	वि.	1. दीनभाव से किसी के पीछे-पीछे लगा रहनेवाला;	পিচে পিচে লাগি ফুৰা;;	पिचे पिचे लागि फुरा;	follower;
		2. शक्ति, सामर्थ्य आदि के अभाव में, स्वतंत्र न रह सकने के कारण किसी का अनुगमन या अनुसरण करनेवाला;	পৰাশ্ৰয়ী;	पराश्रयी;	hanger- on;
		3. आश्रित।	আশ্ৰিত	आश्रित	dependent.
पिछलग्गू	वि.	पिछलगा।	পিচ নেৰা	पिच नेरा	follower, dependent, lackey.
पिछला	वि.	1. पीछे की ओर पड़नेवाला, जो पीछे की ओर हो;	আগৰ, বিগত;	आगर, बिगत;	back part or partition;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. जो क्रम में किसी के पीछे हो;	পিচৰ;	पिचर;	hind, rear;
		3. बाद का, परवर्ती;	পৰৱৰ্ত্তী, পিচৰ;	परवर्त्ती, पिचर;	last;.
		4. गुजरा हुआ, बीता हुआ।	অতীত	अतीत	past.
पिछवाड़ा	पु.	मकान का पिछला भाग, घर के पीछे की ओर का भाग।	ঘৰৰ পাচফাল	घरर पाचफाल	backyard.
पिछाड़ी	स्त्री.	1. पृष्ठभाग, पीछे का भाग;	পাচফাল;	पाचफाल;	rear;
		2. घोड़े के पिछले दोनों पैर बांधने की रस्सी।	ঘোঁৰাৰ পিচ ঠেং বন্ধা ৰচী	घोरार पिच ठें बन्धा रची	rope for fettering a horse from the rear legs.
पिटना	अ. क्रि.	1. पीटा जाना, मार खाना;	মাৰ খা;	मार खा;	act of being beaten;
		2. प्रतियोगिता आदि में हारना;	পৰাজিত হ;	पराजित ह;	to be defeated;
		3. कुछ खेलों में मोहरे का मारा जाना।	(খেলৰ) মৰ	(खेलर) मर	to be beaten.
पिटवाना	स. क्रि.	1. किसी के पीटे जाने का कारण होना;	প্ৰহাৰ কৰ;	प्रहार कर;	to cause to be beaten;
		2. पीटने का काम किसी दूसरे से कराना।	পিটা	पिटा	to cause to beat.
पिटाई	स्त्री.	1. पीटने की क्रिया;	পিটন, মাৰণ;	पिटन, मारण;	act of beating;
		2. पीटने की मजदूरी या पारिश्रमिक;	পিটাৰ পাৰিশ্ৰমিক;	पिटार पारिश्रमिक;	wages for beating, thrashing;
		3. किसी पर अच्छी तरह पड़नेवाली मार।	ঘুগুলা পিটন	घुगुला पिटन	good beating.
पिटारा (स्त्री. पिटारी)	पु.	बांस आदि की तीलियों से बना हुआ एक ढक्कनदार पात्र।	জপা, পেটাৰি, খাং	जपा, पेटारि, खां	basket.
पिट्ठू	पु.	1. पीछे-पीछे चलनेवाला, अनुगामी;	অনুগামী;	अनुगामी;	follower;
		2. खुशामदी।	চাটুকাৰ	चाटुकार	lackey.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पितर	पु.	परलोकवासी पूर्वज जिनका कर्मकाण्ड के अनुसार श्राद्धादि किया जाता है।	পূৰ্ব্বপুৰুষ	पूर्व्वपुरुष	forefathers.
पिता	पु.	संबंध के विचार से वह पुरूष जिसने किसी को जन्म दिया हो।	পিতা, দেউতা	पिता, देउता	father.
पितामह (स्त्री. पितामही)	पु.	पिता का पिता, दादा।	(দেউতাৰ ফালৰ) ককা দেউতা	(देउतार फालर) कका देउता	paternal grand-father.
पितृ-पक्ष	पु.	1. आश्विन मास का कृष्णपक्ष जिसमें पितरों का श्राद्ध किया जाता है;	পিতৃপক্ষ;	पितृपक्ष;	the dark fortnight of the month of Ashwina when oblations are offered to the manes for thier spiritual grati-fication;
		2. पिता का कुल।	পিতৃকুল	पितृकुल	paternal side.
पितृ-विसर्जन	पु.	आश्विन कृष्ण अमावस्या के दिन पितरों की विदाई का कृत्य।	মহালয়াৰ কৃত্য	महालयार कृत्य	rites performed on the fifteenth day of the fortnight of the month of Ashwin which marks dark farewell to the manes.
पित्त	पु.	शरीर के तीन प्रसिद्ध दोषों में से एक जो नीलापन लिए पीले रंग का और कड़वा होता है।	পিত্ত	पित्त	bile, skin-rash.
पित्तप्रकोप	पु.	पित्त का बढ़ जाना या कुपित हो जाना।	পিত্তবৃদ্ধি	पित्तबृद्धि	excess and vitiation of the bile humour.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पित्ताशय	पु.	शरीर के अंदर यकृत के पीछे की ओर रहनेवाला थैली के आकार का वह अंग जिसमें पित्त रहता है।	পিত্তকোষ, পিত	पित्तकोष, पित	gall-bladder.
पित्ती	स्त्री.	पित्त की अधिकता या रक्त के अधिक ऊष्ण होने से उत्पन्न होनेवाला एक रोग जिसमें शरीर पर लाल चकते पड़ जाते हैं और जिसमें बड़ी खुजली होती है।	পিত্তজনিত কাৰণত গাত দমলা বন্ধা ৰোগ	पित्तजनित कारणत गात दमला बन्धा रोग	urticaria.
पिद्दी	स्त्री.	1. बया की जाति की एक छोटी चिड़िया; 2. अति तुच्छ और नगण्य व्यक्ति।	বুলবুল জাতীয় এবিধ সৰু চৰাই; অতি নগণ্য ব্যক্তি	बुलबुल जातीय एबिध सरु चराइ; अति नगण्य व्यक्ति	the brown-backed Indian robin; insignificant creature.
पिनक	स्त्री.	1. पिनकने की क्रिया या भाव; 2. अफीमची की वह अवस्था जिसमें वह नशे की अधिकता के कारण सिर झुकाकर बैठे रहने की दशा में बेसुध या सोया हुआ-सा रहता है।	ৰাঁহিজাঁহি; ৰাগি বা জাল লগা অৱস্থা	राँइजाँइ; रागि बा जाल लगा अवस्था	state of drowsiness; state of being intoxicated.
पिपासा	स्त्री.	1. पीने की इच्छा, प्यास, तृष्णा; 2. कोई वस्तु पाने की इच्छा, लोभ।	পিপাসা, পিয়াহ; লোভ, আশা	पिपासा, पियाह; लोभ, आशा	thirst; desire (in general), greed.
पिपासु	वि.	1. पीने की इच्छा रखनेवाला, प्यासा, 2. जिसके मन में किसी प्रकार की उग्र कामना या लोभ हो।	পিপাসু; উগ্ৰ কামনা বা লোভ	पिपासु; उग्र कामना बा लोभ	thirsting; possessed of a yearning or craving.
पिपीलिका	स्त्री.	चींटी।	পৰুৱা	परुवा	ant.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
पिरोना	स. क्रि.	1. किसी छेदवाली वस्तु में धागा डालना;	গাঁথ;	गाँथ;	to thread or needle;
		2. छेदवाली बहुत सी वस्तुओं को एक साथ धागे में बांधना।	গাঁথ	गाँथ	to string.
पिलना	अ. क्रि.	1. पूरी शक्ति से किसी काम में लगना या जुटना, किसी ओर वेग से प्रवृत्त होना;	(কামত) জপিয়াই পৰ;	(कामत) जपियाइ पर;	to fall upon;
		2. ऊख आदि का पेरा जाना;	পেৰা যা, মহটিয়াই যা;	पेरा जा, महटियाइ जा;	to be crushed;
		3. भिड़ जाना।	খাট, লাগি যা	खाट, लागि जा	to toil, to work hard.
पिलपिला	वि.	इतना नरम कि स्पर्श-मात्र से उसका रस या गूदा बाहर निकलने लगे।	কোমল, লেপলেপীয়া	कोमल, लेपलेपीया	flabby.
पिलाना	स. क्रि.	1. किसी को पीने में प्रवृत्त करना;	পিয়া, পান কৰা;	पिया, पान करा;	to cause to drink, to take (an animal) to water;
		2. किसी छेद में कोई पदार्थ विशेषतः कोई तरल पदार्थ डालना।	কোনো ফুটাত তৰল পদাৰ্থ ঢাল	कोनो फुटात तरल पदार्थ ढाल	to pour through, to fill through.
पिल्ला	पु.	कुत्ते का बच्चा।	কুকুৰৰ পোৱালি	कुकुरर पोवालि	pup, puppy.
पिशाच	पु.	1. एक निम्न देवयोनि जो वीभत्स कर्म करनेवाले माने जाते हैं, प्रेत;	পিশাচ, প্ৰেত;	पिशाच, प्रेत;	devil;
		2. वीभत्स कर्म करनेवाला दुष्ट व्यक्ति।	বীভত্স কাম কৰোঁতা	बीभत्स काम करोंता	malevolent.
पिशुन	वि.	चुगलखोर।	টুটকীয়া, লগনীয়া	टुटकीया, लगनीया	backbiter.
पिशुनता	स्त्री.	चुगलखोरी।	টোটক	टोटक	backbiting.
पिष्टपेषण	पु.	1. पिसी हुई वस्तु को फिर से पीसना;	পিঁহা বস্তুকে পুনৰ পিঁহা;	पिँहा बस्तुके पुनर पिँहा;	grinding flour or what is already ground;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उक्त के आधार पर किए हुए कार्य को पुनः करने में व्यर्थ परिश्रम करना, निरर्थक कार्य करना।	চৰ্ব্বিত চৰ্ব্বন	चर्व्वित चर्व्वन	useless labour, repetition.
पिसना	अ.क्रि.	1. पीसा जाना, चूर्ण किया जाना;	পিঁহ, গুৰি কৰ;	पिँह गुरि कर;	to be ground (powdered);
		2. इस प्रकार कुचला या दबाया जाना कि बहुत छोटे-छोटे खंड हो जाएं;	থেঁতালি গুৰি কৰ;	थेंतालि गुरि कर;	to press in such a way that it becomes small pieces;
		3. बहुत अधिक कष्ट पाना;	পীড়িত হ;	पीड़ित ह;	to be reduced to distress;
		4. घोर परिश्रम करना।	কঠোৰ শ্ৰম কৰ	कठोर श्रम कर	to labour hard.
मूर्खता	स्त्री.	मूढ़ता, नासमझी।	মূৰ্খালি, মূঢ়তা	मूर्खालि, मूढ़ता	stupidity, folly.
मूर्च्छा	स्त्री.	1. बेहोशी, संज्ञा-लोप;	মূৰ্চ্ছা;	मूर्च्छा;	swoon, fainting, unconsciousness;
		2. दौरा।	মূছকঁছ	मूछकँछ	fit.
मूर्च्छित	वि.	जो अचेत या बेहोश पड़ा हो।	মূৰ্চ্ছিত	मूर्च्छित	fainted, swooned.
मूर्त	वि.	1. जिसका कोई आकार या रूप हो;	মূৰ্ত্ত, সাকাৰ;	मूर्त्त, साकार;	embodied, incarnate;
		2. जिसका कोई भौतिक अर्थात् कड़ा या ठोस रूप हो, और इसीलिए जो देखा या पकड़ा जा सके;	ভৌতিক, ইন্দ্ৰিয়গ্ৰাহ্য;	भौतिक, इन्द्रियग्राह्य;	material, corporeal, concrete;
		3. जिसका महत्व या स्वरूप समझ में आ सके।	বাস্তৱ	बास्तव	solid, hard, tangible.
मूर्ति	स्त्री.	1. आकृति, शकल;	মূৰ্ত্তি, ৰূপ;	मूर्त्ति, रूप;	image, figure, form;

हिंदी शब्द	व्या. कोटि	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. उपासना के लिए बनाई हुई देवी-देवता की प्रतिमा।	প্ৰতিমা, মূৰ্ত্তি	प्रतिमा, मूर्त्ति	idol, statue.
मूर्तिकला	स्त्री.	मूर्तियां बनाने की कला।	মূৰ্ত্তিকলা, খোদাই শিল্প	मूर्त्तिकला, खोदाइ शिल्प	sculpture.
मूर्तिकार	पुं.	मूर्ति बनानेवाला।	মূৰ্ত্তিকাৰ	मूर्त्तिकार	sculptor.
मूर्तिपूजा	स्त्री.	देव-प्रतिमा का पूजन।	মূৰ্ত্তিপূজা	मूर्त्तिपूजा	image-worship, idolatry.
मूर्तिमान	वि.	जो मूर्त रूप में हो, प्रत्यक्ष, साक्षात्।	মূৰ্ত্তিমান, সাক্ষাত্	मूर्त्तिमान, साक्षात्	incarnate, personified.
मूर्द्धन्य	वि.	1. मूर्धा से उत्पन्न;	মূৰ্দ্ধাত উত্পন্ন;	मूर्द्धात उत्पन्न;	of or belonging to the head;
		2. मूर्धा से उच्चरित;	মূৰ্দ্ধন্য (বৰ্ণ);	मूर्द्धन्य (वर्ण);	cerebral (syllable or letter);
		3. शीर्ष स्थानीय, श्रेष्ठ।	শীৰ্ষস্থানীয়, শ্ৰেষ্ঠ	शीर्षस्थानीय, श्रेष्ठ	top-ranking, leading, pre-eminent.
मूल	वि.	आद्य, प्रधान।	মূল, আদ্য, প্ৰধান	मूल, आद्य, प्रधान	original, basic.
	पुं.	1. पेड़-पौधों का वह भाग जो पृथ्वी के नीचे रहता है;	মূল শিপা;	मूल शिपा;	root (of a plant or tree);
		2. आदि, आरंभ;	আদি, আৰম্ভ;	आदि, आरम्भ;	groundwork, beginning;
		3. उत्पत्ति स्थान;	উত্স;	उत्स;	origin, source, cause;
		4. ग्रंथकार की मूल शब्दावली;	মূল পাঠ;	मूल पाठ;	original, original text;
		5. असल पूंजी;	মূলধন;	मूलधन;	principal (sum);
		6. सत्ताइस नक्षत्रों में से उन्नीसवां नक्षत्र।	মূলা নক্ষত্ৰ	मूला नक्षत्र	the nineteenth lunar mansion containing eleven stars.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मूलतः	क्रि. वि.	मूलरूप में, प्रथमतः।	মূলতঃ, প্ৰধানতঃ	मूलतः, प्रधानतः	basically, fundamentally, primarily.
मूलधन	पु.	व्यापार आदि में लगाई हुई पूंजी।	মূলধন	मूलधन	capital, principal.
मूलपाठ	पु.	वह मूल शब्दावली जिसका प्रयोग लेखक ने अपने लेख में स्वयं किया हो।	মূল পাঠ	मूल पाठ	text, original text.
मूलप्रकृति		संसार की बीज शक्ति या आदिम सत्ता जिसका परिणाम तथा विकास यह सारी सृष्टि है।	মূল প্ৰকৃতি	मूल प्रकृति	fundamental or basic nature.
मूलभूत	वि.	आधाररूप, बुनियादी।	মৌলিক, বুনিয়াদী	मौलिक, बुनियादी	fundamental, basic, original.
मूलमंत्र	पु.	वह उपाय जिससे कोई कार्य या सब कार्य जल्दी और सहज में सिद्ध हो जाते हैं।	মূল কথা, মূল মন্ত্ৰ	मूल कथा, मूल मन्त्र	key note, essence.
मूल स्थान	पु.	आदि स्थान, बाप-दादों का स्थान।	আদি বাসস্থান	आदि बासस्थान	original home.
मूली	स्त्री.	एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ और पत्ते शाक की तरह से खाए जाते हैं।	মূলা	मूला	radish.
मूलोच्छेद	पु.	1. जड़ से उखाड़ देना; 2. समूल नाश।	মূলোচ্ছেদ; সমূলঞ্চে নাশ	मूलोच्छेद; समूलन्चे नाश	uprooting; utter destruction, total eradication.
मूल्य	पु.	1. वस्तु के बदले में दिया जानेवाला धन, कीमत, दान; 2. उपयोगिता।	দৰ, মূল্য; মোল, উপযোগিতা	दर, मूल्य; मोल, उपजोगिता	cost, price; worth, value.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मूल्यवान	वि.	जिसका मूल्य अत्यधिक हो, कीमती।	মূল্যৱান	मूल्यवान	costly, valuable, precious.
मूल्यांकन	पु.	मूल्य निर्धारित या निश्चित करने की क्रिया।	মূল্যাঙ্কন, মূল্য নিৰূপণ	मूल्यांकन, मूल्य निरूपण	assessment, evaluation.
मूसल (मूसली स्त्री.)	पु.	लकडी का मोटा डंडा जिससे धान आदि कूटते हैं।	উৰাল-মাৰি, মূষল, ঠোঁৱা	उराल-मारि, मूषल, ठोंरा	pestle, pounder.
मूसलधार (मूसलाधार)	वि., क्रि. वि.	मूसल के समान मोटी धार में (बरसनेवाला पानी)।	হোৰহোৰকৈ, মূষল ধাৰে	होरहोरकै, मूषल धारे	heavy or torrential (rain).
मृग	पु.	हिरन	হৰিণ, পহু	हरिण, पहु	deer, antelope.
मृगचर्म	पु.	हिरन की खाल जो पवित्र मानी जाती है।	পহুৰ ছাল	पहुर छाल	deer-skin held sacred and used as a mat to sit on for worshipping.
मृग-छाला	स्त्री.	दे. 'मृगचर्म'।	পহুৰ ছাল	पहुर छाल	see. 'मृगचर्म'
मृग-जल	पु.	मृग-तृष्णा।	মৰীচিকা	मरीचिका	mirage.
मृग-तृष्णा	स्त्री.	1. कडी धूप में रेतीले मैदानों में होनेवाली जलधारा की मिथ्या प्रतीति;	মৰীচিকা, মৃগতৃষ্ণা;	मरीचिका, मृगतृष्णा;	mirage;
		2. ऐसी तृष्णा जिसकी पूर्ति प्रायः असम्भव हो।	দুৰাকাঙ্ক্ষা	दुराकांक्षा	unaccomplishable desire.
मृग-मद	पु.	कस्तूरी।	কস্তুৰী	कस्तुरी	musk.
मृग-मरीचिका	स्त्री.	दे. 'मृगतृष्णा'।	মৰীচিকা	मरीचिका	see. 'मृगतृष्णा'.
मृगया	स्त्री.	आखेट, शिकार।	চিকাৰ, মৃগয়া	चिकार, मृगया	hunting, the chase.
मृगी	स्त्री.	1. मादा हिरन;	হৰিণী;	हरिणी;	female deer, a hind;
		2. मिरगी नामक रोग, अपस्मार।	মৃগী ৰোগ, অপস্মাৰ	मृगी रोग, अपस्मार	epilepsy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मृणाल	पु.	कमल के पौधे का डंठल, कमल-नाल।	পদুমৰ নলা	पदुमर नला	fibrous root of a lotus, lotus fibre.
मृत	वि.	मरा हुआ या मुर्दा।	মৰা, মৃত	मरा, मृत	dead, deceased, defunct, extinct.
मृतक	पु.	मरा हुआ, मुरदा।	মৃতক	मृतक	dead body, corpse.
मृतक-कर्म	पु.	मृतक की ठीक गति के निमित्त किया जानेवाला कृत्य, प्रेत-कर्म।	প্ৰেত কৰ্ম্ম	प्रेत कर्म्म	posthumous rituals.
मृतप्राय	वि.	लगभग मरा हुआ, मरे हुए के समान।	মৃতপ্ৰায়	मृतप्राय	almost dead.
मृत-भाषा	स्त्री.	वह भाषा जो सामान्य बोलचाल की भाषा न रह गई हो।	মৃতভাষা	मृतभाषा	dead language.
मृत-संजीवनी	स्त्री.	1. मुरदे को जिलाने की क्रिया, मंत्र; 2. एक प्रकार की बूटी जिसके बारे में प्रसिद्ध है कि इसके खिलाने से मुरदा भी जी उठता है।	মৰাক জীয়াব পৰা মন্ত্ৰ; মৃতসঞ্জীৱনী লতা	मराक जीयाब परा मन्त्र; मृतसन्जीवनी लता	charm for reviving the dead; mythological herb that restores the dead to life, anything that infuses new life.
मृत्तिका	स्त्री.	मिट्टी।	মাটি	माटि	earth, soil, clay.
मृत्युंजय	वि.	जिसने मृत्यु को जीत लिया हो।	মৃত্যুঞ্জয়	मृत्युन्जय	conqueror of death, immortal.
	पु.	शिव का एक नाम।	শিৱ	शिव	epithet of Siva.
मृत्यु	स्त्री.	मरण, मौत।	মৃত্যু, মৰণ	मृत्यु, मरण	death, demise.
मृत्यु-कर	पु.	किसी की मृत्यु होने पर उसकी संपत्ति पर लगनेवाला कर।	মৃত্যু-কৰ	मृत्यु-कर	death-duty.
मृत्युदंड	पु.	अपराधी को जान से मार डालने का दंड, प्राणदंड।	মৃত্যুদন্ড, প্ৰাণদন্ড	मृत्युदण्ड, प्राणदण्ड	capital punishment, death sentence.

हिंदी शब्द	व्या. सं.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मृत्युसंख्या	स्त्री.	दुर्घटना, महामारी आदि से मरने वालों की संख्या।	মৃত্যু সংখ্যা	मृत्यु संख्या	death toll.
मृदंग	पु.	ढोलक की तरह का एक बाजा।	মৃদংগ	मृदंग	Indian musical instrument like drum, percussion instrument.
मृदु	वि.	कोमल, नरम, मुलायम।	মৃদু, কোমল	मृदु, कोमल	soft, delicate, tender.
मृदुता	स्त्री.	नरमी, कोमलता।	কোমলতা	कोमलता	softness, gentleness, tenderness.
मृदुल	वि.	कोमल, मुलायम।	মৃদুল, কোমল	मृदुल, कोमल	soft, tender, delicate.
मृषा	क्रि. वि.	झूठमूठ, वृथा।	বৃথাই, মিছাকৈ	बृथाइ, मिछाकै;	falsely, untruly, in vain.
	वि.	झूठ, मिथ्या।	মিছা	मिछा	false, untrue.
में	पर-सर्ग	अधिकरणकारक का चिह्न।	সপ্তমী বিভক্তিৰ চিন	सप्तमी बिभक्तिर चिन	in, into, in the midst of, among, between, at.
मेंगनी	स्त्री.	भेड़-बकरी आदि की विष्टा जो छोटी-छोटी गोलियों के आकार में होती है।	লাদ	लाद	orbicular dung ball of goats, sheep, camels, rats, etc.
मेंड़	स्त्री.	खेत की हदबंदी।	পথাৰৰ বেৰ বা আলি	पथारर बेर बा आलि	hedge (raised to separate fields), border.
मेंड़बंदी	स्त्री.	मेंड बनाने का काम।	আলি দিয়া কাম	आलि दिया काम	hedging.
मेंढक	पु.	एक प्रसिद्ध जल-स्थल-चारी छोटा जन्तु।	ভেকোণা	भेकोला	frog.

हिंदी शब्द	व्या. रूप.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मेंढकी	स्त्री.	मेंढकी की मादा	ভেকুলী	भेकुली	female frog.
मेंह	पु.	वर्षा, पानी बरसना।	বৰষুণ	बरषुण	rain.
मेंहदी	स्त्री.	एक प्रकार की झाड़ी जिसकी पत्तियां हाथ-पैर रंगने के काम आती हैं।	জেতুকা	जेतुका	henna.
मेख	स्त्री.	खूंटा, खूंटी, कील।	খুটি, গঁজাল	खुटि, गँजाल	nail, peg.
मेखला	स्त्री.	करधनी, कमरबंद।	পেটী, কৰ্দ্দনি	पेटी, कर्द्दनि	belt, girdle, waist-band.
मेघ	पु.	बादल।	মেঘ	मेघ	cloud.
मेघाच्छन्न	वि.	बादलों से ढका हुआ।	মেঘাচ্ছন্ন	मेघाच्छन्न	overcast or covered with clouds, cloudy.
मेज	स्त्री.	एक प्रकार की ऊंची चौकी जो खाना खाने, लिखने आदि के लिए आधार रूप में काम आती है।	মেজ, টেবুল	मेज, टेबुल	table.
मेजपोश	पु.	मेज पर शोभा के लिए बिछाया जानेवाला कपड़ा	মেজত পৰা কাপোৰ	मेजत परा कापोर	table cloth, table cover.
मेजबान	पु., वि.	आतिथ्य करनेवाला। (व्यक्ति)।	গৃহস্থ, অভ্যৰ্থনাকাৰী	गृहस्थ, अभ्यर्थनाकारी	host.
मेजबानी	स्त्री.	अतिथि-सत्कार, मेहमानदारी।	অতিথি সত্কাৰ	अतिथि सत्कार	acting as the host, hospitality.
मेटना	स.	दे. 'मिटाना'।	'মিটানা' চোৱাঁ	'मिटाना' चोवाँ	see. 'मिटाना'
मेथी	स्त्री.	एक पत्रशाक जिसके पत्ते सब्जी के लिए और दाने दवा और मसाले के काम आते हैं।	মিঠি	मिठि	the plant finugreek.
मेद	पु.	1. शरीर के अन्दर चरबी;	মেদ, চৰ্ব্বী;	मेद, चर्ब्बी;	fat, marrow;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. चरबी या मोटाई बहुत बढ़ जाने का रोग।	চৰ্ব্বী বঢ়ৰ ৰোগ	चर्व्वी बढ़ा रोग	morbid or unnatural corpulence.
मेदा	पु.	पक्वाशय, पेट।	পাকস্থলী, পেট	पाकस्थली, पेट	stomach.
मेदिनी	स्त्री.	पृथ्वी, धरती।	পৃথিৱী	पृथिवी	earth.
मेधा	स्त्री.	बातें समझने और स्मरण रखने की शक्ति।	মেধা, স্মৃতিশক্তি	मेधा, स्मृतिशक्ति	mental vigour or power, intellect. understanding.
मेधावी	वि.	असाधारण मेधा शक्तिवाला, बुद्धिमान।	মেধাৱী	मेधावी	possessed of extraordinary mental power, intelligent, brilliant.
मेमना	पु.	भेड़ का बच्चा।	ভেঁৰাৰ পোৱালি	भेंरार पोवाली	lamb, kid.
मेरा (मेरी स्त्री.)	सर्व. वि.	'मैं' का संबंधकारक	মোৰ	मोर	my, mine.
मेरु	पु.	1. सुमेरु पर्वत;	সুমেৰু পৰ্ব্বত;	सुमेरु पर्व्वत;	name of a fabulous mountain (supposed to be of gold);
		2. जपमाला में सबसे ऊपर रहनेवाला प्रधान दाना।	জপ-মালাৰ মাজৰ ডাঙৰ মণি	जप-मालार माजर डाडर मणि	centre or most prominent bead in a rosary.
मेरुदंड	पु.	मनुष्यों और बहुत से जीवजन्तुओं में पीठ के बीचों-बीच गरदन से लेकर कमर तक जाने-वाली एवं माला की तरह गुथी हुई हड्डी।	ৰাজহাড়, মেৰুদন্ড	राजहाड़, मेरुदण्ड	spine, backbone.
मेल	पु.	1. मिलन, मिलाप;	মিলন, মিল;	मिलन, मिल;	reconciliation, agreement, concord;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. मित्रता, अनुकूलता;	মিত্ৰতা, মিল;	मित्रता, मिल:	intimacy, amity, friendship;
		3. मिलावट;	মিলন, মিশ্ৰণ;	मिलन, मिश्रण:	mixture, combination;
		4. जोड़ या टक्कर;	মিল, জোৰা;	मिल, जोरा:	match;
		5. तरह, क़िस्म;	প্ৰকাৰ, বিধ;	प्रकार, विध:	kind, quality;
		6. मेल (गाड़ी)।	ডাক (গাড়ী)	डाक (गाड़ी)	mail (train).
मेल-जोल	पु.	आत्मीयतापूर्ण संबंध, प्रीति-संबंध।	মিলাপ্ৰীতি, বন্ধুত্ব	मिलाप्रीति, बन्धुत्व	reconciliation, union, friendship.
मेल-मिलाप	पु.	दे. 'मेल-जोल'।	মিলাপ্ৰীতি	मिलाप्रीति	see 'मेल-जोल'.
मेला	पु.	1. भीड़, जमाव;	ভীৰ;	भीर:	crowd, multitude, throng;
		2. तीर्थ-स्थान, देव-दर्शन, सैर-तमाशे के लिए नियत तिथि और स्थान में होने वाला लोगों का जमाव।	মেলা, উৎসৱ	मेला, उत्सव	large concourse of people (for religious or commercial purposes), fair.
मेला-ठेला	पु.	मेला, सैर-तमाशा।	মেলা, উৎসৱ	मेला, उत्सव	fanfare, hustle and bustle.
मेवा	पु.	खाने का फल विशेषतः सूखा फल।	শুকান ফল	शुकान फल	dry fruit.
मेष	पु.	1. भेड़;	ভেঁড়া, মেষ;	भेंड़ा, मेष:	ram, sheep;
		2. ज्योतिष में बारह राशियों में से पहली राशि।	মেষ ৰাশি	मेष राशि	first sign of the zodiac, Aries.
मेष-संक्रांति	स्त्री.	सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने का समय।	মেষ সংক্ৰান্তি	मेष संक्रान्ति	the day when the sun crosses into the mansion of Aries.
मेह	पु.	1. पेशाब, मूत्र;	মূত;	मूत:	urine;
		2. कोई ऐसा रोग जिसमें मूत्र के साथ कोई विकृत तत्व भी निकलता हो।	মেহ ৰোগ	मेह रोग	urinary disease, diabetes.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मेहतर	पु.	भंगी।	মেতৰ	मेतर	sweeper, scavenger.
मेहतरानी	स्त्री.	भंगी की पत्नी या भंगी का पेशा (काम) करनेवाली स्त्री, भंगिन।	মেতৰনী	मेतरनी	the wife of a sweeper or sweeper woman.
मेहनत	स्त्री.	परिश्रम, उद्योग।	মেহনত, খাটনি	मेहनत, खाटनि	labour, toil, hard work.
मेहनताना	पु.	1. मेहनत करने के बदले में मिलनेवाला धन, पारिश्रमिक;	পাৰিশ্ৰমিক, মজুৰি;	पारिश्रमिक, मजुरि;	remuneration, wages;
		2. वकील की फीस।	উকীলৰ মাচুল	उकीलर माचुल	fee paid to a lawyer.
मेहनती	वि.	मेहनत करनेवाला, परिश्रमी।	পৰিশ্ৰমী	परिश्रमी	laborious, diligent, hard-working.
मेहमान	पु.	अतिथि, पाहुना।	অতিথি, আলহী	अतिथि, आलही	guest.
मेहमानदारी	स्त्री.	मेहमान की की जानेवाली आवभगत, आतिथ्य।	আতিথ্য, শুশ্ৰূষা	आतिथ्य, शुश्रूषा	hospitality, entertainment.
मेहमानी	स्त्री.	1. मेहमान होने की अवस्था या भाव;	আলহী হোৱাৰ অৱস্থা;	आलही होवार अवस्था;	staying as a guest
		2. मेहमान का किया जानेवाला सत्कार।	আতিথ্য	आतिथ्य	enjoying the hospitality (of).
मेहरबान	वि.	कृपालु, दयालु, अनुग्रह करने वाला।	দয়ালু	दयालु	kind, benevolent, compassionate.
मेहरबानी	स्त्री.	कृपा, अनुग्रह, उपकार।	কৃপা, দয়া	कृपा, दया	kindness, goodness, favour.
मेहरा	पु.	1. जनखा, स्त्रैण व्यक्ति;	তিৰোতা-সেৰুৱা লোক;	तिरोता-सेरुवा लोक;	effeminate person
		2. बर्तन मांजने या पानी भरनेवाला व्यक्ति।	বাচন মজা আৰু পানী ধৰা মানুহ	बाचन मजा आरु पानी धरा मानुह	household utensil cleaner.

हिंदी शब्द	व्या. कोटि.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मेहराब	स्त्री.	द्वार के ऊपर का अर्द्धमंडलाकार बनाया हुआ भाग।	ধেনুভিৰীয়া সজ্জা	धेनुभिरीया सज्जा	arch, vault.
मेहराबदार	वि.	जिसमें मेहराब लगी हो।	ধেনুভিৰীয়া সজ্জাযুক্ত	धेनुभिरीया सज्जायुक्त	arched, vaulted.
मेहरी	स्त्री.	बर्तन मांजनेवाली स्त्री;	বাচন মাজঁতী	वाचन माजँती	woman who works as a household utensil cleaner.
मैं	सर्व.	एक सर्वनाम, उत्तम पुरुष में कर्ता का रूप।	মই	मइ	the pronoun 'I'.
मैत्री	स्त्री.	मित्रता, दोस्ती।	মৈত্ৰী, মিত্ৰতা	मैत्री, मित्रता	friendship, intimacy.
मैथुन	पु.	स्त्री के साथ पुरुष का समागम, रति-क्रीड़ा।	স্ত্ৰী-সংগম, মৈথুন	स्त्री-संगम, मैथुन	coition, copulation, carnal intercourse.
मैदा	पु.	बहुत महीन पीसा हुआ आटा जिससे पकवान और मिठाइयां बनती हैं।	ময়দা	मयदा	fine wheat flour.
मैदान	पु.	1. विस्तृत क्षेत्र या भूखंड, दूर तक फैली हुई सपाट जमीन;	বহল সমভূমি;	वहल समभूमि;	extensive plain;
		2. पर्वतीय क्षेत्र से भिन्न समतल भूभाग;	ভৈয়াম;	भैयाम;	plains;
		3. खेल आदि का स्थान;	খেলপথাৰ;	खेलपथार;	field, playground;
		4. युद्धक्षेत्र, समरस्थली।	ৰণথলী, যুদ্ধক্ষেত্ৰ	रणथली, जुद्धक्षेत्र	battle-field.
मैना	स्त्री.	एक चिड़िया जो अपनी मीठी बोली के लिए प्रसिद्ध है, सारिका।	ময়না (চৰাই)	मयना (चराइ)	name of a bird, a kind of starling.
मैल	स्त्री.	1. शरीर, कपड़े आदि से चिपका हुआ मल, गर्द, धूल आदि;	মল, মলি;	मल, मलि;	dirt, filth, scum;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी के प्रति मन में संचित दुर्भाव।	ঈৰ্ষা, কপট	ईर्षा, कपट	rancour, sullenness.
मैलखोरा	वि.	धूल-गर्द आदि पड़ने पर भी जो मैला न दिखाई दे, जो मैल को छिपा सके।	সহজে লেতেৰা নোহোৱা	सहजे लेतेरा नोहोवा	dust-absorbing (as colour).
मैला	वि.	जिस पर मैल जमी हो, जिस पर धूल-गर्द आदि पड़ी हो, गंदा।	লেতেৰা, মলিয়ন	लेतेरा, मलियन	dirty, filthy, foul, unclean.
	पुं.	गू, विष्टा।	বিষ্ঠা, গু	विष्ठा, गु	excrement, faeces.
मैला-कुचैला	वि.	बहुत अधिक मैला या गंदा।	অতি লেতেৰা	अति लेतेरा	dirty and filthy.
मैलापन	पुं.	मलिनता, गंदापन।	মলিনতা, মল	मलिनता, मल	dirtiness, filthiness.
मोक्ष	पुं.	1. बंधन से छूटना, मुक्ति, छुटकारा;	মুক্তি;	मुक्ति;	emancipation, deliverance, freedom;
		2. जन्म-मरण के बंधन से छूटना।	মোক্ষ, মুক্তি	मोक्ष, मुक्ति	release from worldly existence, final beatitude.
मोगरा	पुं.	बड़े और अधिक सुगंधित फूलवाला बेला।	এবিধ সুগন্ধি ফুলৰ লতা	एविध सुगन्धि फुलर लता	the double jasmine.
मोघ	वि.	निरर्थक, व्यर्थ जानेवाला।	নিৰৰ্থক, অসাৰ	निरर्थक, असार	vain, useless, ineffective.
मोच	स्त्री.	झटका लगने से शरीर के किसी अंग के जोड़ की नस का अपने स्थान से इधर-उधर खिसक जाना।	মোচকা, কচকা	मोचका, कचका	sprain, twist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मोचन	पु.	बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना, छुटकारा देना या दिलाना।	মোচন, মুক্তি	मोचन, मुक्ति	release, liberation freeing or delivering from.
मोचना	पु.	एक औजार, चिमटी।	চিম্‌তা, চেপেনা	चिम्ता, चेपेना	a pair of forceps, pincers.
मोची	पु.	जूते गांठने या सीनेवाला।	মুচী	मुची	shoemaker, cobbler.
मोजा	पु.	पांव में पहनने का एक बुना हुआ कपड़ा।	মোজা	मोजा	stocking, socks.
मोटा	वि.	1. जिसकी देह में मांस-मेद अधिक हो, स्थूलकाय;	মোটা, শকত;	मोटा, शकत;	fat, plump, corpulent;
		2. जो पतला या बारीक न हो (जैसे कपड़ा आदि)।	ডাঠ, মোটা	डाठ, मोटा	thick, coarse.
मोटा-ताजा	वि.	हृष्ट-पुष्ट, तगड़ा।	হৃষ্টে-পুষ্ট	हृष्ट-पुष्ट	stout, robust, well-built.
मोटाई	स्त्री.	1. मोटापा, स्थूलता;	স্থূলতা, শকত অৱস্থা;	स्थूलता, शकत अवस्था;	fatness, plumpness, corpulence;
		2. किसी वस्तु की लंबाई और चौड़ाई के अतिरिक्त तीसरा आयाम।	বেধ	बेध	thickness.
मोटाना	अ. क्रि.	1. मोटा होना; स्थूलकाय होना;	শকত হ;	शकत ह;	to fatten, to grow fat or plump;
		2. धनवान या सम्पन्न होना।	ধনৱান বা সম্পত্তিশালী হ	धनवान वा सम्पत्तिशाली ह	to become wealthy.
मोटापन	पु.	मोटा होने की अवस्था या भाव।	শকত বা মোটা অৱস্থা	शकत वा मोटा अवस्था	fatness, plumpness, thickness.
मोटापा (मुटापा)	पु.	दे. 'मोटापन'।	শকত বা মোটা অৱস্থা	शकत वा मोटा अवस्था	see. 'मोटापन'.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मोठ	स्त्री.	मूंग की तरह का एक मोटा अन्न।	সোণবৰণীয়া এবিধ মগুমাহ	मोणवरंणीया एविध मगुमाह	a kind of grain, lentil.
मोड़	पु.	1. मुड़ने या मोड़ने की अवस्था, क्रिया या भाव, घुमाव;	মোড়, ভাঁজ, মোটোক;	मोड़, भाँज, मोटोक;	turn, bend, twist;
		2. वह जगह जहां से रास्ता दूसरी दिशा की ओर मुड़ता हो;	ৰাস্তাৰ ভাঁজ, কেঁকুৰি;	रास्तार भाँज, केंकुरि;	turning point;
		3. वह स्थिति जिसमें किसी काम या बात की दिशा बदली हो।	দিক বা গতি সলনি	दिक वा गति सलनि	(fig.) a new direction.
मोड़ना	स. क्रि.	1. घुमाना, दिशा बदलना;	ঘূৰা, ঘূৰুৱা;	घूरा, घूरुवा;	to turn, to turn back;
		2. टेढ़ा करना;	ভাঁজ দি, মোড় দি;	भाँज दि, मोड़ दि;	to bend, to twist;
		3. तह करना।	জাপ, ভাঁজ দি	जाप, भाँज दि	to fold.
मोढ़ा	पु.	बांस, सरकंडे या बेंत का बना हुआ एक प्रकार का ऊंचा गोलाकार आसन।	মূঢ়া	मूढ़ा	a kind of stool made of reeds.
मोतिया	वि.	मोती जैसा।	মুকুতাৰ দৰে	मुकुतार दरे	bright as a pearl.
	पु.	1. बेले का एक भेद;	এবিধ মালতী ফুল;	एविध मालती फुल;	a kind of jasmine;
		2. एक प्रकार का सलमा।	এক প্ৰকাৰৰ চিলাই	एक प्रकारर चिलाइ	a kind of embroidery.
मोतियाबिंद	पु.	आंख का एक रोग जिसमें देखने की शक्ति दिन पर दिन कम होती जाती है।	চকুত চলিহাই ধৰা বা ফুল পৰা ৰোগ	चकुत चलिहाइ धरा वा फुल परा रोग	cataract, a disease of the eye.
मोती	पु.	एक बहुमूल्य रत्न जो सीपी में से निकलता है, मुक्ता।	মুকুতা, মুক্তা	मुकुता, मुक्ता	pearl.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मोतीचूर	पुं.	बेसन की बनी हुई बहुत छोटी बूंदियां जिसे चाशनी में डालकर लड्डू बनाए जाते हैं।	বেচনেৰে কৰা এবিধ লাড়ু	बेचनेरे करा एबिध लाडु	laddu,a kind of sweet-meat.
मोतीझरा (मोतीझिरा)	पुं.	आन्त्रज्वर, मियादी बुखार।	সন্নিপাত জৰ	सन्निपात जर	typhoid.
मोथा	पुं.	नागर मोथा।	গান্ধ বিৰিণা;	गान्ध विरिणा	a kind of grass and its root (used in medicine and for perfume).
मोद	पुं.	1. हर्ष, आह्लाद; 2. सुगंध।	আমোদ, আহ্লাদ; সুগন্ধ	आमोद, आह्लाद; सुगन्ध	pleasure, delight, happiness; fragrance, perfume.
मोदक	पुं.	लड्डू।	লাড়ু	लाडु	a small round sweetmeat, laddu.
	वि.	आनन्द देने वाला।	আনন্দদায়ক, সুখকৰ	आनन्ददायक, सुखकर	gladdening, exhilarating.
मोदन	पुं.	खेल-तमाशे आदि के द्वारा मन का बहलना तथा चित्तवृत्तियों का प्रफुल्लित होना।	চিত্তবিনোদ, ৰং-তামচা	चित्तविनोद, रं-तामचा	joy, pleasure, recreation.
मोदी	पुं.	दाल, चावल आदि बेचने वाला, परचूनिया।	দোকানী, বেপাৰী	दोकानी, बेपारी	merchant, grocer.
मोदीखाना	पुं.	अन्न आदि रखने का घर, भंडार।	ভঁৰাল	भँराल	store-house, provision store.
मोम	पुं.	वह चिकना, मुलायम द्रव्य जिसमें शहद की मक्खियां अपना छत्ता बनाती हैं।	মম, মম এঠা	मम, मम एठा	bees-wax, wax.
मोमबत्ती	स्त्री.	धागे पर मोम चढ़ाकर बनाई हुई बत्ती जिसे रोशनी के लिए जलाते हैं।	মমবাতি	ममबाति	wax-candle, candle-stick.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मोमी	वि.	1. मोम का बना हुआ; 2. मोम की तरह मुलायम।	মমেৰে সজা; মমৰ দৰে কোমল	ममेरे सजा; ममर दरे कोमल	waxen; soft as wax.
मोयन	पु.	खस्तेपन के लिए गुंधे हुए आटे में डाला जाने वाला घी या तेल।	ময়ন, ঘিঁউ সনা কাৰ্য্য	मयन, घिँउ सना कार्य्य	mixing of ghee in kneaded flour to impart crispness and softness to the ultimate preparation.
मोर	पु.	एक बड़ा पक्षी जो अपनी सुन्दरता एवं नृत्य के लिए प्रसिद्ध है, मयूर।	ময়ূৰ, ম'ৰা	मयूर, म'रा	peacock.
मोरनी	स्त्री.	1. मादा मोर; 2. नथ में लटकाने का टिकरा।	মাইকী ম'ৰা; লটকন	माइकी म'रा; लटकन	peahen; pendant (of an earring or nose-ring).
मोरपंख	पु.	मोर का पर या पंख।	ম'ৰাৰ পাখি	म'रार पाखि	feather of a peacock.
मोर-मुकुट	पु.	मोरपंख का मुकुट।	ম'ৰাৰ পাখিৰে সজা মুকুট	म'रार पाखिरे सजा मुकुट	crown made of peacock feathers.
मोरी	स्त्री.	छोटी नाली जिससे गंदा या फालतू पानी बहकर निकलता है।	পানীৰ নলা, নৰ্দ্দমা	पानीर नला, नर्द्दमा	drain, gutter, sewer, conduit.
मोर्चा	पु.	वह स्थान जहां से सेना, गढ़, नगर, आदि की रक्षा की जाती है।	ঘাটি, ছাউনী	घाटि, छाउनी	battle front, front.
मोर्चाबंदी	स्त्री.	मोर्चा बनाना।	ছাউনি বা ঘাটি স্থাপন	छाउनि वा घाटि स्थापन	taking up strategic position.
मोल	पु.	मूल्य, दाम।	মোল, মূল্য	मोल, मूल्य	cost, price.
मोल-तोल	पु.	दाम ठहराने, सौदा पटाने की बातचीत।	দৰাদৰি	दरादरि	bargaining, higgling.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मोह	पुं.	1. स्नेह, लगाव;	চেনেহ, প্ৰীতি;	चेनेह, प्रीति;	attachment, love, affection;
		2. बेवकूफी, मूर्खता;	মূঢ়তা, মূৰ্খালি;	मूढ़ता, मूर्खालि;	folly, ignorance, infatuation;
		3. (दर्शन में) मन का वह भ्रम जो सत्य का ठीक-ठाक ज्ञान नहीं होने देता।	মোহ, মায়া	मोह, माया	(in phil.) delusion of mind which prevents one from discerning the truth.
मोहक	वि.	1. मोह उत्पन्न करनेवाला;	মোহ, জন্মোৱা;	मोह जन्मोवा;	bewildering, infatuating;
		2. मन को आकृष्ट करनेवाला, लुभावना।	লোভনীয়	लोभनीय	charming, fascinating.
मोहताज (मुहताज)	वि.	दे. 'मुहताज'।	'মুহতাজ' চোৱাঁ	'मुहताज' चोवाँ	see. 'मुहताज'.
मोहना	अ. क्रि.	1. मुग्ध होना, मोहित होना।	মুগ্ধ হ, মোহিত হ	मुग्ध ह, मोहित ह	to be tempted, to be infatuated.
	स. क्रि.	2. लुभाना, मोहित करना, मोह या भ्रम में डालना।	মুগ্ধ কৰ, মোহিত কৰ, লোভ লগা	मुग्ध कर, मोहित कर, लोभ लगा	to fascinate, to delude, to bewilder.
मोहनी	स्त्री.	1. मोहक प्रभाव, वशीकरण;	মোহনী, যাদু, মন্ত্ৰ;	मोहनी, जादु, मन्त्र;	charm, spell;
		2. माया।	মায়া	माया	illusion.
	वि.	मोहित करनेवाली।	মোহনী, যাদুকৰী, মনোহৰ	मोहनी, जादुकरी, मनोहर	fascinating, charming.
मोहर (मुहर)	स्त्री.	दे. 'मुहर'।	মোহৰ, মুদ্ৰা, চাব	मोहर, मुद्रा, चाब	see. 'मुहर'.
मोहरा	पुं.	1. शतरंज की गोटी;	দবা খেলৰ গুটি;	दबा खेलर गुटि;	chessman;
		2. बरतन आदि का मुहं;	মুখ;	मुख;	opening;
		3. सेना का अग्रभाग।	আগ শাৰীৰ সৈন্য	आग शारीर सैन्य	van, vanguard.
मोहरी	स्त्री.	पाजामे का नीचे की ओर का मुंह, पाचंचा।	পায়জামাৰ মুখ	पायजामार मुख	lower opening of trousers.
मोहलत	स्त्री.	दे. 'मुहलत'।	'মুহলত' চোৱাঁ	'मुहलत' चोवाँ	see. 'मुहलत'.

हिंदी शब्द	व्या. का.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मोहित	वि.	1. पूर्ण रूप से आसक्त या मुग्ध;	মোহিত, মুগ্ধ;	मोहित, मुग्ध;	fascinated, charmed, enamoured;
		2. भ्रम में पड़ा हुआ।	প্ৰেমত পৰা, প্ৰেমাসক্ত	प्रेमत परा, प्रेमासक्त	bewildered, infatuated, deluded.
मोहिनी	वि.	मोहित करनेवाली, मोहनेवाली।	মোহিনী, যাদুকৰী	मोहिनी, जादुकरी	fascinating, charming.
	स्त्री.	माया, मोह।	মোহিনী, মায়া, মোহ	मोहिनी, माया, मोह	illusion.
मोही	वि.	जिसके मन में सभी के प्रति प्रेम हो, प्रेमी।	প্ৰেমী, মৰমিয়াল	प्रेमी, मरमियाल	loving, affectionate.
मौका	पुं.	1. उपयुक्त काल, अवसर;	চেগ, সুযোগ, উপযুক্ত সময়;	चेग, सुजोग, उपजुक्त समय;	chance, occasion, opportunity;
		2. वह स्थल जहां कोई घटना हुई हो।	ঘটনাস্থলী	घटनास्थली	place of occurrence, situation, site.
मौखिक	वि.	मुंह से कहा या बोला जानेवाला, जबानी।	মৌখিক, মুখেৰে কোৱা	मौखिक, मुखेरे कोवा	oral, verbal.
मौखिक परीक्षा	स्त्री.	विद्यार्थियों को मौखिक प्रश्न करके ली जानेवाली परीक्षा।	মৌখিক পৰীক্ষা	मौखिक परीक्षा	oral examination, viva voce (test).
मौज	स्त्री.	1. मन की लहर, तरंग; 2. सुख, आनन्द, समृद्धि; 3. लहर।	মনৰ ভাৱ, খেয়াল; মজা, মৌজ, সুখ; ঢৌ, তৰংগ, লহৰ	मनर भाव, खेयाल; मजा, मौज, सुख; ढौ, तरंग, लहर	whim, caprice; delight, ecstasy; wave, surge.
मौजा	पुं.	1. गांव, ग्राम; 2. स्थान।	গাঁও, পাৰা; ঠাই, স্থলী	गाँओ, पारा; ठाइ, स्थली	village, hamlet; place, site.
मौजी	वि.	जो मन में आए वह कर बैठनेवाला।	খামখেয়াল, খেয়ালী, খেয়লীয়া	खामखेयाल, खेयाली, खेयलीया	whimsical, capricious, emotional.
मौज़ूं	वि.	ठीक, उपयुक्त।	ঠিক, উপযুক্ত	ठीक, उपजुक्त	reasonable, befitting, suitable.

हिंदी शब्द	व्या. श्रेणी	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
मौजूद	वि.	उपस्थित, हाजिर, विद्यमान।	উপস্থিত থকা, মজুত, বিদ্যমান, হাজিৰ	उपस्थित थका, मजुत, विद्यमान, हाजिर	present, existing.
मौजूदगी	स्त्री.	उपस्थिति, हाजिरी, विद्यमानता।	উপস্থিতি, হাজিৰা, বিদ্যমানতা	उपस्थिति, हाजिरा, विद्यमानता	existence, presence.
मौजूदा	वि.	वर्तमान काल का, जो सामने उपस्थित या प्रस्तुत हो।	বৰ্ত্তমান, উপস্থিত, প্ৰস্তুত	वर्त्तमान, उपस्थित, प्रस्तुत	existing, current or present.
मौत	स्त्री.	मरण, मृत्यु।	মৰণ, মৃত্যু	मरण, मृत्यु	death, demise.
मौन	वि.	जो न बोले, चुप।	মৌন, অবাক, চুপ	मौन, अवाक, चुप	mum, silent, speechless,
	पु.	चुप रहना, चुप्पी।	মৌনতা, নীৰৱতা	मौनता, नीरवता	silence, taciturnity.
मौनव्रत	पु.	चुप रहने का व्रत।	মৌন ব্ৰত, মুখেৰে নমতা ব্ৰত	मौन व्रत, मुखेरे नमता व्रत	vow of silence.
मौनी	वि.	चुप रहनेवाला, न बोलनेवाला।	মৌনী, মুখেৰে নমতা মানুহ	मौनी, मुखेरे नमता मानुह	observing a vow of silence, silent.
मौनी अमावस	स्त्री.	माघ मास की अमावस्या (हिन्दू धर्म)।	মাঘ মাহৰ অমাৱস্যা তিথি	माघ माहर अमावस्या तिथि	the last day of the dark fortnight of the month Magha when a vow to keep silent is taken.
मौर	पु.	1. एक तरह का मुकुट जो विवाह के अवसर पर वर को पहनाया जाता है;	মুৰিয়ল, বিয়াত বৰে পিন্ধা মুকুট;	मूरियल, वियात बरे पिन्धा मुकुट;	a kind of crown worn by the bridegroom in traditional Indian marriage ceremonies;
		2. मौर, मंजरी।	ফুলৰ কলি, মঞ্জৰী	फुलर कलि, मंजरी	a bud, blossom.
मौरूसी	वि.	पैतृक।	পৈতৃক	पैतृक	hereditary, patrimonial.
मौलवी	पु.	1. इस्लामी धर्म-शास्त्र का पंडित;	মৌলবী;	मौलवी;	a person learned in Muslim religion;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. अरबी, फारसी पढ़ानेवाला।	আৰবী বা পাৰ্চী ভাষাৰ শিক্ষক	आरबी वा पार्ची भाषार शिक्षक	teacher of Arabic and Persian.
मौलसिरी	स्त्री.	एक सदाबहार पेड़ जिसके फूल बहुत सुगंध वाले होते हैं।	বকুল গছ	बकुल गछ	a perennially blooming tree yielding very fragrant small flowers.
मौला	पु.	1. स्वामी; 2. ईश्वर; 3. वह गुलाम जिसे मुक्ति मिली हो।	গৰাকী, স্বামী; ঈশ্বৰ; মুক্তি, পোৱা গোলাম	गराकी, स्वामी; ईश्वर; मुक्ति, पोवा गोलाम	lord, master; God; a manumitted slave, freed man.
मौलाना	पु.	अरबी का बहुत बड़ा विद्वान, बड़ा मौलवी।	মৌলানা, বৰ মৌলবী	मौलाना, बर मौलवी	great scholar of Arabic.
मौलि	पु.	1. चोटी, सिरा; 2. मस्तक, सिर; 3. मुकुट, किरीट।	শীৰ্ষ, চূড়া; মূৰ; মুকুট কিৰীটি	शीर्ष, चूड़ा; मूर; मुकुट किरीटि	top of anything; head; crown, diadem.
मौलिक	वि.	1. मूल-संबंधी, मूलगत;	মৌলিক, মূলগত;	मौलिक, मूलगत;	radical, primordial, fundamental;
		2. जो किसी की छाया, उलथा, अनुकृति आदि न हो।	মৌলিক, মূল	मौलिक, मूल	original.
मौलिकता	स्त्री.	मौलिक होने का भाव।	মৌলিকতা	मौलिकता	originality.
मौसंबी (मौसमी)	स्त्री.	नींबू की जाति का एक प्रकार का मीठा फल।	মৌচম্বী, মিঠা নেমু	मौचम्बी, मिठा नेमु	a big sweet lemon.
मौसम	पु.	1. गरमी, सरदी आदि के विचार से समय का विभाग, ऋतु;	ঋতু, বতৰ;	ऋतु, बतर;	season, weather;
		2. किसी काम या बात के लिए उपयुक्त समय।	উপযুক্ত সময়, ঠিক সময়	उपजुक्त समय, ठिक समय	opportune time.
मौसमी	वि.	1. किसी विशिष्ट ऋतु या मौसम में होनेवाला;	মৌচুমী, বতৰীয়া;	मौचुमी, बतरीया;	seasonal, of the season;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. समयोपयोगी, काल के अनुकूल।	সময়োপযোগী	समयोपजोगी	opportune.
मौसा	पु.	संबंध के विचार से माता की बहन का पति।	মহা	महा	husband of mother's sister.
मौसिया	वि.	मौसी के द्वारा संबंधित, मौसी के संबंध का।	মাহীৰ লগা-ভগা, মাহীৰ সম্বন্ধীয়	माहीर लगा-भगा, माहीर सम्बन्धीय	through the relation of mother's sister.
मौसी	स्त्री.	माता की बहन।	মাহী	माही	mother's sister, aunt.
मौसेरा	वि.	मौसी से संबद्ध, मौसी के संबंध का।	মাহীৰ সম্বন্ধীয়	माहीर सम्बन्धीय	related through mother's sister.
म्यान	स्त्री.	तलवार आदि रखने का कोष या गिलाफ।	তৰোৱাল আদি ৰখা খাপ, ফাঁক, খোলোপ	तरोवाल आदि रखा खाप, फाँक, खोलोप	sheath.
म्रियमाण	वि.	मरा हुआ या मृतप्राय।	মৰোঁ মৰোঁ, ম্ৰিয়মান	मरों मरों, म्रियमान	on the verge of death, moribund.
म्लान	वि.	1. कुम्हलाया या मुरझाया हुआ;	ম্লান, শেঁতা;	म्लान, शेंता;	faded, withered.
		2. निस्तेज, दुर्बल।	দুৰ্ব্বল, নিশকতীয়া	दुर्ब्बल, निशकतीया	languid, weary.
म्लानि	स्त्री.	मलिनता, कांतिक्षय।	মলিনতা	मलिनता	languor, lassitude, fading.
यंत्र	पु.	विशेष प्रकार से बनाया हुआ कोई ऐसा उपरकण जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए अथवा कोई चीज बनाने के काम आता हो, औजार।	যন্ত্ৰ, সঁজুলি	जन्त्र, सँजुलि	instrument, mechanical contrivance.
यंत्रणा	स्त्री.	बहुत अधिक तीव्र कष्ट या पीड़ा।	যন্ত্ৰনা, কষ্ট, পীড়া	जन्त्रना, कष्ट, पीड़ा	pain, anguish, affliction, torture.
यंत्र-तंत्र	पु.	ऐसी क्रिया जिसमें तांत्रिक शास्त्र का प्रयोग किया जाता है, जादूटोना।	তন্ত্ৰ-মন্ত্ৰ	तन्त्र-मन्त्र	sorcery.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यकायक	क्रि. वि.	एकाएक।	হঠাত্, অকস্মাত্	हठात्, अकस्मात्	all at once, suddenly, immediately.
यकीन	पु.	विश्वास, एतबार।	বিশ্বাস, আস্থা	बिश्वास, आस्था	confidence, faith.
यकीनन	क्रि. वि.	निश्चित रूप से।	নিশ্চয়, অৱশ্যে	निश्चय, अवश्ये	certainly, surely.
यक्ष्मा	स्त्री.	क्षय नामक रोग, तपेदिक का रोग।	যক্ষ্মা, ক্ষয় ৰোগ	जक्ष्मा, क्षय रोग	pulmonary disease, consumption, tuberculosis.
यजन	पु.	1. यज्ञ करना;	যজ্ঞ কৰা, যাজন;	जज्ञ करा, याजन;	the act of sacrificing or worshipping;
		2. यज्ञभूमि।	যজ্ঞ কৰা ঠাই, যজ্ঞ ভূমি	जज्ञ करा ठाइ, जज्ञ भूमि	a place of sacrifice.
यजमान	पु.	ब्राह्मण को दान-दक्षिणा आदि देकर यज्ञ कराने वाला व्यक्ति।	যজমান	जजमान	householder who performs the sacrifice through priests.
यजमानी	स्त्री.	यजमानों के यहां कर्मकांड आदि कराने तथा उनसे दान-दक्षिणा आदि लेने की वृत्ति।	যজমানি	जजमानि	occupation of performing sacrifice for the household.
यज्ञ	पु.	प्राचीन भारतीय आर्यों का एक प्रसिद्ध वैदिक कृत्य जिसमें प्रायः हवन और पूजन होता था।	যজ্ঞ	जज्ञ	ceremony of the Aryas in which oblations were offered.
यज्ञ-कर्ता	पु. वि.	यज्ञ करनेवाला।	যজ্ঞকৰ্ত্তা, যজ্ঞ কৰোঁতা	जज्ञकर्त्ता, जज्ञ करोंता	one who performs the ceremony of sacrifice or oblation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यज्ञ-सूत्र	पु.	जनेऊ, यज्ञोपवीत।	যজ্ঞ-সূত্ৰ, লগুণ	जज्ञ-सूत्र, लगुण	sacrificial thread or cord, sacred thread.
यज्ञशाला	स्त्री.	यज्ञ करने का स्थान।	যজ্ঞশালা, যজ্ঞ কৰা ঠাই	जज्ञशाला, जज्ञ करा ठाइ	sacrificial hall, house or place for keeping the sacrificial fire.
यज्ञोपवीत	पु.	1. हिन्दुओं का एक संस्कार जिसमें बालक को पहले – पहल तीन तागों का मण्डलाकार सूत पहनाया जाता है;	লগুণ দিয়নি;	लगुण दियनि;	a Hindu ceremony in which a child is introduced to wearing the sacred thread;
		2. तीन तागोंवाला वह सूत्र जो उक्त अवसर पर बालक को पहले-पहल पहनाया जाता है, जनेऊ।	যজ্ঞোপৱীত, লগুণ	जज्ञोपवीत, लगुण	sacred or sacrificial thred.
यति	पु., स्त्री.	1. संन्यासी;	যতী;	जती;	ascetic, one who has renounced the world and controlled his passions;
		2. संगीत अथवा काव्यछंदों के चरणों में वह स्थान जहां पढ़ते समय थोड़ा विश्राम हो।	যতি	जति	(music) pause, (prosody) caesura.
यतिभंग	पु.	काव्य का लय संबंधी एक दोष जिसमें नियत स्थान पर विश्राम नहीं होता, बल्कि उससे कुछ पहले या पीछे होता है।	ছন্দভংগ, লয়ভংগ	छन्दभंग, लयभंग	(prosody) caesural flaw.
यतीम	पु.	ऐसा बालक जिसके माता-पिता मर गए हों, अनाथ।	মাউৰা, অনাথ	माउरा, अनाथ	orphan.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यत्किंचित्	वि.	थोड़ा-सा, जरा सा।	যত্কিঞ্চিত্ অকনমান	जत्किन्चित्, अकनमान	whatever, whatsoever.
यत्न	पु.	1. किसी काम या बात के लिए किया जानेवाला उद्योग, कोशिश;	যত্ন, চেষ্টা;	जत्न, चेष्टा;	effort, endeavour;
		2. उपाय, युक्ति।	উপায়, যুক্তি	उपाय, युक्ति	means, device.
यत्नवान	वि.	यत्न करनेवाला।	যত্নবান, যত্ন কৰোঁতা	जत्नबान, जत्न करोंता	making effort or exertion, diligent.
यत्र	क्रि. वि.	जिस जगह, जहां।	য'ত, যি ঠাইত	ज'त, जि ठाइत	in which place, where.
यत्र-तत्र	क्रि.	1. जहां-तहां, इधर-उधर।	য'তে ত'তে	ज'ते त'ते	wherever, anywhere.
यथा	अव्य.	जिस प्रकार से, जैसे।	যেনে যথা	जेने जथा	in which manner, as, like as, like, according to.
यथाक्रम	क्रि. वि.	ठीक और निश्चित क्रम से।	যথাক্ৰমে, ক্ৰম অনুসৰি	जथाक्रमे, क्रम अनुसरि	according to order, in regular order or series, in due succession.
यथातथ्य	वि., क्रि. वि.	ज्यों का त्यों, हूबहू।	বস্তুতঃ, আচলতে, হু-বহু	बस्तुतः, आचलते, हु-बहु	in accordance with the truth, really, truly.
यथानुक्रम	क्रि. वि.	यथाक्रम, क्रमानुसार।	যথাক্ৰমে, ক্ৰমানুয়ে	जथाक्रमे, क्रमान्वये	according to order.
यथापूर्व	क्रि. वि.	पहले की तरह।	যথা পূৰ্ব্ব, পূৰ্ব্বে কোৱা মতে	जथा पूर्व्व, पूर्व्वे कोवा मते	as before, as previously.
यथायोग्य	क्रि. वि.	1. जैसा चाहिए ठीक वैसा;	ঠিক মতে;	ठिक मते;	consonant with propriety;
		2. यथोचित।	যথোচিত	जथोचित	suitably, properly, fitly,

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यथार्थ	पु. वि.	जो अपने अर्थ (आशय, उद्देश्य, भाव आदि) के ठीक अनुरूप हो।	যথাৰ্থ, সঠিক	जथार्थ, सठिक	accordant with reality, conformable to truth, or to the true meaning or sense, agreeing with fact.
यथार्थतः	क्रि. वि.	वास्तव में, सचमुच।	বস্তুতঃ, প্ৰকৃততে	वस्तुतः, प्रकृतते	truly, rightly, fitly, really.
यथार्थता	स्त्री.	1. यथार्थ होने की अवस्था या भाव; 2. सच्चाई, सत्यता।	যথাৰ্থতা, প্ৰকৃত অৱস্থা; সত্যতা	जथार्थता, प्रकृत अवस्था; सत्यता	reality; correctness, accuracy.
यथार्थवाद	पु.	आजकल साहित्यिक क्षेत्र में यह मत या सिद्धांत कि प्रत्येक बात अपने यथार्थ रूप में चित्रित की जानी चाहिए।	যথাৰ্থবাদ, বাস্তৱবাদ	जथार्थवाद, बास्तववाद	realism.
यथार्थवादी	पु.वि.	1. यथार्थवाद से संबंध रखनेवाला; 2. यथार्थवाद के अनुरूप होनेवाला; 3. यथार्थवाद के सिद्धान्तों का समर्थक।	বাস্তৱবাদী, যথাৰ্থবাদী; যথাৰ্থবাদী, বাস্তৱবাদী; বাস্তৱবাদী, যথাৰ্থবাদী	बास्तववादी, जथार्थवादी; जथार्थवादी, बास्तववादी; बास्तववादी, जथार्थवादी	pertaining to realism; in accordance with realism; realist.
यथावत्	क्रि. वि.	1. जैसा होना चाहिए वैसा; 2. अच्छी तरह से।	ঠিক, যথাবত্; ঠিক মতে, উচিত মতে	ठिक, जथावत्; ठिक मते, उचित मते	exactly as it should be; duly, properly, rightly.
यथा विधि	क्रि. वि.	निश्चित की अथवा बतलाई हुई विधि के अनुसार।	যথাবিধি, যথানিয়মে	जथाबिधि, जथानियमे	according to proper method, according to rule.
यथाशक्ति	क्रि. वि.	सामर्थ्य के अनुसार।	শক্তি অনুসৰি, যথাশক্তি	शक्ति अनुसरि, जथाशक्ति	to the best of (one's) ability, as far as possible.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यथाशक्य	क्रि. वि.	दे. 'यथाशक्ति'।	শক্তি অনুসৰি, যথাশক্তি	शक्ति अनुसरि, यथाशक्ति	see 'यथाशक्ति'.
यथाशास्त्र	क्रि. वि.	जो कुछ शास्त्रों में बतलाया गया हो उसी के अनुसार।	শাস্ত্ৰমতে	शास्त्रमते	according to the Sastras or sacred codes of law, according to scripture, as the law ordains, according to the precept of science.
यथाशीघ्र	क्रि. वि.	जितनी शीघ्र संभव हो।	যথাশীঘ্ৰে	जथाशीघ्रे	as quickly as possible.
यथासम्भव	क्रि. वि.	जहां तक हो सके।	যথা সম্ভৱ, খুব সম্ভৱ	जथा सम्भव, खुब सम्भव	accordant with possibility, as far as possible.
यथासमय	क्रि. वि.	1. ठीक या नियत समय आनेपर;	ঠিক সময়ত, সময় মতে, যথাসময়ত;	ठिक समयत, समय मते, जथासमयत;	at the proper time;
		2. जब जैसा समय हो, तब उसके अनुसार।	যথা সময়ত, সময় মতে	जथा समयत, समय मते	according to time or circumstances.
यथासाध्य	क्रि. वि.	दे. 'यथाशक्ति'।	সাধ্যমতে, শক্তি অনুসৰি	साध्यमते, शक्ति अनुसरि	see 'यथाशक्ति'.
यथास्थान	क्रि. वि.	अपने उचित या उपयुक्त स्थान पर।	ঠিক ঠাইত, যথা স্থানত	ठिक ठाइत, जथा स्थानत	in proper place.
यथास्थिति	क्रि. वि.	जब जैसी स्थिति हो, तब उसी के अनुसार।	পৰিস্থিতি অনুসাৰে	परिस्थिति अनुसारे	according to circumstances.
यथेच्छ	वि.	इच्छा के अनुसार।	যথেচ্ছ, ইচ্ছামতে, যথেচ্ছ ভাৱে	जथेच्छ, इच्छामते, जथेच्छ भावे	according to wish or desire.
यथेष्ट	वि.	1. इच्छा के अनुसार;	ইচ্ছা অনুসাৰ;	इच्छा अनुसार;	according to wish or desire;
		2. उतना जितने की इच्छा हो।	যথেষ্ট, যিমান লাগে সিমান	जथेष्ट, जिमान लागे सिमान	as much as may be wanted.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यथोचित	वि.	जैसा उचित या मुनासिब हो वैसा।	যথোচিত, উচিত মতে	जथोचित, उचित मते	accordant with fitness or propriety or equity, as is right or befitting.
यथोपयुक्त	वि.	जैसा उपयुक्त अथवा उचित हो।	যথোপযুক্ত	जथोपयुक्त	as is proper or befitting.
यदा-कदा	क्रि. वि.	कभी-कभी।	কেতিয়াবা, এতিয়াবা, কেতিয়াবা	केतियावा, एतियावा, केतियावा	whenever, now and then.
यदि	अव्य.	अगर, अमुक अवस्था हो तो।	যদি	जदि	if, in case.
यदृच्छया	क्रि. वि.	1. अचानक;	অকস্মাত্, হঠাত্;	अकस्मात्, हठात्;	accidently, spontaneously;
		2. दैवयोग से।	ভাগ্যক্রমে	भाग्यक्रमे	by chance.
यदृच्छा	स्त्री.	1. स्वेच्छाचार;	স্বেচ্ছাচাৰ, নিজ ইচ্ছা;	स्वेच्छाचार, निज इच्छा;	acting as one likes, self-will;
		2. आकस्मिक संयोग।	আকস্মিকতা	आकस्मिकता	chance, accident.
यद्यपि	अव्य.	अगर ऐसा है, भी।	যদ্যপি, যদিও	जद्यपि, जदिओ	even if, although, though.
यम	पुं.	1. भारतीय आर्यों के एक प्रसिद्ध देवता जो मृत्यु के देवता माने जाते हैं;	যম ৰজা;	जम रजा;	the god of death in Hindu mythology;
		2. मन, इन्द्रिय आदि को वश या रोक में रखना;	সংযম;	संजम;	self-restraint, self-control;
		3. जुड़वां।	যঁজা	जँजा	twin.
यमक	पुं.	साहित्य में एक शब्दालंकार जिसमें एक शब्द भिन्न अर्थों में दो बार आए।	যমক	जमक	(rhet.) repetition in the same stanza (in any part of it) of words or syllables similar in sound, but different in meaning.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यमज	वि., पुं.	जुड़वां; जुड़वां बच्चे।	যঁজা; যঁজা সন্তান	जँजा; जँजा सन्तान	twin-born; twins.
यमदूत	पुं.	यमराज का दूत।	যম দূত	जम दूत	Yam's (god of death) messenger or minister.
यमल	वि. पुं.	जुड़वां। जोड़ा।	জোঁট লগা, যঁজা যোৰ	जोंट लगा, जँजा जोर	twin. pair, couple.
यमलोक	पुं.	वह लोक जहां मरने के उपरांत मनुष्य जाते हैं।	যমলোক, যমৰাজ্য	जमलोक, जमराज्य	Yam's world, the region of Yam (the world of death).
यव (यवक)	पुं.	जौ नामक अन्न।	য-ধান	ज-धान	barley corn.
यवन	पुं.	प्राचीन भारत में यूनान से आये हुए लोगों की संज्ञा।	যৱন	जवन	(ancient India) Greek.
यवनिका	स्त्री.	रंगमंच का परदा।	যৱনিকা, আঁৰ কাপোৰ	जवनिका, आँर कापोर	curtain.
यश	पुं.	कीर्ति, प्रशंसा।	যশ, সুনাম, খ্যাতি	जश, सुनाम, ख्याति	glory, splendour, name, praise, reputation.
यशस्कर	वि.	यशदायक।	যশস্কৰ	जशस्कर	causing renown, conferring fame or distinction.
यशस्विनी	स्त्री., वि.	जिसका खूब यश हो।	যশস্বিনী, খ্যাতিমতী	जशस्विनी, ख्यातिमती	lady of renown or distinction, renowned or celebrated (female).
यशस्वी	वि.	जिसका यश चारों ओर फैला हो।	যশস্বী, বিখ্যাত	जशस्वी, विख्यात	famous, renowned, celebrated.
यष्टि	स्त्री.	1. छड़ी; 2. टहनी, शाखा।	লাঠী, লাখুটি; ডাল, শাখা	लाठी, लाखुटि; डाल, शाखा	stick, staff; branch, twig.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यष्टिका	स्त्री.	हाथ में रखने की बड़ी या छोटी लाठी।	লাখুটি	लाखुटि	staff, stick.
यह	सर्व., वि.	1. एक सर्वनाम जिसका प्रयोग वक्ता और श्रोता को छोड़कर निकट के और सब मनुष्यों तथा पदार्थों के लिए होता है;	ই, এওঁ (পুং), এই (স্ত্রী);	इ, एओं (पुं), एइ (स्त्री);	this (person), he, she, it;
		2. जो वर्तमान या समीप हो या जिसका अभी-अभी उल्लेख किया गया हो।	ই, এইটো	इ, एइटो	this.
यहाँ	क्रि. वि.	इस स्थान पर।	ইয়াত	इयात	in this place, here, hither.
यही	वि.	निश्चित रूप से यह।	ইয়াতে, এই ঠাইতে	इयाते, एइ ठाइते	this very, this same, the very same (person or thing).
यांत्रिक	पुं. वि.	1. मशीनों का रहस्य जाननेवाला और उनकी मरम्मत करनेवाला;	যন্ত্ৰ মেৰামত কৰোঁতা, মেকানিক;	जन्त्र मेरामत करोंता, मेकानिक;	mechanic;
		2. यंत्र से संबंधित;	যান্ত্ৰিক, যন্ত্ৰ সম্পৰ্কীয়;	जान्त्रिक, जन्त्र सम्पर्कीय;	relating to instrument or machines;
		3. यंत्रवत् चलनेवाला।	যান্ত্ৰিক, যন্ত্ৰৰ দৰে চলা	जान्त्रिक, यन्त्रर दरे चला	working like a machine.
यांत्रिकी	स्त्री.	वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें अनेक प्रकार के यंत्र बनाने, चलाने, सुधारने आदि के उपायों तथा रीतियों का विवेचन होता है।	যন্ত্ৰবিদ্যা, মেকানিক্স	जन्त्रबिद्या, मेकानिक्स	mechanics.
या	अव्य.	विकल्पसूचक शब्द, अथवा।	বা, অথবা	बा, अथबा	or, either.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
याक्ष्मकी	स्त्री.	आधुनिक चिकित्सा की वह शाखा जिसमें विशिष्ट रूप से यक्ष्मा रोग के कीटाणुओं आदि का नाश करने के उपायों और सिद्धान्तों का विवेचन होता है।	যক্ষ্মা চিকিৎসা	यक्ष्मा चिकित्सा	medicinal science etc. concerning tuberculosis.
याग	पुं.	दे. 'यज्ञ'।	'यज्ञ' চোৱাঁ	'यज्ञ' चोवाँ	see 'यज्ञ'.
याचक	वि., पुं.	1. मांगनेवाला;	মগনীয়া;	मगनीया;	beggar;
		2. भिक्षुक।	ভিক্ষু, ফকিৰ	भिक्षु, फकिर	mendicant.
याचकता	स्त्री.	1. याचक होने की अवस्था या भाव;	ভিক্ষা, মাগন;	भिक्षा, मागन;	begging;
		2. भिक्षावृत्ति।	ভিক্ষাবৃত্তি	भिक्षावृत्ति	mendicancy.
याचना	स्त्री.	कुछ मांगने के लिए किसी से नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना।	মাগন, ভিক্ষা, প্ৰাৰ্থনা	मागन, भिक्षा, प्रार्थना	asking, soliciting, begging, request, entreaty.
याचिका	स्त्री.	वह प्रार्थनापत्र जो न्यायालय के सामने उपस्थित किया जाता है।	আবেদন, গোহাৰি (-পত্ৰ)	आबेदन, गोहारि (-पत्र)	petition, request.
याचित	वि.	जो कुछ मांगा गया हो।	খোজা, আবেদন কৰা	खोजा, आबेदन करा	asked, solicited, prayed for, begged
याजक	पुं.	यज्ञ करनेवाला।	যাজক	जाजक	sacrificer, sacrificing priest, priest officiating at a sacrifice.
याजन	पुं.	यज्ञ की क्रिया।	যাজন, যজ্ঞ কৰণ	जाजन, जज्ञ करण	act of performing or conducting a sacrifice.
यातना	स्त्री.	घोर शारीरिक कष्ट।	যাতনা, যন্ত্ৰনা, কষ্ট	जातना, जन्त्रना, कष्ट	acute pain, agony, torment, torture.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यातायात	पु.	एक स्थान से दूसरे स्थान पर आते-जाते रहने की क्रिया या भाव।	যাতায়াত, অহা-যোৱা	जातायात, अहा-जोवा	going and coming, traffic.
यातुधान	पु.	राक्षस।	ৰাক্ষস	राक्षस	evil spirit, demon or devil.
यात्रा	स्त्री.	एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया।	যাত্ৰা	जात्रा	journey, travel.
यात्रा-भत्ता	पु.	यात्रा करने के बदले अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को मिलनेवाला भत्ता।	ভ্ৰমণ-বানচ	भ्रमण-बानच	travelling allowance.
यात्रिक	पु., वि.	1. यात्रा करनेवाला व्यक्ति;	যাত্ৰী;	जात्री;	traveller;
		2. यात्रा संबंधी।	যাত্ৰা বা ভ্ৰমণ সম্বন্ধীয়	जात्रा वा भ्रमण सम्बन्धीय	relating to a travel or journey.
यात्री	पु.	वह जो यात्रा कर रहा हो, मुसाफिर।	যাত্ৰী, ভ্ৰমণকাৰী	जात्री, भ्रमणकारी	one who is on a journey, traveller.
याद	स्त्री.	1. स्मरण करने की क्रिया या भाव;	স্মৰণ, সোঁৱৰণ;	स्मरण, सोंवरण;	remembrance, recollection;
		2. स्मरणशक्ति।	স্মৰণশক্তি	स्मरणशक्ति	memory.
यादगार	स्त्री.	स्मृतिचिह्न।	স্মৃতিচিন, সৌধ	स्मृतिचिन, सौध	monument, memorial.
याददाश्त	स्त्री.	स्मरणशक्ति।	স্মৰণশক্তি	स्मरणशक्ति	memory.
यान	पु.	वह उपकरण या साधन जिस पर सवार होकर यात्रा की जाती है अथवा माल ढोया जाता है।	যান, বাহন	जान, बाहन	conveyance or vehicle of any kind, carriage, chariot, wagon, car, etc.
यानी (याने)	अव्य.	अर्थ या आशय यह है कि, अर्थात्।	অৰ্থাৎ, মানে	अर्थात्, माने	that is to say, viz., i.e.
यापन	पु.	व्यतीत करना, बिताना (समय)।	যাপন, (সময়) কটোৱা	जापन, (समय) कटोवा	spending or passing (time).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
यापना	स्त्री.	वह धन जो किसी को जीविका-निर्वाह के लिए दिया जाए।	জীৱিকা নিৰ্ব্বাহৰ কাৰণে দিয়া ধন	जीविका निर्व्वाहर कारणे दिया धन	(money paid for) maintenance.
याम	पु.	तीन घंटे का समय।	তিনি ঘন্টা (পৰিমাণৰ) সময়	तिनि घन्टा (परिमाणर) समय	period or watch of three hours.
यामिनी	स्त्री.	रात्रि, रात।	নিশা, ৰাতি	निशा, राति	night.
यायावर	वि.	वह जो एक स्थान पर टिक कर न रहता हो।	যাযাবৰ, অঘৰী	जाजाबर, अघरी	frequently travelling, vagrant, having no fixed abode.
	पु.	साधु, संत।	সাধু, সন্ত	साधु, सन्त	mendicant, saint.
यार	पु.	1. मित्र, दोस्त; 2. किसी स्त्री के विचार से उसका प्रेमी या उपपति।	বন্ধু, মিত্ৰ; প্ৰেমিক, উপপতি	बन्धु, मित्र; प्रेमिक, उपपति	friend; paramour.
याराना	पु.	मित्र (यार) होने की अवस्था, धर्म या भाव, पर-स्त्री और पर-पुरुष का अनुचित संबंध।	মিত্ৰতা, বন্ধুতা, অবৈধ সম্বন্ধ, গুপ্ত প্ৰণয়, ফুল-চুৰি	मित्रता, बन्धुता, अबैध सम्बन्ध, गुप्त प्रणय, फुल-चुरि	friendliness, friendship, illicit relations.
	वि.	मित्र का जैसा।			friendly.
यारी	स्त्री.	मित्र (यार) होने की अवस्था या भाव।	মিত্ৰতা, বন্ধুতা	मित्रता, बन्धुता	friendship.
युक्त	वि.	1. किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ;	যুক্ত, লগলগা;	जुक्त, लगलगा;	joined, united, connected, attached;
		2. सम्मिलित।	সন্মিলিত	सन्मिलित	combined, included.
युक्ति	स्त्री.	1. उपाय, तरकीब;	উপায়, বুদ্ধি;	उपाय, बुद्धि;	means, contrivance, device;
		2. तर्क;	তৰ্ক, হেতু, যুক্তি;	तर्क, हेतु, जुक्ति;	argument, reason;
		3. युक्त होने की अवस्था या भाव।	যুক্ত অৱস্থা বা ভাৱ	जुक्त अवस्था बा भाव	union, junction, combination.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
युक्तिकर	वि.	उपयुक्त तर्क के अनुकूल, ठीक।	যুক্তিযুক্ত	जुक्तिजुक्त	in accordance with reason, proper, fit.
युक्तियुक्त	वि.	युक्तिपूर्ण, उचित।	যুক্তিপূৰ্ণ, যুক্তিযুক্ত	जुक्तिपूर्ण, जुक्तियुक्त	argumentative, proper, fit.
युग	पुं.	1. काल, समय; 2. पुराणानुसार काल का एक दीर्घ परिमाण।	কাল, যুগ, সময়; দ্বাপৰ, কলি আদি পৌৰাণিক যুগ	काल, जुग, समय; द्वापर, कलि आदि पौराणिक युग	period, time; age of the world according to Puranas.
	वि.	जो गिनती में दो हो।	যোৰ, যুগল	जोर, जुगल	pair, couple.
युगद्रष्टा	पुं.	युग की समस्याओं और उसके हल को स्पष्ट रूप से सोचने-समझनेवाला व्यक्ति, अतः युग का महापुरुष।	যুগ-মানৱ, যুগশ্ৰেষ্ঠ পুৰুষ	जुग-मानव, जुगश्रेष्ठ पुरुष	seer of the age, hence a great man.
युगधर्म	पुं.	कोई ऐसा काम जो किसी विशिष्ट युग में प्रायः सभी लोग साधारण रूप से करते हों।	যুগধৰ্ম্ম	जुगधर्म्म	standard of the age, order of the day.
युगपत्	अव्य.	एक ही समय में, साथ-साथ।	যুগপত্, একেলগে	जुगपत, एकेलगे	simultaneously, all at once, all together, at the same time.
युगपुरुष	पुं	अपने समय का बहुत बड़ा महापुरुष।	যুগ-মানৱ	जुग-मानव	man of the age.
युगल	वि. पुं.	युग्म, जोड़ा।	যোৰ, যুগল	जोर, जुगल	pair, couple.
युगांत	पुं.	1. प्रलय;	মহা প্ৰলয়;	महा प्रलय;	destruction of the universe;
		2. युग का अंतिम काल या समय।	যুগৰ শেষ সময়	जुगर शेष समय	the end of an age.
युगांतर	पुं.	प्रस्तुत युग के उपरांत आनेवाला दूसरा युग।	যুগান্তৰ, পৰৱৰ্ত্তী যুগ	जुगान्तर, परवर्त्ती जुग	succeeding epoch.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
युगावतार	पुं.	युग का अवतारी महान पुरुष।	যুগাৱতাৰ যুগ-পুৰুষ, যুগ-মানৱ	जुगावतार, जुग-पुरुष, जुग-मानव	great man of the age.
युग्म	पुं.	जोड़ा, ऐसी दो वस्तुएं जो प्रायः साथ आती या रहती हों।	যোৰা, যুগল, যুগ্ম	जोरा, जुगल, जुग्म	pair, couple.
युग्मज	पुं.	एक साथ एक ही गर्भ से उत्पन्न होनेवाले दो जीव।	যমজ, যঁজা	जमज, जँजा	twin.
	वि.	(ऐसे दो) जो एक साथ उत्पन्न हुए हों।	যমজ, যঁজা	जमज, जँजा	twin-born.
युत	वि.	देखें 'युक्त'।	'যুক্ত' চোৱাঁ	'युक्त' चोवाँ	see 'युक्त'.
युद्ध	पुं.	किसी प्रकार के साधन से आपस में होनेवाली लड़ाई।	যুদ্ধ, ৰণ	जुद्ध, रण	war, battle etc.
युद्धकारी	वि.	जो किसी से युद्ध कर रहा हो अथवा किसी युद्ध में किसी पक्ष से सम्मिलित हो।	যুদ্ধকাৰী, যুঁজাৰু	जुद्धकारी, जुँजारु	making war, fighting.
युद्धपोत	पुं.	वह बहुत बड़ा समुद्री जहाज जिस पर से सैनिक युद्ध करते हैं।	যুদ্ধপোত, ৰণতৰী	जुद्धपोत, रणतरी	warship.
युद्धबंदी	स्त्री.	1. युद्ध का रुकना, युद्ध-विराम।	যুদ্ধ-বিৰতি;	जुद्ध-बिरति;	ceasefire.
	पुं.	2. लड़ाई का कैदी।	যুদ্ধবন্দী, যুদ্ধৰ বন্দী	जुद्धबन्दी, जुद्धर बन्दी	prisoner of war.
युद्धभूमि	स्त्री.	लड़ाई का मैदान, रणक्षेत्र।	ৰণথলী, যুদ্ধক্ষেত্ৰ	रणथली, जुद्धक्षेत्र	battle ground, field of battle.
युद्ध विराम	पुं.	चलता हुआ युद्ध इस उद्देश्य से रोकना कि दोनों पक्ष आपस में संधि की बातचीत कर सकें।	যুদ্ধ-বিৰতি	जुद्ध-बिरति	ceasefire.
युद्धोन्मत्त	वि.	जो युद्ध करने के लिए उतावला हो रहा हो।	ৰণোন্মাদ, যুদ্ধোন্মাদ	रणोन्माद, जुद्धोन्माद	mad for war.
युयुत्सु	वि.	जिसके मन में युद्ध करने की इच्छा हो।	যুঁজাৰু, যুযুৎসু	जुँजारु, जुजुत्सु	desirous of fighting, eager for battle.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
युवक	पु.	नौजवान व्यक्ति, विशेषतः 16 से 35 वर्ष के बीच की अवस्था का व्यक्ति।	ডেকা, যুবক	डेका, जुवक	youth.
युवती	स्त्री.	जवान स्त्री।	গাভৰু, যুৱতী	गाभरु, जुवती	young woman, damsel.
युवराज	पु.	वह सबसे बड़ा राजकुमार जो अपने पिता के राज्य का वास्तविक अधिकारी होता है।	যুবৰাজ	जुबराज	heir-apparent, crown-prince.
युवराज्ञी	स्त्री.	राजकुमारी।	ৰাজকুমাৰী	राजकुमारी	princess.
युवा	वि.	जवान, जिसकी अवस्था सोलह से लेकर पैंतीस वर्ष तक के अन्दर हो।	ডেকা, যুবা	डेका, जुबा	young (between the age of 16 and 35 years.).
यूं	अव्य.	यों, इस प्रकार।	যেনে, উদাহৰণ স্বৰূপে	जेने, उदाहरण स्वरूपे	thus, in this manner.
यूथ	पु.	1. समूह, झुंड;	জাক, দল;	जाक, दल;	flock, herd (of birds, animals etc.);
		2. सेना की टुकड़ी।	সৈন্যৰ দল	सैन्यर दल	band or company of army.
यूथपति	पु.	1. झुंड या दल का नेता;	দলপতি;	दलपति;	leader or head of a flock or herd;
		2. सेना की टुकड़ी का अधिकारी।	সৈন্যাধিপতি, সেনাপতি, সৈন্যাধ্যক্ষ	सैन्याधिपति, सेनापति, सैन्याध्यक्ष	captain or commander of a company or band of army.
ये	सर्व., वि.	1. निर्दिष्ट समीपस्थ वस्तुएं या व्यक्ति;	এইবোৰ, এইবিলাক;	एइबोर, एइबिलाक;	these;
		2. दो या अधिक समीपस्थ वस्तुओं का बोध कराने के लिए प्रयुक्त होनेवाला विशेषण।	এইবোৰ, এইবিলাক	एइबोर, एइबिलाक	they.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	असमिया पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
